वर्ष : 06 अंक : 354
बोकारो
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया
रविवार, 30 जून 2024
RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन

Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net




1 जुलाई 2024 से देश में लागू होने वाले नए कानूनी प्रावधानों को जानें

## सजग नागरिक बनें

# न्याय की नई परिभाषा





**श्री चम्पाई सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

आप कहीं से भी किसी भी थाने में **जाकर FIR दर्ज करवा सकते हैं,** वहां से संबंधित थाने में इसे भेज दिया जाएगा। **आप ऑनलाइन या ई-मेल से भी प्राथमिकी दर्ज करवा सकते हैं।**

प्राथमिकी के बाद **अनुसंधान में क्या प्रगति हुई है, इसकी जानकारी जांच अधिकारी को पीड़ित या सूचक को देनी होगी।** पहले थाने में जाकर जानकारी लेनी पड़ती थी।

**संगठित अपराध, झपटमारी और मॉब लिंचिंग को भी नए अपराध में शामिल किया गया है।** छोटे अपराधों के लिए सीधे जेल की जगह आरोपी से सामाजिक/सामुदायिक सेवा करने का भी दण्ड दिया जा सकता है।

पहले जहां अपराध के बाद केवल दण्ड आधारित न्याय व्यवस्था थी, वहीं **अब दण्ड की जगह न्याय व्यवस्था पर जोर है** यानी दण्ड ही केवल ना हो, यह ज्यादा महत्वपूर्ण हो कि पीड़ित को न्याय भी मिले।

18 साल से कम आयु की महिला के साथ **सामूहिक दुष्कर्म के अपराधियों को मृत्युदण्ड भी दिया जा सकता है।** जबकि 18 साल से अधिक आयु की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के अपराधियों को 20 साल से आजीवन कारावास तक की सजा दी जा सकती है।

नए कानूनी प्रावधानों के अनुसार, **महिला से विवाह करने के झूठे वचन देकर शारीरिक संबंध बनाने के दोषी के लिए अब 10 वर्ष तक की सजा है।** दुष्कर्म पीड़िता का मेडिकल रिपोर्ट अब चिकित्सक को 7 दिन के भीतर देने होंगे।

नए कानूनी प्रावधानों में बालक (child) को परिभाषित किया गया है जो IPC में नहीं था। **महिला एवं बालकों के विरुद्ध अपराध को लिंग तटस्थ (Gender Neutral) बना दिया गया है, इसमें उभयलिंगी (Transgender) को भी सम्मलित किया गया है।**

**आपराधिक न्याय प्रणाली की दिशा में तीन नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) लागू होंगे... ये कानून भारतीय दंड संहिता (IPC), दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर लागू होंगे।**

इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के व्यापक इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, **इसमें ऑडियो-वीडियो संसाधनों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक सूचना माध्यम का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।**

समन, तामिला का सबूत, दस्तावेजी समन के लिए इलेक्ट्रॉनिक सूचना माध्यम का प्रयोग एवं **साक्ष्य केवल लिखित नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक साधनों जैसे: ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग कर रखा जा सकेगा।**

तलाशी या जब्ती की प्रक्रिया में **ऑडियो-वीडियो संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।** इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख या रिकॉर्ड को विधिक दस्तावेज के रूप में मान्यता होगी।

फोरेंसिक जांचकर्ता को **अपराध स्थल पर जाकर साक्ष्य संकलन करने की बाध्यता होगी।** चिकित्सक अभियुक्त का जैविक परीक्षण कर चिकित्सीय साक्ष्य एकत्रित करेंगे।

नए कानूनी प्रावधानों के तहत अब **कम समय में अनुसंधान और न्यायिक प्रक्रिया सम्पन्न करने की व्यवस्था है।**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# व्यवसायियों ने निकाला विरोध मार्च

संवाददाता

**रांची।** रांची के डीपी ज्वेलर्स में हुई लूट की घटना को लेकर सोना चांदी व्यवसायी समिति के बैनर तले शहर के व्यवसायियों ने शनिवार को विरोध मार्च निकाला। साथ ही घटना के विरोध में शहर के सभी ज्वेलरी दुकानें बंद रखी । सभी व्यवसायी अपर बाजार स्थित गांधी प्रतिमा के पास जुटे और विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर शहर भर में मार्च किया। व्यवसायियों ने घटना का विरोध किया और रांची पुलिस को दो दिनों के अंदर अपराधियों को गिरफ्तार करने का अल्टीमेटम दिया।

सोना चांदी व्यावसायी समिति के रवि कुमार सिंकु ने कहा कि शहर में दो बड़ी



लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया है । इससे पहले रांची के पंडरा इलाके में एक ज्वेलर्स से लूट हुई थी और उसमें शामिल अपराधी अभी तक पकड़े नहीं गए हैं, वहीं अब एक और लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। जिला प्रशासन पूरी तरह से फेल है। जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए।

## दो सब इंस्पेक्टर सहित सात पुलिसकर्मी सस्पेंड

रांची। जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के पास स्थित डीपी ज्वेलर्स में हुई लूटकांड मामले में शनिवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले जगन्नाथपुर थाना के दो सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार और शैलेंद्र सिंह सहित सात पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। इसमें वायरलेस पुलिसकर्मी भी शामिल है। इसके अलावा बाकी जमादार और सिपाही स्तर के पुलिसकर्मी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के पास स्थित डीपी ज्वेलर्स में अपराधियों ने एक करोड़ 40 लाख रुपये के जेवरात और तीन लाख रुपये नगद लूटकर फरार हो गए थे। इस दौरान जेवर दुकान के मालिक ओम वर्मा को लूट के दौरान अपराधियों ने गोली मार दी थी।

वहीं, दूसरी ओर विरोध मार्च में शामिल कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा ने कहा कि लूट की घटना में शामिल अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने आश्वासन दिया है।


उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के पास स्थित डीपी ज्वेलर्स में शुक्रवार की शाम अपराधियों ने लगभग एक करोड़ 40 लाख रुपये के जेवरात लूटकर फरार हो गए। इस दौरान अपराधियों ने ज्वेलरी शॉप के मालिक ओम वर्मा को भी गोली मार दी थी, उनका इलाज चल रहा है।

## तीन नए कानूनों पर न्यायिक अधिकारियों ने की गहन चर्चा

संवाददाता

**रांची।** देश में एक जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) लागू होने वाले हैं। रांची के जज कॉलोनी स्थित मल्टी पर्पस हॉल में झारखंड न्यायिक अकादमी के दिशा-निर्देश पर शनिवार को बैठक कर इन तीनों आपराधिक कानून पर गहन चर्चा की गयी।

इस बैठक की अध्यक्षता रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने की। बैठक में उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारियों को 10 अलग-अलग समूहों में बांटा गया था और



सभी को नये कानून से संबंधित एक-एक खंड दिया गया था। इस पर न्यायिक पदाधिकारियों ने गहन मंथन किया और उक्त विषय पर अपने-अपने मंतव्य देकर एक-दूसरे से जानकारी साझा की।

इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय के दो महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी चर्चा की गयी, जिनमें टरसेम लाल बनाम डायरेक्टोरेट इंफोरसमेंट और जलंधर जोनल ऑफिसर और बाबू साहेबागौड़ा बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटक है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री से मिले पोटका विधायक



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को बूटी रोड, मोरहाबादी रांची स्थित आवास में पोटका विधायक संजीव सरदार ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को विधायक संजीव सरदार ने पोटका विधानसभा क्षेत्र के जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निराकरण का आग्रह किया। मुख्यमंत्री से उन्होंने पूर्वी सिंहभूम जिले में सर्वेक्षण के आधार पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के संवर्द्धकरण के लिए चिह्नित विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के माचेत और मास्टर चयन प्रक्रिया में आ रही विसंगतियों को दूर करने का भी निवेदन किया है। मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं को प्राथमिकता के तौर पर निदान किए जाने का भरोसा उन्हें दिया है।

### हेमंत और कल्पना सोरेन से मिले शमशेर आलम

**रांची।** जेल से बाहर आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का स्वागत करने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम भी श्री सोरेन के आवास पहुंचे और पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर श्री सोरेन की धर्मपत्नी और गांडेय विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थिति थीं। इस मौके पर श्री आलम ने कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है और भारतीय संविधान ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि निर्दोष के साथ कभी अन्याय नहीं होगा। उन्होंने इस बात के लिए भी श्री सोरेन की सराहना की कि जेल में रहकर भी उन्होंने अपने झामुमो परिवार को एकजुट बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। श्री आलम ने श्रीमती सोरेन का भी साधुवाद किया कि पति के जेल जाने के बाद भी उन्होंने मजबूती के साथ सांप्रदायिक ताकतों का डटकर मुकाबला किया और झारखंडी एकता को बिखरने नहीं दिया।

### राज्य के सरकारी सेवकों को 15 जुलाई तक देना होगा संपत्तियों का विवरण

रांची। राज्य सरकार के सभी सरकारी सेवकों (ग्रुप डी को छोड़कर) को अपनी चल-अचल संपत्तियों का विवरण देना होगा। कार्मिक विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि सरकारी सेवकों को एचआरएमएस पोर्टल के जरिए 15 जुलाई तक संपत्तियों का विवरण जमा करना अनिवार्य है। पांच साल की परफॉरमेंस रिपोर्ट भी जमा करनी होगी। राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22, एवं 2022-23 का परफॉरमेंस स्वमूल्यांकन प्रतिवेदन जमा करना होगा। इसमें प्रतिवेदक पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून रखी गयी है जबकि समीक्षी पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन मूल्यांकन की अंतिम तिथि 10 जुलाई और स्वीकरण पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन मूल्यांकन की अंतिम तिथि 20 जुलाई रखी गयी है। सरकारी सेवकों और राज्य सेवा के अफसरों द्वारा तय समय सीमा पर रिपोर्ट जमा नहीं करने पर राज्य सरकार की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ से वे वंचित हो जा सकते हैं। साथ ही प्रमोशन में भी पेंच फंस सकता है। जानकारी के अनुसार सरकार के इस आदेश के बाद सरकारी सेवक और राज्य सेवा के अफसर एचआरएमएस पोर्टल पर विवरण जमा करने में लगे हुए हैं। राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी अधिकारियों को प्रत्येक तीन साल पर यह ब्यौरा जमा करना होता है लेकिन कई अधिकारियों ने राज्य सरकार को अपनी संपत्तियों के बारे में कोई सूचना पिछले कुछ वर्षों से नहीं दी है।

### 1.41 लाख से अधिक मामलों का हुआ निपटारा

**रांची।** सिविल कोर्ट के साथ जिले के अंचल कार्यालयों, सीसीएल में भूमि और राजस्व संबंधित मामले को लेकर आयोजित विशेष लोक अदालत में शनिवार को एक लाख 41 हजार 559 वादों का निपटारा किया गया। इसमें दाखिल खारिज के 23,499 मामले भी शामिल है। साथ ही मौके पर 45 करोड़ 91 लाख 70 हजार 121 रुपए का सेटलमेंट हुआ। मामलों के निष्पादन के लिए 13 बेचों का गठन किया गया था। इसमें दो बेंच न्यायिक पदाधिकारियों का और 11 बेंच कार्यपालक दंडाधिकारियों के लिए बनाया गया था। इसमें भूमि और राजस्व, भूमि अधिग्रहण, विस्थापन, मुआवजा एवं इससे संबंधित अन्य मामलों के त्वरित निष्पादन किया गया। विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्री-लोक अदालत की बैठकें 24 से 28 जून तक चली थी। 25 जून को जिले के सभी अंचल कार्यालय एवं सीसीएल में कैंप लगाया गया था।

### सीबीआई ने एचईसी में दो घंटे तक खंगाले कागजात

**रांची।** सीबीआई की टीम शनिवार को धुर्वा स्थित एचईसी मुख्यालय पहुंची। दो गाड़ियों में सवार होकर पहुंची सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम ने एचईसी के मुख्य कार्यालय में करीब दो घंटे तक कागजात खंगाले। इसके बाद सीबीआई की टीम वापस लौट गयी। सीबीआई की टीम किस मामले को लेकर एचईसी मुख्यालय पहुंची थी, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।हालांकि, बताया जा रहा है कि सीबीआई की टीम फिर से एचईसी मुख्यालय आ सकती है। सीबीआई की टीम जब मुख्यालय पहुंची तो उस समय एचईसी के कोई भी सीनियर अधिकारी ऑफिस में मौजूद नहीं था।

## हेमंत ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची के बिरसा चौक स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी सहित अन्य नेता मौजूद थे। इसके बाद हेमंत ने पार्टी कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। हेमंत सोरेन करीब 10 मिनट तक बिरसा चौक में रहे। इस दौरान राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे कार्यकर्ता मौजूद थे।



## अलकतरा घोटाले के 25 साल पुराने मामले में तीन दोषियों को तीन-तीन साल की सजा

संवाददाता

**रांची।** अलकतरा घोटाला के 25 साल पुराने मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को फैसला सुनाया। मामले के आरोपित तत्कालीन जूनियर इंजीनियर विवेकानन्द चौधरी, कुमार विजय शंकर और विनोद कुमार मंडल को सीबीआई की विशेष कोर्ट ने दोषी पाते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने सभी पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर सभी को तीन-तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।



**ये है पूरा मामला :** यह घोटाला तत्कालीन बिहार सरकार में वर्ष 1992-93 से लेकर 1997 तक जारी रहा। घोटाला प्रकाश में आने के बाद इसकी जांच सीबीआई से कराई गई। सीबीआई ने छह दिसंबर, 1999 को प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ की। जांच पूरी करते हुए सीबीआई ने पांच लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। इनमें दो की मृत्यु ट्रायल के दौरान हो गई। आरोपितों ने 12 सड़क की मरम्मत का कार्य दिखाकर उसी के अनुसार अलकतरा की मांग की। इन्होंने 11 सड़क की मरम्मत का कार्य फाइलों में दिखाकर सरकारी राशि का गबन कर लिया था। लगभग 1500 मिट्रिक टन अलकतरा आइओसीएल से ट्रांसपोर्टर के माध्यम से आरोपितों ने प्राप्त किया। ट्रांसपोर्टर को चालान भी दिया लेकिन स्टाक रजिस्टर में प्राप्ति से काफी कम मात्रा दिखाई गई। इस गबन को छिपाने के लिए एक फर्जी एकाउंट जनवरी 1997 में तैयार किया गया था। इस एकाउंट में न आपूर्ति आदेश और न ट्रक नंबर अंकित था। मामले में ट्रायल फेस कर रहे दो आरोपित आरईओ वर्क्स डिवीजन के तत्कालीन जूनियर विवेकानन्द चौधरी और कुमार विजय शंकर सेवानिवृत हो चुके हैं।

## हर दिन लोग जेल जाते हैं, जमानत मिलती है यह देखना भाजपा का काम नहीं: हिमंत बिस्व

संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को झारखंड पहुंचे। उन्होंने हेमंत सोरेन की जमानत पर कहा कि हर दिन कई लोग जेल जाते हैं और हर दिन कई लोगों को जमानत मिलती है। इसका अकाउंटिंग करना भाजपा का काम नहीं है। यहां तो भ्रष्टाचार चरम पर है। आपराधिक घटनाएं बढ़ीं हैं। पेपर लीक हो रहे हैं।

हिमंत ने कहा कि झारखंड में हुए लोकसभा चुनाव में लोगों ने भाजपा के पक्ष में वोट देकर आखिर क्या मैसेज दिया। लोगों ने बताया कि वह यहां की सरकार से खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि संथाल में घुसपैठ और लव जिहाद को रुकवाना भाजपा की प्राथमिकता है। कोई गलत तरीके से घुसपैठ कर यहां की आदिवासी लड़कियों से शादी ना करे। इसे रोकना है। भाजपा के मेनिफेस्टो में इस मुद्दे को शामिल



किया जायेगा। रांची पहुंचते ही हिमंत बिस्व सरमा ने दुमका लोकसभा सीट से भाजपा की प्रत्याशी रहीं सीता सोरेन के आवास पर उनसे मुलाकात की। हिमंत के साथ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश मौजूद थे। इसके बाद उन्होंने लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार रहे समीर उरांव से भी मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि सीता सोरेन ने अपनी हार के लिए भाजपा के बड़े नेताओं और विधायक को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने भाजपा की पूर्व मंत्री लुईस मरांडी और सारठ विधायक रणधीर सिंह पर विश्वासघात करने का आरोप लगाया था। सीता सोरेन ने कहा था कि चुनाव में भाजपा के संगठन की जो मजबूती है, वह देखने को नहीं मिली।

## शराब के साथ एक गिरफ्तार



संवाददाता

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मनीष कुमार है, वह बिहार के नालंदा का रहने वाला है। रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार ने शनिवार को बताया कि आरपीएफ पोस्ट हटिया और फ्लाइंग टीम ने जांच के दौरान हटिया रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति को प्लेटफॉर्म पर संदिग्ध तरीके से एक लाल रंग के ट्रॉली बैग के साथ बैठा देखा। ट्रॉली बैग की जांच करने पर 15 शराब की बोतल बरामद किया गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्ति ने बताया कि शराब को वह रांची से खरीदा था और अपने निजी लाभ के लिए अधिक पैसे कमाने के लिए बेचने के लिए ट्रेन संख्या 18623 एक्सप्रेस से पटना (बिहार) जा रहा था। इसी क्रम में वह पकड़ा गया।

## हर योजना में गड़बड़ी, नौकरशाहों और सरकार की मनमानी चरम पर : आजसू

संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी ने सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी और सत्ता व्यवस्था में मनमानी के खिलाफ चौथे दिन शनिवार को भी हल्ला बोल कार्यक्रम जारी रखा। अलग-अलग जगहों पर कार्यकताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की और पब्लिक के काम को लेकर सरकार का ध्यान खींचा।

आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रखंड और अंचल कार्यालयों में नौकरशाही-बिचौलिया गठजोड़ के चलते आम आदमी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अफसरों ने हर काम के लिए रेट फिक्स कर रखा है। अबुआ



आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है और यह योजना बाबूगीरी की भेंट चढ़ रही है। छात्रों को जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अफसरों तथा कर्मचारियों के सामने चिरौरी करनी पड़ती है।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा की तमाम योजनाओं में अनियमितता व्याप्त है। न समय पर राशन मिलता है और न ही जरूरतमंदों को पेंशन। सरकार की किसी भी योजना पर पकड़ नहीं है और सब कुछ झूठे वादे और कोरी घोषणाएं साबित हो रहे हैं। आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि जो सरकार लोगों को पीने का पानी तक मुहैया कराने में विफल है, वह झारखंड का हितैषी होने के दावे करती रही है। लूट और करप्शन का पैसी नीचे से ऊपर तक बंट रहा है और आम आदमी अपने हक अधिकार के लिए पिस रहा है।

## बन्ना गुप्ता ने जेनेटिक अस्पताल मामले में विभागीय जांच के दिए आदेश

### इसके पहले झारखंड हाई कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया है

संवाददाता

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जेनेटिक अस्पताल के अमानवीय कृत्य का संज्ञान लिया है। उन्होंने शनिवार को स्वास्थ्य सचिव को तीन दिनों के अंदर मामले की जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। विभागीय रिपोर्ट के आधार पर जेनेटिक अस्पताल पर कार्रवाई की जायेगी।

इसके पहले झारखंड हाई कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट के जस्टिस आर



मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य सचिव को मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बूटी मोड़ स्थित जेनेटिक अस्पताल में महिला को नवजात शिशु से अलग करते हुए बंधक बनाने का मामला सामने आया था। महिला के पति की शिकायत पर सीआईडी और सदर अस्पताल की टीम ने महिला को अस्पताल से मुक्त कराया था। खूंटी की रहने वाली महिला ने 28 जून को जेनेटिक अस्पताल में नवजात को जन्म दिया था। तीन मई को अस्पताल प्रबंधन ने नवजात बच्चे को पिता को सौंप दिया और सुनीता को अस्पताल में रख लिया। पीड़ित परिवार के पास अस्पताल की फीस चुकाने के लिये पैसे नहीं थे, जिसके बदले में अस्पताल ने महिला को बंधक बना लिया था।

## ट्रैफिक डीएसपी ने चलाया सघन जांच अभियान

संवाददाता

**रांची।** ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद केशरी ने दलबल के साथ मेन रोड स्थित एकरा मस्जिद चौक के पास सघन जांच अभियान चलाया, जिसमें कई दोपहिया चार पहिया बिना हेलमेट और ट्रिपल राईट सहित बिना लाईसंस के ड्राईव करने वाले पकड़े गये। कई वाहनों के मौके पर ही फाईन काटे गये तो कई को जब्त कर थाना भेज दिया गया तो कुछ लोगों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। वहीं कम उम्र के लड़कों की कई मोटरसाईकिलें व स्कूटी भी जब्त की गयी। मौके पर डीएसपी खुद मौजूद रहे और अपने पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश देते रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच हड़कंप मच गया काफी देर



तक चली जांच से लोग इधर उधर की गलियों से भागते नजर आये। तो कई पकड़े गये वाहन चालक पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते देखे गये। वहीं पुलिस की इस जांच अभियान की लोगों ने सराहना की तो वहीं कई लोगों को पुलिस समझाते हुए भी नजर आयी। डीएसपी न पकड़े गये कार चालकों से भी कहा कि वह सीट बेल्ट लगा कर ही गाड़ी चलायें, और इधर उधर पार्किंग नहीं करें, वहीं दो पहिया चालकों से भी कहा कि बगैर ड्राईविंग लाईसंस बिना हेलमेट और बिना कागजात के गाड़ी नहीं चलाये वरना ऐसे लोगों के खिलाफ वाहन जब्त कर सख्त

### रातू में भी चला वाहन चेकिंग अभियान

इधर ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहिया वाहनों की बढ़ती चोरी व अपराध को लेकर जिले के पुलिस कप्तान के निर्देश पर जोरदार वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें दर्जनों दोपहिया वाहन जब्त किये गये। जब्त वाहनों के कई चालकों के पास ना तो ड्राईविंग लाईसंस था और ना ही गाड़ी के पेपर,कुछ लोगों को हेलमेट नहीं पहनने के कारण भी कार्रवाई की गयी।

वर्ष : 06 अंक : 354

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

रविवार, 30 जून 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

Email : jharkhanddarshan405@gmail.com

Website: jharkhanddarshan.net



## एक नजर

### केजरीवाल की सीबीआई हिरासत खत्म, न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तीन दिन की सीबीआई हिरासत शनिवार को खत्म हो गई। इसके बाद आज उन्हें दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया और ड्यूटी जज सुनैना शर्मा ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### विदेश मंत्री जयशंकर आज जाएंगे कतर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 30 जून को कतर का आधिकारिक दौरा करेंगे। यात्रा के दौरान, वह कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि विदेश मंत्री की यात्रा दोनों पक्षों को राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने में सक्षम बनाएगी।

### दो कारों की टक्कर में सात की मौत

**मुंबई।** जालना जिले के कदावंची गांव के पास समृद्धि हाइवे पर बीती रात दो कारों की टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य लोग घायल हो गए। जालना पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। मौके पर जान गंवाने वालों में फैयाज शकील मंसूरी, फैजल शकील मंसूरी, अलमेश मंसूरी ,प्रदीप लक्ष्मण मिसाल (38), संदीप माणिकराव बुधवंत (30) और विलास सूदन कायंदे (28) शामिल हैं। चार घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। इनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# श्योक नदी पार करते समय फंसा सेना का टैंक, पांच जवान शहीद

- लद्दाख में सैन्य अभ्यास करने के बाद आधी रात को लौट रहे थे जवान
- रक्षा मंत्री ने पांच बहादुर जवानों की जान जाने पर शोक व्यक्त किया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** चीन सीमा पर लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास लद्दाख के दौलत बेग ओल्डी इलाके में सैन्य अभ्यास करके लौट रहे पांच जवानों की शुक्रवार रात करीब 1 बजे श्योक नदी पार करते समय मौत हो गई। लद्दाख के न्योमा-चुशूल इलाके में श्योक नदी का जलस्तर बढ़ने से टी-72 टैंक फंस गया और सेना के 5 जवान बह गए। शनिवार को सभी सैनिकों के शव बरामद कर लिए गए। इनमें एक जूनियर कमीशन्ड ऑफिसर (जेसीओ) भी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के पांच बहादुर जवानों की जान जाने पर शोक व्यक्त किया है।

दरअसल, सेना के जवान सैन्य अभ्यास के बाद शुक्रवार देर रात करीब एक बजे टैंक टी-72 टैंक से लौट रहे थे। टैंक पर रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी सवार थे। यह मिलिट्री टैंक पूर्वी लद्दाख के सासेर ब्रांगसा में श्योक नदी पार कर रहा था, तभी पानी का लेवल अचानक बढ़ गया और सभी जवान टैंक सहित नदी में डूबने लगे।

लेह की फायर एंड फ्यूरी 14 कॉर्प्स के मुताबिक यह हादसा एलएसी के चुशूल से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास हुआ। अचानक जलस्तर बढ़ने से जेसीओ और चारों जवान लापता हो गए। शनिवार को जानकारी मिलने पर रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। नदी में तेज बहाव और जलस्तर के कारण जवानों को बचाया नहीं जा सका। पांचों जवानों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जिनकी पहचान रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी के रूप में हुई है।

### रक्षामंत्री ने हादसे पर जताया दुख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि लद्दाख में नदी पार करते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में भारतीय सेना के पांच बहादुर जवानों की जान जाने से मैं बहुत दुखी हूं। हम देश के लिए अपने वीर जवानों की अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

## जेल से बाहर आते ही हेमंत ने भाजपा को दी खुली चुनौती

# विस चुनाव में भी भाजपा का राज्य से होगा सफाया

संवाददाता

रांची। जेल से बाहर निकलने के बाद शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांके स्थित आवास में जेएमएम कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ कोई भी खड़ा ना हो पाये, इसकी जुगत भिड़ाई जा रही है। इसी का परिणाम है कि आज दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में बंद हैं।

विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जानकारी मिल रही है कि राज्य में जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव कराने की योजना बनायी जा रही है। ऐसे में केंद्र सरकार को चुनौती है कि चुनाव की घोषणा जल्द से जल्द करें। राज्य से भाजपा का सफाया कर दिया जायेगा। पार्टी ने संकल्प लिया है कि मनुवादी सामंती सोच को जवाब देंगे। लोकसभा में जवाब मिला है। आगे भी विधानसभा चुनाव में ऐसे लोगों को जवाब दिया जायेगा।



सोरेन ने कहा कि मुझे सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र में फंसाकर पांच महीने तक जेल में रखा गया। झारखंड गरीब-गुरबा राज है। हमें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। इसीलिए मुझे पांच महीने जेल में रहना पड़ा। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने मुझे बाहर निकाला और हमें न्याय मिला। इस पांच महीने में राज्य शायद और आगे बढ़ सकता था। उन्होंने कहा कि उनको हमसे डर है। उनकी समय से पहले झारखंड विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी चल रही है लेकिन मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि यदि वो कल चुनाव कराते हैं तो परसों उनका सफाया हो जायेगा।

हेमंत सोरेन ने कहा कि मोदी सरकार में नीट व यूपीएससी पेपर लीक के साथ ट्रेन व एयरपोर्ट दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन लोगों ने सीरिंज से लोगों का खून चूस लिया है। इन लोगों ने संविधान की कई संस्थाओं को अपनी मुट्ठी में कर लिया लेकिन जनता की अदालत सबसे बड़ी अदालत है। इस दीया को हम कभी नहीं बुझने देंगे। कई ऐसे वीर शहीद हैं, जो हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।

### पूर्वजों के सपने को पूरा करने का करेंगे काम

हेमंत सोरेन ने कहा कि आपके आशीर्वाद से सबसे पहले देश में आदिवासी मुख्यमंत्री बना है। मजबूरन मोदी सरकार को पड़ोसी राज्यों में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाना पड़ रहा है लेकिन वो रबर स्टैंप है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों के सपने को पूरा करने का हम काम करेंगे। साथ ही कहा कि भाजपा वाले विधानसभा चुनाव में जीत का जो सपना देख रहे हैं, वह मुंगेरीलाल के हसीन सपने साबित होंगे। इस राज्य में झारखंडी का ही शासन रहेगा।

### बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हेमंत सोरेन अपने आवास के पास कार्यकताओं को संबोधित करने के बाद करीब 3:25 बजे बिरसा चौक पहुंचे। यहां उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उनकी पत्नी कल्पना सोरेन और राज्यसभा सदस्य महुआ माजी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके बाद हेमंत ने पार्टी कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। वे करीब 10 मिनट तक बिरसा चौक में रहे।

### संजीव लाल की जमानत पर अगली सुनवाई छह को

**रांची।** टेंडर घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की जमानत याचिका पर शनिवार को धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में जवाब दाखिल करने के लिए ईडी ने कोर्ट से समय की मांग की। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने ईडी को समय देते हुए अगली सुनवाई की तिथि छह जुलाई निर्धारित की है। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए छह मई को कई स्थानों पर छापेमारी की थी। संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से ईडी ने 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किए थे जबकि संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से तीन करोड़ रुपये बरामद हुए थे।

## टेंडर कमीशन घोटाले का मामला

# आलम सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

संवाददाता

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। सभी आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को हुई। अब इनकी अगली पेशी 12 जुलाई को होगी।

आरोपितों में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, संजीव लाल, जहांगीर आलम, ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, उनका भतीजा आलोक रंजन, हरीश यादव, नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया और तारा चंद शामिल हैं।

टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने पहली कार्रवाई 21 फरवरी, 2023 को की थी। इस समय ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के कई ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 23 फरवरी, 2023 को ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। मामले में वीरेंद्र राम के करीबी और सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वीरेंद्र राम को रिमांड पर लेकर हुई ईडी की पूछताछ में टेंडर कमीशन में कई लोगों के शामिल होने की जानकारी ईडी को मिली थी।

### एनसीईटी, संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा की नई तारीखों की घोषणा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट nta.ac.in पर जारी एक सार्वजनिक नोटिस में राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एनसीईटी) 2024, संयुक्त वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) जून 2024 चक्र के लिए नई तारीखों की घोषणा की है। एनटीए के अद्यतन कार्यक्रम के अनुसार, एनसीईटी 2024 परीक्षा अब 10 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी। इसके बाद संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट 25 जुलाई से 27 जुलाई 2024 तक आयोजित की जाएगी। यूजीसी नेट जून 2024 परीक्षा 21 अगस्त 2024 से 4 सितंबर 2024 के बीच आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कंप्यूटर आधारित होंगी। यूजीसी नेट, एनसीईटी और संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षाएं, जो मूल रूप से जून के लिए निर्धारित थीं, पेपर लीक और अन्य विसंगतियों के कारण स्थगित कर दी गई थीं। एनटीए ने अब अधिसूचित किया है कि यूजीसी नेट जून 2024, एनसीईटी 2024 और संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी नेट 2024 परीक्षाएं जुलाई से अगस्त के महीनों में आयोजित की जाएंगी।

## भारतीय नौसेना | आईएनएएस 350 में सी किंग 42सी हेलीकॉप्टरों की होगी तैनाती

# 17 साल की सेवा के बाद 'सारस' की विदाई

- आईएनएस डेगा से इस हेलीकॉप्टर ने विदाई के दिन भरी अंतिम उड़ान
- एक हेलीकॉप्टर विशाखापत्तनम में स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने 17 साल तक समुद्री सुरक्षा और निगरानी करने वाले 'सारस' हेलीकॉप्टरों को अंतिम विदाई दे दी है। विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा पर हुए डी-इंडक्शन समारोह के दौरान यूएच-3एच हेलीकॉप्टर ने अंतिम उड़ान भरी। इनकी जगह अब आईएनएएस 350 में सी किंग 42सी हेलीकॉप्टरों को तैनात किया जाएगा। यादगार के रूप में इनमें से एक हेलीकॉप्टर विशाखापत्तनम में प्रमुख स्थान पर स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा, जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा पर विदाई समारोह में 17 साल की शानदार सेवा के बाद यूएच-3एच हेलीकॉप्टर को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना ने की। यूएच-3एच स्क्वाड्रन के अनुभवी अधिकारी और नाविक हेलीकॉप्टर की महान सेवा को याद करते हुए परिवारों के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यूएच-3एच हेलीकॉप्टर की जगह अब आईएनएएस 350 में सी किंग 42सी हेलीकॉप्टरों को तैनात किया जाएगा।

### 'सारस' इतिहास में दर्ज, यादगार सफर का अंत

यादगार विदाई समारोह के जरिए उस यूएच-3एच हेलीकॉप्टर के उल्लेखनीय युग का अंत हो गया, जिसने भारतीय नौसेना में विशेष संचालन और एसएआर मिशनों में अभिनव क्षमताओं की शुरुआत की। लगातार विकसित और गतिशील समुद्री वातावरण में यूएच-3एच की परिचालन भूमिका भारतीय नौसेना विमानन के इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज रहेगी। भारत ने अमेरिका से छह यूएच-3एच हेलीकॉप्टर 2007 में खरीदे थे, जिन्हें नौसेना के जहाज 'जलाश्व' के साथ 24 मार्च, 2009 को विशाखापत्तनम में आईएनएस डेगा पर लाया गया था। भारतीय तटों पर लाए जाने के बाद इन्हें 'सारस' नाम से आईएनएएस 350 में शामिल किया गया था।

### विशेष अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

इस बहुमुखी हेलीकॉप्टर ने मानवीय सहायता और आपदा राहत संचालन, अपतटीय प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और विशेष अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शक्तिशाली 'सारस' हेलीकॉप्टर ने अपनी प्रतिबद्धता को पूरी लगन से निभाया, सतर्क निगरानी बनाए रखी और अटूट समर्पण के साथ हमारे देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की। इसीलिए यादगार के रूप में एक 'सारस' हेलीकॉप्टर को सिटी ऑफ डेस्टिनी (विशाखापत्तनम) में प्रमुख स्थान पर स्थायी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा, जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।







## हिंदी दैनिक झारखंड दर्शन के 6 वर्ष पूरे होने पर झारखंड दर्शन परिवार को बधाई व बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



रतिलाल टुडू

वरीय नेता

झारखंड मुक्ति मोर्चा, धनबाद

## एक नजर

### डीवीसी बोकारो थर्मल से नौ कर्मी हुए सेवानिवृत्त



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट के नौ कर्मचारी शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। इनमें चार्ज हैंड, दक्ष खलासी, संदेशवाहक, सहायक एवं मजदूर शामिल रहे। अवकाश प्राप्त करनेवालों में मो नसीमुद्दीन, प्यारी मुंडा, बाबूलाल मरांडी, मो जुम्मन, बुटो अंसारी, छबुआ तुरी, छेदी तुरी, परमेश्वर राम, महेश्वरी देवी शामिल हैं। सभी अवकाश प्राप्त कर्मियों को डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर, हॉस्पिटल के डीजीएम हेल्थ डॉ संजय कुमार, प्रबंधक एचआर तारीक सईद, अंजू बोपाई ने पावर प्लांट स्थित तकनीकी भवन में समारोह आयोजित कर सभी को विदाई दी। मौके पर हिंदी अधिकारी रवि सिन्हा, शाहिद इकराम मौजूद थे।

### मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बीएलओ व पर्यवेक्षिका के साथ बैठक

**बोकारो।** कसमार के अंचलाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा ने शनिवार को मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर अंचल के सभागार में बीएलओ व पर्यवेक्षिका के साथ बैठक की। इस दौरान सीओ ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। प्रखंड के सभी छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। सभी छूटे हुए मतदाताओं का नाम जुड़े, इसका ध्यान रखना है। सीओ ने क्षेत्र से बाहर रह रहे मतदाताओं के लिए भी अलग से प्रपत्र भरकर जमा करने का निर्देश दिया। बैठक में पर्यवेक्षिका संजुक्ता कुमारी, आरजू परवीन, नीलम जायसवाल समेत अन्य सभी बीएलओ मौजूद थे।

### कसमार में आयुष्मान कार्ड को लेकर हुई बैठक

**बोकारो।** कसमार प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को आयुष्मान कार्ड को लेकर बैठक हुई। बैठक में बीडीओ अनिल कुमार, प्रमुख नियोती कुमारी, स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज, सभी मुखिया, सहिया, सेविका, डीलर, प्रज्ञा केंद्र के संचालक आदि मौजूद थे। बैठक में बीडीओ ने कहा कि प्रखंड के एक भी अहतार्धारी व्यक्ति आयुष्मान कार्ड से वंचित नहीं होना चाहिए। इसके लिए सभी को गंभीरता पूर्वक काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार एक-एक राशन कार्ड धारक से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी मुखिया को भी निर्देश दिया कि अपने-अपने पंचायतों में अहतार्धारियों की सूची बना लें, ताकि कोई भी इससे वंचित न रहे। बीडीओ ने कहा कि जिस राशन कार्ड धारक की मृत्यु हो चुकी है, उसका नाम कटवाने का निर्देश भी डीलरों को दिया। उन्होंने यह भी बताया कि आयुष्मान कार्ड के लिए जो फॉर्म भरा जाएगा, उसके लिए राशन कार्ड में नाम अंग्रेजी में होना चाहिए। इसलिए अगर किसी का नाम हिंदी में है तो वह प्रज्ञा केंद्र में इसमें सुधार करवा लेंगे। इस दौरान बीडीओ ने अन्य कई दिशा-निर्देश भी दिये।

### रैयतों की उपस्थिति में जमीन की हुई मापी



**बोकारो।** बरलंगा-कसमार पथ चौड़ीकरण योजना में जमीन अधिग्रहण के बावजूद बगदा के कुछ रैयतों को मुआवजा राशि नहीं मिलने पर गुरुवार को सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने के बाद शनिवार को बोकारो के एसी के निर्देश पर संबंधित भूमि की मापी कराई गई। कसमार के अंचलाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में अंचल के अमीन विक्रम कुमार ने अन्य सहयोगियों के साथ भूमि की मापी की। मौके पर अंचलाधिकारी ने संबंधित भूमि एवं मौजा का नक्शा के साथ मामले का अवलोकन भी किया। मालूम हो कि बगदा के अजया टोला निवासी गिरिधारी महतो, हराधन महतो, संतोष कुमार प्रजापति, अशोक कुमार प्रजापति आदि ने मुआवजा नहीं मिलने पर गुरुवार को सड़क (कार्यस्थल) पर उतर कर विरोध किया था। मापी के मौके पर बगदा पंचायत के पूर्व मुख्य विष्णु चरण महतो, गोपाल महतो, कामेश्वर महतो, वासुदेव महतो, मनोज महतो आदि मौजूद थे।

### बालीडीह थानाक्षेत्र के दूधीमाटी में महिला का अधजला शव बरामद



**बोकारो।** बोकारो जिले के बालीडीह थाना अंतर्गत राधानगर पंचायत के दूधीमाटी क्षेत्र के एक निमार्णाधीन घर से करीब 30 वर्षीय महिला का अध जला शव शनिवार सुबह पुलिस ने बरामद किया। शव इस कदर जला है कि उसकी पहचान नहीं हो पा रही है। जानकारी के अनुसार शव किष्टो बाउरी के निमार्णाधीन मकान से मिली है। घटना की सूचना पर पहुंचे डीएसपी मुख्यालय अनिमेष कुमार गुप्ता ने बताया कि शव एक दो दिन पुराना है। आसपास के ग्रामीणों से इस शव के संबंध में जानकारी ली जा रही है। ये हत्या का मामला है या कोई हादसा, फिलहाल कुछ बता पाना मुश्किल है। कहा कि पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर इसकी जांच करेगी। इधर, राधानगर पंचायत के बगल स्थित चैनपुर पंचायत के झोपड़ो से एक महिला के लापता होने की सूचना है। इस संबंध में

# सफलता बच्चों की लगन, समर्पण और अभिभावकों के त्याग का परिणाम : सीआरपीएफ डीआईजी

**डीपीएस बोकारो में मेधा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन**

**विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित**



संवाददाता

**बोकारो।** पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से विद्यालय, राज्य व देश का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो में शनिवार को मेधा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में शैक्षिक सत्र 2023-24 के दौरान 10वीं एवं 12वीं के टॉपरों के साथ-साथ विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक पाने वाले तथा समूहवार खेलकूद, वाक-पटुता, पठन-दक्षता, लेखन, कला-संगीत, कंप्यूटर साइंस, पर्यावरण-मैत्री, क्विज, छायांकन, नृत्य, अनुशासन व अन्य क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ रहे कुल 144 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, उक्त सत्र के छात्र परिषद के हेड बॉय व हेड गर्ल को भी सम्मानित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ बोकारो रेंज के उप-महानिरीक्षक (परिचालन) ब्रजेश सिंह अपनी सहधर्मिणी मंजू सिंह के साथ उपस्थित थे। अपने संबोधन में श्री सिंह ने सम्मानित किए गए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता एक दिन का प्रयास नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सतत कठिन परिश्रम, समर्पण, उनकी लगन व निरंतरता तथा उनके अभिभावकों के त्याग का परिणाम है।

यह प्रयास आगे भी जारी रहे, क्योंकि आनेवाले समय में अभी और चुनौतियां आएंगी, जिसे समझना होगा। उन्होंने उपलब्धियों के लिए डीपीएस बोकारो परिवार को बधाई देते हुए यहां आना अपने लिए गर्व का विषय बताया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने डीपीएस बोकारो की शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए मेधा सम्मान समारोह के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यालय हर बच्चे की प्रतिभा को निखारने के लिए कटिबद्ध है। शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ नवाचार व रचनात्मकता को बढ़ावा देकर भावी नेतृत्वकताओं का निर्माण यहां किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों से इसी प्रकार अपने लक्ष्य के प्रति लगनशील बने रहने तथा सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनने का आह्वान किया।

#### मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध

समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। वैदिक मंत्रोच्चार व दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद विद्यार्थियों ने अतिथियों के सम्मान में 'मंगल बेला हर्षित आई...' स्वागत गान के बाद विद्यालय गीत 'आया है नया सवेरा...' की सुमधुर प्रस्तुति दी। स्कूल की वाइस हेड गर्ल हिमानी सिंह ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। जबकि, स्वागत नृत्य में छात्र-छात्राओं ने भगवान विष्णु के दशावतार का सुंदर मंचन किया। वहीं, समारोह के अंतिम चरण में मानवीय मूल्यों को प्रतिबिंबित करती मनोहारी नृत्य-प्रस्तुति रिफ्लेक्शन से छात्राओं ने सबकी भरपूर सराहना बटोरी।

#### जमुना हाउस को सर्वश्रेष्ठ सम्मान

समारोह के दौरान चार अलग-अलग वर्गों में विद्यालय के सदनों को भी पुरस्कृत किया गया। सभी को मिलाकर जमुना सदन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। खेलकूद में चेनाब सदन को बेस्ट हाउस का अवार्ड मिला, तो शिक्षा और संस्कृति में जमुना हाउस को सबसे अच्छा घोषित किया गया। वहीं, बेस्ट हाउस के लिए जमुना को ही चुना गया और मुख्य अतिथि ने हाउस के वार्डन को आरएस लुगानी ट्रॉफी सुपुर्द की। मंच संचालन स्कूल के विद्यार्थी गौरव, अनुष्का, आरुष एवं मानसी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वाइस हेड बॉय सत्यम राज ने किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## बीएसएल से सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गई भावभानी विदाई



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से जून 2024 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग के मेन ऑडिटोरियम में एक विदाई समारोह का आयोजन महाप्रबंधक (मानव संसाधन-सेवाएं) सोनी कुमारी के नेतृत्व में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महा प्रबंधक (सी एवं आईटी) आइ बंकिरा उपस्थित थे। समारोह के आरम्भ में सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी। प्रबंधक (मानव संसाधन) कल्पना ने प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मी का बायोडाटा प्रस्तुत किया।

मुख्य महाप्रबंधक (सी एवं आईटी) आई. बंकिरा ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जून 2024 में बीएसएल से कुल सात अधिशासी तथा 17 अनाधिशासी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने किया।

## उन्नति का पहिया योजना के तहत विधायक ने विद्यार्थियों में बांटीं साइकिलें



संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड सरकार के 'उन्नति का पहिया' साइकिल वितरण शिविर का आयोजन शनिवार को गोमिया प्रखंड मुख्यालय परिसर में किया गया। वित्तीय वर्ष 2023- 24 में कक्षा 8 में अध्यरत विद्यार्थियों के बीच गोमिया प्रंखड मुख्यालय के परिसर में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो जिला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी, प्रमुख प्रमिला चौड़े, प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो, जिला परिषद सदस्य डॉ. सुरेंद्र राज, पशुपालन विभाग चिकित्सक सुरेश प्रसाद की उपस्थिति में 128 साइकिलों का वितरण किया गया। कल्याण विभाग पदाधिकारी दोराए बुरु ने बताया कि सरकारी निशुल्क साइकिल का वितरण वित्तीय वर्ष 2023- 24 कक्षा 8 के उत्क्रमित विधालय सरहचिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमाटांड, उत्क्रमित मध्य विधालय डुमरी, ससबेड़ा मध्य विद्यालय के128 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया और 1700 साइकिलों का अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों को किया जाएगा। गौरतलब है कि अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों को कल्याण विभाग द्वारा और सामान्य वर्ग के बच्चों को शिक्षा विभाग द्वारा निःशुल्क साइकिल दी जाती है। मौके पर मुखिया धनंजय सिंह, पिंटू, विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, राज कुमार यादव, रोजगार सेवक विनय गुरु, युधिष्ठिर कुमार जैन, मंटू कुमार, सोनू, मालती देवी, सुधीर पांडेय, संदीप, छोटू, शिवचरण, उत्तम व विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं अविभावक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नौकरी के नाम पर 50 हजार की ठगी का आरोप



संवाददाता

**बोकारो।** कसमार थाना क्षेत्र के दांतू निवासी नंदकिशोर नायक ने कसमार थाना में आवेदन देकर अपने हीं गांव के कुछ युवकों पर नौकरी लगाने के नाम पर 50 हजार रुपये की ठगी करने की शिकायत की है। उन्होंने आवेदन में बताया है कि गांव के एक व्यक्ति व उनके पुत्र ने एनटीपीसी, हजारीबाग में स्थायी नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख रुपये की मांग की थी। उन्होंने बताया कि वह उनके झांसे में आकर उनके कहे अनुसार 19 जून 2024 को 30 हजार एवं 20 जून 2024 को 20 हजार रुपये हजारीबाग निवासी सुजीत कुमार के नाम से यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर दिया। 21 जून को संजय कुमार नायक ने पुनः एक लाख रुपया जमा करने को कहा। इस पर उन्हें शक हुआ कि वे लोग कहीं ठगी तो नहीं कर रहे। जब रुपया नहीं दिया तो सुजीत कुमार ने फोन पर धमकी दी कि पैसा नहीं देने पर नौकरी नहीं होगी और 50 हजार रुपया भी डूब जाएगा। नंदकिशोर के अनुसार, संजय कुमार नायक तथा उनके पुत्र को इसके बारे में बताया तो वे भी कहने लगे कि ज्यादा होशियार मत बनो। रुपया डूब गया है। दोबारा फोन न करें। उन्होंने आवेदन की प्रतिलिपि बोकारो एसपी को भी भेजी है और मामले में कारवाई करने का आग्रह किया है।

## सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मियों को दी गई विदाई



संवाददाता

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र से सेवानिवृत्त हुए 9 सीसीएल कर्मियों में चेतन गोप, मथुरा बेलदार, मो० नसीम, जगदीश राय, नागेन्द्र पासी, अवतार सिंह, पूरन महतो, मोहन हांसदा को कथारा आफिसर्स कल्ब में शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मियों को सम्मानित कर तथा उपहार भेंट कर विदाई दी गई। विदाई सह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मियों को फूलों का हार पहनाकर स्वागत किया एवं श्री फल व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार ने उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सीसीएल कंपनी मिनी रत्न से महारत्न की ख्याति तक की सफर मजदूरों की महेनत के बदौलत ही तय किया है। इनके अहम योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर एसओपी जयंत कुमार सहित कथारा क्षेत्र के अधिकारी तथा एससी सदस्यों में कामोद प्रसाद, इकबाल अहमद, समशुल हक, पीके जयसवाल, पीके विश्वास, अनुप सोई सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## चिकित्सा प्रभारी ने भस्की विद्यालय में बांटे पोशाक व टोपी



संवाददाता

**बोकारो।** जरीडीह प्रखंड के भस्की स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष), भस्की के चिकित्सा प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी डॉ० अजय कुमार प्रसाद ने अपने निजी मद से स्कूल के लगभग 30 बच्चों के बीच पोशाक व टोपी का वितरण किया। इसके अलावा बच्चों को योग करने के लिए एक दरी भी उपलब्ध करायी। इस अवसर पर डॉ० प्रसाद ने कहा कि अपने सामाजिक दायित्वों के तहत उन्होंने बच्चों के बीच सामग्री बांटी है। मौके पर प्राचार्य कारू हांसदा, शिक्षक अभिजीत दत्ता, शंभुनाथ मरांडी, आनंद गोस्वामी, प्रफुल्ल कुमार महतो, वार्ड सदस्य गोविंद सिंह व रथु राम महतो आदि मौजूद थे।

# पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह का आयोजन

**विभिन्न प्रतियोगिताओं में 24 स्कूल व एक महाविद्यालय के बच्चों ने लिया भाग**



संवाददाता

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा आफिसर्स क्लब में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार शामिल हुए। जिनका स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीसीएल कॉरपोरेट गीत के उपरांत मुख्य अतिथि तथा एससी सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पुरस्कार वितरण सर्वप्रथम कथारा क्षेत्र के स्वच्छता कर्मचारियों को पुरस्कृत कर किया गया। इसके उपरांत स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिनमें डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा, डीएवी स्वांग, स्वामी विवेकानंद विद्यालय जारंगडीह, आदर्श कन्या उच्च विद्यालय कथारा, संत अंतोनी विद्यालय जारंगडीह के छात्र छात्राओं ने भाषण, चित्रकला और निबंध तथा क्विज प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मंच पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि स्वच्छता के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा, तभी स्वच्छ व सुंदर भारत के सपना को साकार किया जा सकता है। मौके पर एससी सदस्यों ने भी अपने वक्तव्य को रखा। इस दौरान पीके विश्वास ने कहा कि सीसीएल कथारा क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले को पुरस्कृत किया जाना सराहनीय कार्य है। लेकिन केवल रस्म अदायगी के लिए स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाना नहीं चाहिए। बल्कि वास्तविक रूप से कथारा क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण हो। इसके लिए ईमानदारी पूर्वक संकल्पित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। इस दौरान इकबाल अहमद, समशुल हक, कामोद प्रसाद, पीके विश्वास, राजू स्वामी, पीके जयसवाल, अनुप सोई ने भी स्वच्छता के लिए अहम सुझाव दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीएल कथारा क्षेत्र के सीएसआर उपप्रबंधक चंदन कुमार की सराहना कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार सहित एससी सदस्यों ने किया। मौके पर सीसीएल कथारा क्षेत्र के एसओपी जयंत कुमार सहित 24 विद्यालय एवं एक कॉलेज के शिक्षक व प्रतिभागी बच्चे मौजूद थे।

**तीन दिवसीय 35वीं प्रांतीय कब्बड्डी एवं खो खो प्रतियोगिता आयोजित**

# बोकारो ने तुपकडीह को हराया



संवाददाता

**बोकारो।** विद्या विकास समिति झारखंड की ओर से पंडित बागेश्वरी पांडेय सरस्वती विद्या मंदिर दुगदा के खेल मैदान में आयोजित 35 वीं प्रांतीय तीन दिवसीय कब्बड्डी एवं खो खो प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को प्रथम चक्र के खेल का आयोजन किया गया।

प्रथम चक्र में बाल वर्ग भैया कब्बड्डी में 9 डी बोकारो ने बिरसा नगर (जमशेदपुर) को झुमरी तिलैया ने भूली नगर को, चतरा ने मेदिनीपुर को, वहीं बहन वर्ग में कब्बड्डी में गिरिडीह ने लोहरदगा को, बिनगांव ने कस्तूरबा ढ़ोरी को, जबकि किशोर वर्ग भैया में टू ए बोकारो ने तुपकाडीह को, तेलो ने बरही को एवं देवनगर ने कतरास को, वहीं किशोर वर्ग बहन में भवनाथपुर ने श्यामडीह को, तेलो ने बिरसा नगर जमशेदपुर को, टुंडी ने बिनगांव को एवं देवनगर ने बाघमारा को पराजित कर दूसरे राउंड के लिए स्थान बना लिया। जबकि खो खो प्रतियोगिता में बाल वर्ग भैया हजारीबाग ने चाईबासा को, सिटिक बोना ने फुसरो को, गुमला ने रजरप्पा को, बाल वर्ग बहन में चाईबासा ने सिंदरी को, हजारीबाग ने देवनगर को हराया।

कोल इंडिया के अधिकारियों के आश्रितों के नियोजन में भी आ गया अब बड़ा अपडेट

# गैर अधिकारियों की तरह कम उम्र के बच्चे को लाइव रोस्टर में शामिल करने का लिया गया निर्णय

संवाददाता

**धनबाद।** कोल इंडिया के कर्मचारियों के आश्रितों को नियोजन की नई नीति के बाद अधिकारियों के आश्रितों के नियोजन के नियम में भी संशोधन कर दिया गया है। संशोधित नियम में कोयला अधिकारियों के आश्रितों को अनुकंपा पर नियोजन में बड़ी राहत मिली है। कोल इंडिया ने इस संबंध में एक बड़ा निर्णय लिया है। प्रबंधन ने अधिकारियों के आश्रितों के अनुकंपा पर नियोजन संबंधी नीति में संशोधन करते हुए गैर अधिकारियों की तरह कम उम्र के बच्चे को लाइव रोस्टर में शामिल करने तथा परिवार में किसी आश्रित के नौकरी में रहने के बाद भी अनुकंपा पर दूसरे आश्रित को नौकरी देने पर सहमति दे दी है। पूर्व में अधिकारियों की मौत पर कम उम्र के बच्चे का नाम लाइव रोस्टर में शामिल करने का प्रावधान नहीं था। परिवार का कोई सदस्य यदि कहीं भी नौकरी में है, तो दूसरे आश्रित को नौकरी नहीं मिलती थी।

**परिवार में किसी आश्रित के नौकरी में रहने के बाद भी अनुकंपा पर दूसरे आश्रित को नौकरी देने पर बनी सहमति**

**संशोधित नीति में क्या होंगी शर्तें**

अब संशोधित नीति के अनुसार यदि किसी अधिकारी की मृत्यु हो जाती है, तो उसके पति या पत्नी के पास अनुकंपा पर नौकरी का विकल्प होगा। शर्त यही होगा की आयु 45 वर्ष से कम होनी चाहिए। 18 वर्ष से अधिक और 35 वर्ष से कम आयु वाले अधिकारियों के आश्रितों को भी अनुकंपा पर नौकरी दी जाएगी। आश्रित बेटा या बेटी हो 18 वर्ष पूरा होने के बाद हीं अनुकंपा पर नौकरी के लिए योग्य होंगे।

कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन लंबे समय से यह मांग करता रहा है। अभी हाल हीं में कोल इंडिया ने कर्मचारियों के आश्रितों के नियोजन के नियम में परिवर्तन किया है और अब अधिकारियों के आश्रितों के नियोजन के नियम को भी लचीला बना दिया गया है। यह अलग बात है कि कोल इंडिया में रोज कुछ ना कुछ नई योजनाएं लॉन्च हो रही है।

**कोल इंडिया में लगातार घट रही कर्मियों की संख्या**

एक तरफ कंपनी निजी हाथों की ओर बढ़ रही है तो दूसरी ओर कर्मियों की संख्या लगातार कम रही है। कोयला खदानों में आउटसोर्स कंपनियों के बढ़ते प्रभाव की वजह से नई-नई स्कीम लॉन्च की जा रही है। कोल इंडिया ने सरप्लस नन एग्जीक्यूटिव मैनपॉवर को जरूरत के अनुसार दूसरी कंपनियों में भेजने के लिए इंसेंटिव स्कीम लॉन्च किया है। इस स्कीम के तहत दूसरी कोयला कंपनी में जाने के इच्छुक सरप्लस मैनपॉवर को एक लाख का भुगतान मिलेगा।

अगर धनबाद कोयलांचल की बात की जाए, तो बीसीसीएल में लगभग सात हजार सर प्लस मैनपॉवर है। इन 7000 मैनपॉवर को दूसरी कंपनियों में शिफ्ट करने की बीसीसीएल की योजना है।

मैनपॉवर बजट के अनुसार जो भी सर प्लस कर्मी हैं, अगर दूसरी कोयला कंपनी में, जहां कर्मियों की जरूरत है, जाने को तैयार होते हैं तो इंसेंटिव स्कीम के तहत एक लाख ट्रांसफर बेनिफिट के रूप में मिलेगा। शर्त होगी कि 5 साल तक फिर स्थानांतरित कर्मियों का अन्य किसी कंपनी में तबादला नहीं होगा।

## भूमि एवं राजस्व संबंधित मामलों पर विशेष लोक अदालत आयोजित

संवाददाता

**गिरिडीह।** भूमि एवं राजस्व संबंधित मामले मुआवजा तथा विस्थापन संबंधित मामलों पर विशेष लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत का संयुक्त आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, गोपाल पांडेय के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, श्रीमति सोनम बिश्नोई के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह गोपाल पांडेय ने कहा कि इस विशेष लोक अदालत का आयोजन आमजनों एवं पक्षकारों को मामले का निष्पादन पक्षकारों की सहमति से करने हेतु माननीय झालसा रांची के निर्देश पर आज के दिन किया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से पक्षकारों को अपने मामलों में त्वरित निष्पादन का लाभ तो मिलता ही है साथ ही साथ न्यायालय का बोझ भी कम होता है। आमजनों एवं पक्षकारों को इस विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निष्पादन करवाने के लिए बधाई प्रदान करते हुए कहा कि न्यायालय के द्वारा समय-समय पर लगाए जा रहे इस प्रकार के आयोजनों में शरीक होकर अपने मामलों को निष्पादित कराएं तथा अपने समय एवं धन की बचत करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह, श्रीमति सोनम बिश्नोई ने कहा कि आज के इस विशेष लोक अदालत तथा मासिक लोक अदालत में आप सभी विद्वान अधिवक्ता गण एवं पक्षकारगण अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने के लिए इस प्रांगण में उपस्थित हैं। यह इस भूमि एवं राजस्व संबंधी मामले मुआवजा तथा विस्थापन संबंधित पर विशेष लोक अदालत की महत्ता एवं जन-जन तक इसकी पहचान को प्रदर्शित करता है।

## एक नजर

### जिला कौशल समिति कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन



**धनबाद।** शनिवार को उपायुक्त कार्यालय सभागार में उप विकास आयुक्त- सह झ जिला परिषद् कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक हुई। जिसमे जिला में चल रहे कौशल प्रशिक्षण की समीक्षा की गई तथा आगामी वर्ष के लिये जिला कौशल विकास योजना का प्रारूप तैयार करने हेतु सभी विभागों के साथ चर्चा की गयी एवं सभी विभागों को निदेश दिया गया कि अपने झ अपने विभाग में कौशल प्रशिक्षण से सम्बन्धित ।जॉब रोल मुहैया करायेंगे तथा ऊउ्ढ में जो भी ळ१ीि२ में प्रशिक्षण दिया जायेगा वह धनबाद के युवक- युवतियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने में सक्षम हो या स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बना सके। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त सदात अनवर , सहायक श्रमायुक्त- सह झ जिला कौशल पदाधिकारी रंजीत कुमार, जिला उद्योग पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद , जिला नियोजन पदाधिकारी आनन्द कुमार, अन्य विभाग के पदाधिकारी तथा जिला कौशल समन्वयक आशीष कुमार एवं सभी जिला के कौशल प्रशिक्षण केन्द्र के संचालक उपस्थित थे।

### धनबाद रोटी बैंक के अनूप वर्मा जिन्दगी और मौत से लड़ रहे सिद्धार्थ के लिए बने जीवन रक्षक



**धनबाद।** एसएनएमएमसीच में भर्ती हाइपो अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित और जिंदगी एवं मौत से जूझ रहे सिद्धार्थ के लिए आज रोटी बैंक युथ क्लब के कर्मवीर यौद्धा ओर सक्रिय सदस्य अनूप वर्मा ने ए पॉजिटिव एसडीपी ब्लड ग्रुप के पीड़ित मरीज के लिए रक्तदान किया। एफेरेसिस सेल सेपरेटर की मदद से उनके रक्त से प्राप्त प्लेटलेट्स को सिद्धार्थ को चढ़ाया गया। सिद्धार्थ के लिए सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की कई दिनों से तलाश की जा रही थी। 14 रक्तदाताओं को रिजेक्ट करने के बाद कल एक यूनिट नवीन ने एसएनएमएमसीच रक्तदान किया और रोटी बैंक के अध्यक्ष रवि शेखर को जब इस केस के बारे मे पता चला तो आज रोटी बैक के सदस्य अनूप वर्मा से संपर्क कर एसएनएमएमसीच रक्तदान कराया। अनूप ने बताया कि सभी लोग सिद्धार्थ के लिए आगे आये,आज पहली बार मुझे डोनेट कर के मुझे अच्छा लगा। डोनेट करने से कुछ नही होता है लोगों को सिर्फ जागरूक होने की जरूरत है। सिद्धार्थ की जिंदगी बचाने के लिए अंकित राजगढ़िया पिछले 13 दिन से लगे हुए थे। वह प्रतिदिन 12 से शाम 4 बजे सिद्धार्थ के साथ रहते हैं। अंकित ने बताया कि सिद्धार्थ के 16 डोनर में 2 डोनर एसडीपी के लिए हीं पास हो पाया।

### पचम्बा थाना क्षेत्र में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में लगी आग, बड़ा हादसा टला



**गिरिडीह।** पचंबा थाना क्षेत्र के हंडाडीह के तिवारीडीह गांव में शनिवार को एक घर में अचानक आग लग गई। यह आग उनके घर में रखे गैस सिलेंडर में खाना बनाने के दौरान लगी। गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आग पर काबू पाने की कोशिश की जाने लगी। किसी तरह परिवार के सदस्यों ने घर से बाहर निकल कर अपनी जान बचाई। आग लगने की घटना की सूचना मिलने के आस-पास के लोगों की भी भीड़ उमड़ पड़ी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अगलगी की इस घटना में विक्रम तिवारी के घर में रखे करीब 30 से 40 हजार से अधिक रुपए के सामान जलकर राख हो गए। घटना के बाद भुक्तभोगी ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## आबा केंद्र में अहर्ता पूरा करने वाले अभ्यर्थी का चयन नहीं होने से ग्रामीणों ने किया हंगामा



संवाददाता

**जमुआ/गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड़ अंतर्गत दुम्मा द भाग आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन कराने पहुंचे जमुआ प्रभारी सीडीपीओ संजय पाण्डेय को उस समय ग्रामीणों को काफी आक्रोश झेलना पड़ा जब सेविका पद पर चयन कम 27 अंक पाने वाली गुड़िया देवी का चयन किया गया, जबकि 30 अंक प्राप्त करने वाली पूनम कुमारी का चयन यह कहकर अस्वीकृत कर दिया कि आपके आवेदन में जाति प्रमाण पत्र नही लगा है। जबकि पूनम कुमारी ने कहा कि घर पर है हम ला दे रहे हैं। प्रभारी सीडीपीओ ने जाती प्रमाण पत्र लाने के लिए उन्हें घर भेज दिया। इस बीच सीडीपीओ ने चयन समिति से दबाव बनाकर हस्ताक्षर करा लिया। इस बात को लेकर पूनम कुमारी ने कहा कि यहां सीडीपीओ ने मुझे धोखा में रखकर सेविका का चयन किया है। डीसी से मांग की कि पूरी मामले की जांच की जाय।इधर राधिका कुमारी, मुन्नी कुमारी, सीमा देवी आदि ने भी सीडीपीओ की मनमानी को लेकर उंगली उठाया है।

## पीडब्ल्यूडी के योग्य छात्रों को सशक्त बनाने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉपोरेंशन लिमिटेड के सहयोग से छात्रवृत्ति अभियान

संवाददाता

**धनबाद।** मयूर शेखर झा के नेतृत्व में उनकी गैर-सरकारी संस्था बेहतर झारखंड जो कि एक अग्रणी गैर-सरकारी संस्था है उसके कार्यक्षेत्र के तहत मयूर शेखर झा की एक पहल ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,अन्य पिछड़ा वर्ग और राज्य में विकलांग व्यक्ति पीडब्ल्यूडी के योग्य छात्रों को सशक्त बनाने के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से एक छात्रवृत्ति अभियान धनबाद में चलाया है। बेहतर झारखंड कार्यक्रम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और छात्रों के लिए आवेदन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए धनबाद के विभिन्न कॉलेजों में छात्रवृत्ति अभियान चल रहा है। आज का अभियान लॉ कॉलेज और बीएसएस महिला कॉलेज, धनबाद में आयोजित किया गया



है, जहां बेहतर झारखंड के प्रतिनिधियों ने छात्रों के लिए एक जानकारी सत्र आयोजित किया। सत्र में छात्रवृत्ति की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और लाभों का व्यापक जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, छात्रों को आवेदन पत्र भरने और उनके किसी भी प्रश्न का उत्तर देने में सहायता के लिए कॉलेज परिसर के भीतर एक समर्पित हेल्प डेस्क स्थापित की गई। बेहतर झारखण्ड से सूरज कुमार, मकसूद अंसारी, सूनिल गुप्ता, निखिल आनंद, जितेन्द्र, अंकित, रौशन आदि वालंटियर मौजूद थे। इस छात्रवृत्ति पहल का उद्देश्य वंचित छात्रों के लिए वित्तीय बाधा को दूर करना है, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने और अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके। बेहतर झारखंड की कार्यकर्ता त्रिशाला शांडिल्य ने दोनों कॉलेज के प्रधानाचार्यों से बातचीत की। प्रधानाचार्य कमल किशोर पाठक, ला कॉलेज ने कहा कि हम इस छात्रवृत्ति अभियान पर बेहतर झारखंड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के साथ सहयोग करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह पहल हमारे योग्य छात्रों को बहुत आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, जिससे उन्हें अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने का मौका मिलेगा।वहीं बीएसईएस महिला कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ० करुणा ने कहा कि यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम झारखंड के शैक्षिक परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए बेहतर झारखंड की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। एचपीसीएल के साथ सहयोग कर-के, बेहतर झारखंड हाशिए पर रहने वाले समुदायों के योग्य छात्रों के लिए उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

## आवास, पेयजल, जल जमाव, स्वच्छता , रोजगार बिजली व शिक्षा आदि समस्याओं को लेकर सर्वेक्षण

संवाददाता

**धनबाद।** शनिवार को सिंदरी तथा धनबाद नगर निगम के वार्ड नंबर 14 के अंतर्गत खरिकाबाद में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के आलोक में ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा वर्तमान में शहरी क्षेत्रों की चुनौतियों पर स्लम क्षेत्र के झुग्गी - झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों का आवास , पेयजल , जल जमाव , स्वच्छता ,रोजगार ,बिजली व शिक्षा आदि समस्याओं को लेकर 100 - 100 परिवार का सर्वेक्षण संपन्न हुई। पूर्व में इसी वर्ष 24 फरवरी को खरिकाबाद व 25 फरवरी को लिंडसे क्लब धनबाद में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के आलोक में जिला इकाई धनबाद द्वारा उक्त वर्तमान में शहरी



क्षेत्रों की चुनौतियों को लेकर बैठक की गई थी। उक्त सर्वे भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ० काशी नाथ चटर्जी, प्रो० डॉ० दीपक कुमार सेन, डॉ० अंतरिन चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में धनबाद जिले के सिंदरी में प्रियदर्शनी पार्क, बी बी जी कैंप बस्ती, गोराई बस्ती, आजाद नगर, रांगामाटी, नतूनडीह गौशाला में तथा खरिकाबाद में गोंडुडीह ओ. पी. के समीप 8 नंबर , 9 नंबर , तुरिया बस्ती व 10 नंबर खरिकाबाद में द 24 जून से शुरूआत की गई थी। इसके साथ ही खरिकाबाद में उक्त झारखंड सरकार के आगामी 1 जुलाई से मुख्यमंत्री बहन - बेटी स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना को लेकर जन - जागरूकता की गई।

## जल संचयन के तहत ग्राउंड वाटर रिचार्ज से संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान दें अधिकारी : डीडीसी

संवाददाता

**धनबाद।** शनिवार को उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल 1 एवं 2, राज्य समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन संजय कुमार पांडेय के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से डीडीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को धनबाद जिले में ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी गई। वहीं उनके द्वारा ओडीएफ प्लस के अंतर्गत धनबाद जिले में एस्पायरिंग, राइजिंग व मॉडल के अंतर्गत गांव की हुई रेटिंग की भी जानकारी दी गई।बैठक में



स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति का अनुश्रवण, ग्राम स्तर पर स्वच्छता,ठोस, तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए ग्राम कार्य योजना तैयार करने, फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने माहवार लक्ष्य का निर्धारण आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस, तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए ग्राम कार्य योजना तैयार करें और फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने के शत-प्रतिशत लक्ष्य का निर्धारण करें। बैठक में प्रखंडवार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दी जाए।

## विशेष लोक अदालत में 1.66 अरब से अधिक की परिसंपत्तियों का वितरण

संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा कोयला नगर स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सामुदायिक भवन में एक दिवसीय भू अधिग्रहण, राजस्व संग्रहण, पुनर्वास से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस विशेष लोक अदालत में झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश सह झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद, माननीय न्यायाधीश आनंदा सेन, माननीय न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इनके द्वारा विभिन्न तरह के विवादों का ऑन द स्पॉट निस्तारण कर एक अरब 66 करोड़ 34 लाख 63 हजार रुपए की परिसंपत्तियों व नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। वहीं एक लाख 63 हजार 441 विवादों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद नालसा का थीम सोंग हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा द्वारा स्वागत भाषण किया गया। इसके बाद माननीय न्यायमूर्ति





आनंदा सेन ने सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में माननीय न्यायाधीश श्री सेन ने कहा कि भू अधिग्रहण से संबंधित विवाद के मामले ज्यादा बढ़ते जाते हैं। इसलिए, जल्द से जल्द उन्हें पुनर्वासित करने तथा उसे समुचित मुआवजा दिलाना हम लोगों का सामाजिक दायित्व और कर्तव्य है।।विशेष लोक अदालत में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए माननीय न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि मुआवजा का अर्थ केवल यह नहीं कि उन्हें रुपए का भुगतान कर दिया जाए बल्कि मुआवजा का अर्थ यह भी है कि सामाजिक सुरक्षा के तहत उनके परिवार के जीवन यापन और उन्हें रहने के लिए छत की व्यवस्था करना है।।माननीय न्यायाधीश श्री नारायण ने उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं बीसीसीएल के सीएमडी से अनुरोध किया कि वे मुआवजा संबंधित विवादों का निस्तारण तीस दोनों के अंदर करें ताकि लोगों को उसका समुचित लाभ मिल सके।

**हाथी द्वारा कुचले गए युवक की पत्नी को मिला मुआवजा**

छह माह पूर्व टुंडी के एक युवक की मौत हाथी द्वारा कुचल देने के कारण हो गई थी। मृतक की पत्नी रेशोमुनी को वन विभाग से चार लाख रुपए मुआवजा का भुगतान कराया गया। वही बिजली के पोल में गाय के सट जाने और उसकी मौत हो जाने के मामले में गाय के मालिक मंटू यादव एवं अरविंद कुमार को बिजली विभाग से तीस - तीस हजार रुपए मुआवजा का भुगतान कराया गया।

**भू-अधिग्रहण के मामले में लाभुकों को मिला चेक**

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण किए जाने के मामले में राजबल मुर्मू को 2 करोड़ 9 लाख 42 हजार 211 रूपए, जीतन मांझी को 5 लाख 54 हजार 843 रूपए तथा जिला प्रशासन द्वार अजय कुमार महतो को 2 लाख 51 हजार 547 रूपए, अर्जुन रवानी को 15 लाख 14 हजार 438 रूपए का भुगतान किया गया।

44 को मिला ऑन द स्पाट नियुक्ति पत्र

विशेष लोक अदालत में न्यायाधीश द्वारा कुल 44 लोगों को ऑन स्पॉट नियुक्ति पत्र सौंपा गया। वहीं बीसीसीएल द्वारा 40 लोगों की नियुक्ति अनुकंपा के आधार पर की गई। टाटा द्वारा दो एवं रेलवे के द्वारा दो लोगों को नियुक्ति दी गई।

कार्यक्रम में झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार की मेंबर सेक्रेटरी रंजना अस्थाना, डिप्टी सेक्रेटरी अभिषेक कुमार, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, निदेशक फाइनेंस राकेश कुमार सहाय, निदेशक ऑपरेशन एस के सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, प्रभाकर सिंह, सुजीत कुमार सिंह, डी सी अवस्थी, स्वयंभू, कुलदीप, नीरज विश्वकर्मा, एस एन मिश्रा, प्रफुल्ल कुमार, संजय कुमार सिंह, साकेत कुमार, अंजनी अनुज, पारस कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी,अवर न्यायाधीश निताशा बारला, स्वेता कुमारी, ऐजोलिना जॉन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के डायरेक्टर अरविंद कुमार सिंह, महासचिव जीतेंद्र कुमार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल, पैरा लीगल वालंटियर, मेडिएटर समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सुभाषितम्

**जब तक हम स्वयं निरपराध न हों तब तक दूसरों पर कोई आक्षेप सफलतापूर्वक नहीं कर सकते। - सरदार पटेल**

## निर्दोष साबित नहीं हुए हेमंत सोरेन

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। जमानत देते हुए हाईकोर्ट ने कहा, अदालत में जो दस्तावेज ईड़ी द्वारा पेश किए गए हैं, उन दस्तावेजों से कहीं पर भी हेमंत सोरेन दोषी प्रमाणित नहीं होते हैं। भूमि अधिग्रहण और कब्जे के मामले में हेमंत सोरेन की कोई भागीदारी हाईकोर्ट को नहीं मिली। हाईकोर्ट ने जमानत के फैसले में कहा, याचिकाकर्ता को जमानत देने से कोई हानि होने वाली नहीं है। हाईकोर्ट ने अपने निर्णय में यह भी कहा, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विवादित 8।.86 एकड़ भूमि के अधिग्रहण, कब्जे और आय से जुड़े होने का कोई प्रमाण ईड़ी प्रस्तुत नहीं कर पाई। 2010 में जब उक्त भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उस समय हेमंत सोरेन की सरकार भी नहीं थी। हाईकोर्ट ने अपने निर्णय में यह भी कहा, ईड़ी ने ऐसा कोई भी प्रमाण पेश नहीं किया, जिससे यह साबित हो, कि याचिकाकर्ता हेमंत सोरेन ने जमीन पर कब्जा किया है। उन्हें कोई आय प्राप्त हुई हो। झारखंड हाईकोर्ट ने प्रथम दृष्टया पीएमएलए एक्ट के तहत कोई मामला नहीं होने के कारण, हेमंत सोरेन को जमानत दी है।

लगभग 5 महीने हेमंत सोरेन जेल में बंद रहे। उन्हें मुख्यमंत्री का पद छोड़ना पड़ा। समय-समय पर ईड़ी के समन का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री होते हुए भी उन्हें बार-बार हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दौड़ना पड़ा। लाखों रुपए उनके और करोड़ों रुपए सरकार के खर्च हुए। कई महीनों तक हेमंत सोरेन को भ्रष्टाचारी और दोषी बताया गया। लोकसभा चुनाव में उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोका गया। एक मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें काम करने से रोका गया। जनता ने उन्हें विधायक और मुख्यमंत्री के रूप में चुना था। वह अपने दायित्वों को पूरा नहीं कर पाए। ट्रायल कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के महीनो चक्कर लगाने के बाद भी हेमंत सोरेन जमानत पर वापस आए हैं। हाईकोर्ट ने उन्हें पीएमएलए कानून से निर्दोष घोषित नहीं किया है। पीएमएलए कानून का यह मुकदमा कितने साल तक चलेगा। भगवान ही इसका मालिक है। भारतीय जनता पार्टी और उनके विपक्षी राजनेता हमेशा उन्हें जमानत पर छूटे अपराधी के तौर पर उन पर हमला करते रहेंगे। व्यक्तिगत, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक तौर पर प्रताड़ित किया जाता रहेगा। जमानत के मामले में हेमंत सोरेन ने ट्रायल कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक के कई चक्कर जमानत पाने में लगा दिए हैं। प्रथम दृष्टया कोई अपराध प्रमाणित नहीं होने के बाद भी उन्हें वर्षों मुकदमा लड़ना पड़ेगा।

हेमंत सोरेन राजनीतिक और आर्थिक रूप से समर्थ हैं। मुकदमा लड़ने की उनकी हैसियत भी है। आम आदमी अपना बचाव किस तरह से जांच एजेंसियों के उत्पीड़न से कर पाएगा? जब संविधान ने नागरिकों को जमानत का अधिकार दिया हुआ है। जेल को अपवाद माना गया है। पिछले कुछ वर्षों में जांच एजेंसियों द्वारा पीएमएलए, यूपीए कानून के तहत लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जाता है। कई वर्षों और कई महीनो तक उन्हें जेल में बंद रखा जाता है। दोनों कानून में न्यायालय द्वारा जमानत नहीं दी जाती है। कई वर्षों तक जांच एजेंसी जांच पूर्ण नहीं करती है। आरोपियों को बिचाराधीन कैदी के रूप में जेल में लंबे समय तक बंद रखा जाता है। मीडिया ट्रायल में आरोपियों की सामाजिक, राजनीतिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती है। आर्थिक नुकसान अलग होता है। पूरे परिवार पर इसका असर पड़ता है। इस तरह की कार्रवाई पर जब तक जांच एजेंसियों की जिम्मेदारी तय नहीं की जाएगी। इसी तरह से कानून का दुरुपयोग होता रहेगा। सत्ता में बैठे हुए लोग यदि कानून का इस तरह से दुरुपयोग करेंगे। जो प्रमाणित भी हो रहा है। ऐसी स्थिति में जांच एजेंसी के अधिकारियों को जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। ताकि वह सत्ता में बैठे हुए राजनेताओं के दबाव में अधिकारों का दुरुपयोग ना कर पाएं। तभी भारतीय संविधान, भारतीय न्याय व्यवस्था, भारतीय सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था को विश्वास योग्य बनाया जा सकता है।

## चिंतन-मनन

### शांति इंसान के अंदर है

पानी में मिला हुआ नमक दिखाई नहीं देता। इसका यह मतलब नहीं कि वह गायब हो गया। हालांकि आंख से नहीं देख सकते, पर जबान से उसे चख तो सकते हैं। मनुष्य के साथ ही कुछ ऐसा ही होता है। हम शांति को आंखों से नहीं देख सकते, परंतु हृदय से उसका अनुभव कर सकते हैं। वह शक्ति भी सब जगह है- थल में भी है, आकाश, वायु, जल और पेड़ों में भी है और उसी के होने की वजह से आप भी जीवित हैं। आप विश्वास करते हैं कि आपकी जन्मपुंडली में लिखा हुआ है, इसकी वजह से आप जीवित हैं, परंतु नहीं। कौन कब जाएगा, यह किसी को नहीं मालूम। कब क्या होगा, यह किसी को नहीं मालूम। पर लोग अपने जीवन के अंदर इसी चीज का विश्वास करके चलते हैं कि उनको मालूम है कि कल क्या होगा। आप जीते कहां हैं? आज में। कल तो आप जी नहीं सकते। अगर कल आएगा भी तो उसको आज का रूप लेना पड़ेगा। तो आप जीते कहां हैं? आज में। और आपकी आशाएं कहां हैं? कल में। आप चिंता किसकी करते हैं? कल की। और कल कभी आएगा नहीं। सारी जिंदगी आज में आपको जीना है। संस्कार यह डालने चाहिए कि आपके अंदर शांति है, उसे खोजो, उसको महसूस करो। अगर शांति-शांति कहने से ही शांति हो जाती तो अब तक तो हो जानी चाहिए थी। अब तक नहीं हुई है, तो कम से कम कुछ तो बदलिए। क्या बदलिए? मुंह को बंद कीजिए और अंतर्मुख होकर हृदय को खोलिए। क्योंकि शांति को पैदा करने की जरूरत नहीं है। शांति तो स्वयं आपके अंदर है, जैसे वह नमक जो पानी में मिला हुआ है, वैसे ही शांति भी आपके अंदर है। होश संभालने के साथ ही आप शांति, आनंद और चैन को ढूंढ रहे हैं। परंतु वह आपके हृदय के अंदर ही स्थित है। उसके अनुभव के लिए आपको इसे अपनाना पड़ेगा। इसे महसूस करने के लिए आप में इच्छा होनी चाहिए कि आप अपने जीवन में यह शांति चाहते हैं। जब तक अनुभव नहीं होगा, तब तक सारी बातें अधूरी हैं। जिस शांति की आपको तलाश है, वह शांति आपके अंदर है।

## आज का राशिफल

**मेष** : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**वृष** : विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**मिथुन** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

**कर्क** : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**सिंह** : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कन्या** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**तुला** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**वृश्चिक** : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।


**धनु** : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें।

**मकर** : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ** : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**मीन** : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

# विश्व को वृक्ष-वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता



हृदयनारायण दीक्षित

वातावरण में तनाव है। पृथ्वी का ताप बढ़ रहा है। सभी जीव व्यथित हैं। प्रकृति में अनेक जीव हैं। सब शुद्ध प्राण वायु पर निर्भर हैं। प्राण वायु का मुख्य स्रोत वनस्पतियां हैं। भारतीय राष्ट्रजीवन में वनस्पतियां, औषधियां देवता की श्रेणी में हैं। पीपल, बरगद, नीम, बेल आदि वृक्षों की उपासना होती है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि, "पीपल का वृक्ष मैं ही हूं।" भारत की तरह दुनिया के किसी भी अन्य देश, संस्कृति व सभ्यता में वनस्पतियों और वृक्षों को नमस्कार नहीं किया गया। वनस्पतियों के कारण पर्यावरण शुद्ध रहता है। दुर्भाग्य से सारी दुनिया में वन क्षेत्र घटा है। भूमण्डलीय ताप बढ़ा है। वर्षा चक्र गड़बड़ाया है। यहां भारत में वैदिक काल से लेकर पुराण और महाभारत में वनस्पतियों और वृक्षों को विशेष आदर के साथ याद किया गया है। उन्हें देवता जाना गया है। हिन्दू मन वृक्ष वनस्पति की कटान पर आहत होता है। विकास का आधुनिक माडल वनस्पति प्रेमी नहीं है। विश्व को वृक्ष वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता है।

वृक्ष बोलते हैं संभवतः। सुनते अवश्य हैं। उनसे वार्ता करना आनंद का अनुभव है। एक शोध के अनुसार जिस पौधे से प्रेमपूर्ण वार्ता होती है, वह जल्दी बढ़ता है। पौधों को ध्यान और प्रेम से देखने वाले प्रसन्न रहते हैं। पेड़ पौधे आपस में भी बातें करते होंगे। वे वृक्ष प्रेमी को देखते ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे कुल्हाड़ी लेकर आने वाले 'पेड़ कटवा' को देखकर सहम जाते हैं। गहन उदास होते हैं। वृक्ष वनस्पति हमारे परिजन हैं। इन्हें खिलने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। बीज से वृक्ष, वृक्ष से फूल और फूलों से बीज का वर्तुल पूरा होना चाहिए। वनस्पतियां ढेर सारी हैं लेकिन सोम वैदिक पूर्वजों की सर्वाधिक प्रिय वनस्पति है। ऋषियों ने सोम को बहुत बड़ा देवता बताया है। ऋग्वेद के नवें मण्डल में 144 सूक्त हैं। इन सभी सूक्तों के देवता सोम हैं। ऋग्वेद में सोम का अनेक प्रसंगों में उल्लेख है। सोम को सारी वनस्पतियों का राजा भी कहा गया। (9.114.2) सोम वनस्पति से रस निकाला जाता था। वैदिक अभिजन सोम को स्फूर्ति प्रदान करने वाला पेय मानते थे। सोमरस का प्रयोग पीने के लिए तो किया ही जाता था। यज्ञ में इस रस की आहुतियां भी दी जाती थीं। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय भी था। पूर्वज मानते थे कि सोमरस पीने से मनुष्यों को अमृत्व की प्राप्ति होती है। आर्यों की ईरानी शाखा में 'होम' वनस्पति की चर्चा है। पारसियों के धर्मग्रन्थ अवेस्ता में सोम को होम लिखा गया है। पूर्वज सैकड़ों वर्ष पहले वनस्पतियों के गुण धर्म से परिचित थे।

ऋग्वेद में औषधि विज्ञान सम्बंधी एक सूक्त के देवता औषधि हैं। ऋषि कहते हैं, "हे औषधियों आपके सहस्त्रों नाम हैं। सहस्त्रों अंकुर हैं। आप हमें आरोग्य दें।" वे औषधियों की रोग निवारक शक्ति की तुलना घोड़े की शक्ति से करते हैं। स्तुति है, "आप गतिशील घोड़े की तरह रोगों को तेजी से दूर करती हैं। आप हमें सुख दें।" खास बात यह है कि वे औषधियों को माता बताते हैं। कहते हैं कि, "आप माता की तरह पालन गुणों से युक्त हैं। हमारी प्रार्थना सुनें।" वनस्पतियां औषधियां माता हैं। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां निकट हैं। कुछ दूरी पर हैं।" कवि को विश्वास है कि, "औषधियां उनकी प्रार्थना सुनती हैं।" अथर्ववेद में भी औषधियों वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद का एक पूरा सूक्त औषधियों पर ही है। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां लाल रंग की हैं। कुछ श्वेत हैं। कुछ भूरी हैं। कुछ काली हैं। कुछ कई रंगों वाली हैं। पृथ्वी माता हैं। आकाश पिता हैं। औषधियां भी इसी परिवार की हैं। ऋषि कहते हैं कि, "औषधियों के पिता आकाश हैं।" यहां औषधियां वनस्पतियां माता पृथ्वी व पिता आकाश की परिजन हैं।

रोगों के कारण होते हैं। कुछ रोग मनुष्य की अपनी गलती से पैदा होते हैं। कहते हैं कि, "जल और औषधियां हमारे पाप से उत्पन्न यक्षमा रोग दूर करें।" कुछ औषधियां सर्वसुलभ हैं। कुछ औषधियां खरीदने से उपलब्ध होती हैं। कहते हैं, "क्रयरहित औषधियां मनुष्यों, अश्वों को स्वस्थ रखें।" वनस्पतियां मनुष्य को स्वस्थ रखती हैं। आम महुआ आमला रसपूर्ण है। आमला युवा बने रहने का रसायन है। औषधियां, वनस्पतियां अनेक प्रकार की हैं। कहते हैं, "गुच्छों वाली, एक कोंपल वाली और अनेक शाखाओं वाली औषधियों का आवाहन करते हैं।" प्रत्येक जीव में रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। इसे रोग निरोधक क्षमता कहते हैं। अथर्ववेद में स्थान के आधार पर भी औषधियों के भेद किए गए हैं। एक मंत्र (8.7.17) में कहते हैं, "अंगिरा द्वारा विवेचित औषधियां पर्वतीय क्षेत्रों व समतल मैदानों में उगती हैं। वे हृदय को सुख शांति देती हैं।" कुछ औषधियों को अमर भी बताया गया है। औषधियां जीव रक्षक हैं।

वैदिक काल के समाज को पिछड़ा बताने वाले नोट करें। वैदिक काल के मनीषी ज्वर की आवृत्ति से परिचित थे। ऋषि कहते हैं, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़ कर आते हैं, कुछ 2 दिन बाद और कुछ बिना निश्चित समय के ही आते हैं। ऋषि की इच्छा है कि, "ऐसे ज्वर आलसी लोगों के पास चले जाएं।" वैदिक समाज में कर्म प्रधानता है। आलसी की भर्त्सना है। ज्वर और भी कई प्रकार के होते हैं। कहते हैं, "तपाने वाले, हिलाने वाले, भड़काने वाले, ठण्ड के साथ आने वाले और दुर्बल करने वाले ज्वर को हमारा नमस्कार है।" यहां नमस्कार ज्वर को दूर भगाने के लिए किया गया है। ज्वर अकेला नहीं होता। इसका अपना परिवार है। अथर्ववेद में कहते हैं, "ज्वर अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी उसकी बहन है। वह बहन के साथ आता है। यक्षमा इसका भतीजा है।" बीमारियों की व्याख्या रिश्तों में करना मजेदार है। एक प्रतिष्ठित वनस्पति है गुग्गल। आधुनिक आयुर्विज्ञान इसे रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधि मानते हैं। बताते हैं कि गुग्गल के प्रयोगकताओं के पास कोई रोग नहीं आते। एक मंत्र में पील व जटामांसी को महत्वपूर्ण औषधि बताया गया है। औषधियां प्राणरक्षक हैं। प्राण से ही औषधियां लहराती हैं। मेघों का वर्षा करना प्राण का चमत्कार है। एक सुन्दर सूक्त में कहते हैं कि प्राण औषधियों के समक्ष गर्जन करते हैं। औषधियां शक्तिशाली होती हैं। प्राण औषधियों पर जल वर्षा करता है। औषधियां प्रसन्न होती हैं। प्राण ही रोग व मृत्यु के कारण हैं। कहते हैं कि, "तब अथर्वा द्वारा रोपित अंगिरा वंशजों व मनुष्यों द्वारा निर्मित औषधियां प्रकट होती हैं।" एक वनस्पति पीपली है। अथर्वा के रचे सूक्त में पीपली स्वयं ही बोलती है, "जिस प्राणी द्वारा हमारा सेवन किया जाएगा वह कभी नष्ट नहीं होगा।"

वनस्पतियों के अपने आकर्षक रंग रूप हैं। तमाम वनस्पतियां रोगोपचार के लिए औषधियां भी हैं। वनस्पतियां औषधियां वैदिक काल के पहले से ही प्रणम्य हैं। अथर्ववेद के एक सुन्दर सूक्त (1.34) में ऋषि कवि अथर्वा एक लता देखते हैं। अथर्वा कहते हैं, "मधुक मधुरता के साथ पैदा हुई है। हम इसे मधुरता के साथ खोदते हैं-मधुजाता मधूनां त्वां खनामसि।" कहते हैं, "हे लता आप मधुर हैं। हमें भी मधुर बनाएं।" आगे कहते हैं, "हमारी जिव्हा का अग्रभाग मधुर हो। मूल भाग मधुर हो। हमारा घर से बाहर जाना मधुर हो। दूर जाना मधुर हो। वाणी मधुर हो। हम मधुरता से भी ज्यादा मधुर हो जाएं-मधुरस्मि माधुतरो मदुधान्ममधुत्तमत्तरः।" वैदिक ऋषि कवि अस्तित्व को नमस्कार करते हैं। यजुर्वेद (36.17) के शांति मंत्र में कहते हैं, "अंतरिक्ष शांत हों।

# आखिर क्यों चुप्पी साध गई पक्षियों की चहचाहट?




डॉ. सत्यवान सौरभ

पक्षियों को पर्यावरण की स्थिति के सबसे महत्वपूर्ण संकेतकों में से एक माना जाता है। क्योंकि वे आवास परिवर्तन के प्रति संवेदनशील हैं और पक्षी पारिस्थितिकीविद् के पसंदीदा उपकरण हैं। पक्षियों की आबादी में परिवर्तन अक्सर पर्यावरणीय समस्याओं का पहला संकेत होता है। चाहे कृषि उत्पादन, वन्य जीवन, पानी या पर्यटन के लिए पारिस्थितिक तंत्र का प्रबंधन किया जाए, सफलता को पक्षियों के स्वास्थ्य से मापा जा सकता है। पक्षियों की संख्या में गिरावट हमें बताती है कि हम आवास विखंडन और विनाश, प्रदूषण और कीटनाशकों, प्रचलित प्रजातियों और कई अन्य प्रभावों के माध्यम से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

***बदल रहे हर रोज ही, हैं मौसम के रूप ।***
***सर्दी के मौसम हुई, गर्मी जैसी धूप ।।***
***सूनी बगिया देखकर, तितली है खामोश ।***
***जुगनू की बारात से, गायब है अब जोश ।।***

हाल ही की एक रिपोर्ट, 'स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स बर्ड्स' के अनुसार, दुनिया भर में मौजूदा पक्षी प्रजातियों में से लगभग 48 फीसदी आबादी गिरावट के दौर से गुजर रही है या होने का संदेह है। प्राकृतिक प्रणालियों के महत्वपूर्ण तत्वों के रूप में पक्षियों का पारिस्थितिक महत्व है। पक्षी कीट और कृंतक नियंत्रण, पौधे परागण और बीज फैलाव प्रदान करते हैं जिसके परिणामस्वरूप लोगों को ठोस लाभ होता है। कीट का प्रकोप सालाना करोड़ों डॉलर के कृषि और वन उत्पादों को नष्ट कर सकता है। पर्पल मार्टिंस लंबे समय से हानिकारक कीटनाशकों के स्वास्थ्य और पर्यावरणीय लागत (आर्थिक लागत का उल्लेख नहीं) के बिना कीट कीटों की आबादी को काफी हद तक कम करने के एक प्रभावी साधन के रूप में जाना जाता है।

***आती है अब है कहां, कोयल की आवाज ।***
***बूढ़ा पीपल सूखकर, ठूंठ खड़ा है आज ।।***
***जब से की बाजार ने, हरियाली से प्रीत ।***



***पंछी डूबे दर्द में, फूटे गम के गीत ।।***

पक्षी प्राकृतिक प्रणालियों में कीड़ों की आबादी को कम करने और बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्वी जंगलों में पक्षी 98 प्रतिशत तक बुडवार्म खाते हैं और 40 प्रतिशत तक सभी गैर-प्रकोप कीट प्रजातियों को खाते हैं। इन सेवाओं का मूल्य 5,000 डॉलर प्रति वर्ष प्रति वर्ग मील वन पर रखा गया है, संभावित रूप से पर्यावरण सेवाओं में अरबों डॉलर में अनुवाद किया जा सकता है। पक्षियों और जैव विविधता के नुकसान का सबसे बड़ा खतरा आवासों का विनाश और क्षरण है। पयार्वास के नुकसान में प्राकृतिक क्षेत्रों का विखंडन, विनाश और परिवर्तन शामिल है, जिन्हें पक्षियों को अपने वार्षिक या मौसमी चक्र को पूरा करने की आवश्यकता होती है।

***फीके-फीके हो गए, जंगल के सब खेल ।***
***हरियाली को रौंदती, गुजरी जब से रेल ।।***
***नहीं रहे मुंडेर पर, तोते-कौवे-मोर ।***
***लिए मशीनी शोर है, होती अब तो भोर ।।***

1800 के दशक के बाद से अधिकांश पक्षी विलुप्त होने के लिए आक्रामक प्रजातियां जिम्मेदार हैं, जिनमें से अधिकांश समुद्री द्वीपों पर हुई हैं। उदाहरण के लिए, अकेले हवाई में, आक्रामक रोगजनकों और शिकारियों ने 71 पक्षी प्रजातियों के विलुप्त होने में योगदान दिया है। कुछ पक्षियों का अवैध शिकार वाणिज्यिक और निर्वाह उद्देश्यों के लिए, भोजन के लिए, या उनके पंखों के लिए किया जाता है। ऐतिहासिक रूप से, कुछ प्रजातियों का अत्यधिक शिकार विलुप्त होने का प्रमुख कारण रहा है। स्थानीय स्तर पर निर्वाह के शिकार के परिणामस्वरूप शायद ही कभी प्रजातियों का विलोपन होता है। व्यावसायिक शिकार से किसी प्रजाति के मरने की संभावना अधिक होती है।

***अमृत चाह में कर रहे, हम कैसे उत्थान ।***
***जहर हवा में घोलते, हुई हवा तूफान ।।***
***बेचारे पंछी यहां, खेलें कैसे खेल ।***
***खड़े शिकारी पास में, ताने हुए गुलेल ।।***

जलवायु परिवर्तन से आवास के नुकसान और आक्रामक प्रजातियों के खतरों के साथ-साथ नई चुनौतियों का निर्माण करने का खतरा है, जिन्हें पक्षियों को दूर करना होगा। इसमें आवास वितरण में बदलाव और चरम खाद्य आपूर्ति के समय में बदलाव शामिल है जैसे कि पारंपरिक प्रवासन पैटर्न अब पक्षियों को नहीं रख सकते हैं जहां उन्हें सही समय पर होने की आवश्यकता होती है। अन्य मानव निर्मित संरचनाओं के साथ टकराव भी एक इनकी मौत का कारण है। उदाहरण के लिए, पावरलाइन पक्षियों के लिए एक खतरा पेश करती है, विशेष रूप से बड़े पंखों वाले, और हर साल 25 मिलियन पक्षियों की मौत का अनुमान है। संचार टावरों का अनुमान है कि हर साल 7 मिलियन पक्षियों की मौत हो जाती है और रात में प्रवास करने वाले पक्षियों के लिए एक विशेष खतरा पैदा होता है।

***वाहन दिन पर दिन बढ़े, खूब मचाये शोर ।***
***हवा विषैली हो गई, धुआं चारों ओर ।।***
***बिन हरियाली बढ़ रहा, अब धरती का ताप ।***
***जीव-जगत नित भोगता, कुदरत के संताप ।।***

कीटनाशक और अन्य विषाक्त पदार्थ के कारण यूएस फिश एंड वाइल्ड लाइफ सर्विस का अनुमान है कि हर साल लगभग 72 मिलियन पक्षी कीटनाशक विषाक्तता से मर जाते हैं। पक्षियों पर कीटनाशकों के वास्तविक प्रभाव का आकलन करना मुश्किल हैः प्रदूषण और विषाक्त पदार्थ उप-घातक प्रभाव पैदा कर सकते हैं जो सीधे पक्षियों को नहीं मारते हैं, लेकिन उनकी लंबी उम्र या प्रजनन दर को कम करते हैं। कीटनाशकों के अलावा, भारी धातुओं (जैसे सीसा) और प्लास्टिक कचरे सहित अन्य संदूषक भी पक्षियों के जीवन काल और प्रजनन सफलता को सीमित करते हैं। तेल और अन्य ईंधन रिसाव का पक्षियों, विशेष रूप से समुद्री पक्षियों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तेल पक्षियों के पंखों का सबसे बड़ा दुश्मन है है, जिससे पंख अपने जलरोधक गुणों को खो देता है और पक्षी की संवेदनशील त्वचा को अत्यधिक तापमान में झुलसा देता है।

***जीना दूभर है हुआ, फैले लाखों रोग ।***
***जब से हमने है किया, हरियाली का भोग ।।***
***शहरी होती जिंदगी, बदल रहा है गांव ।***
***धरती बंजर हो गई, टिके मशीनी पांव ।।***

दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त पक्षी प्रजातियों की रक्षा करें,महत्वपूर्ण जैव विविधता वाले क्षेत्रों में पक्षी सर्वेक्षण करना,पक्षियों की रक्षा के लिए आर्द्रभूमि की रक्षा करें संरक्षण रणनीति में जनसंख्या बहुतायत और परिवर्तन का विश्वसनीय अनुमान लगाना शामिल है। अधिक कटाई वाले जंगली पक्षियों की मांग में कमी के लिए नए और अधिक प्रभावी समाधान बड़े पैमाने पर लागू किए गए। हरित ऊर्जा संक्रमण की निगरानी करना जो अनुपयुक्त तरीके से लागू किए जाने पर पक्षियों को प्रभावित कर सकते हैं।

***रोज प्रदूषण अब हरे, धरती का परिधान ।***
***मौन खड़े सब देखते, मुंह ढांके हैरान ।।***
***हरे पेड़ सब कट चले, पड़ता रोज अकाल ।***
***हरियाली का गांव में, रखता कौन ख्याल ।।***

पक्षी पर्यावरणीय स्वास्थ्य के अत्यधिक दृश्यमान और संवेदनशील संकेतक हैं। उनका नुकसान जैव विविधता के व्यापक नुकसान और मानव स्वास्थ्य और कल्याण के लिए खतरे का संकेत देता है। इस प्रकार, हमें तेजी से बड़े पैमाने पर विलुप्त होने की गति को कम करने के लिए प्रकृति पर बढ़ते मानव पदचिह्न को कम करने के लिए सरकार, पर्यावरणविदों और नागरिकों के समन्वित कार्यों की आवश्यकता है।

***सच्चा मंदिर है वही, दिव्या वही प्रसाद ।***
***बंटते पौधे हों जहां, संग थोड़ी हो खाद ।।***
***पेड़ जहां नमाज हो, दरख्त जहां अजान ।***
***दरख्त से ही पीर सब, दरख्त से इंसान ।।***

# जीवन की डोर : एकै साधे सब सधे!



गिरीश्वर मिश्र

जीवन की डोर सांसों से बंधी होती है इसलिए सामान्य व्यवहार में सांस लेना जीवन के पर्याय या लक्षण के रूप में प्रचलित है। सांस अन्दर लेना और बाहर निकालना एक स्वतःचालित स्वैच्छिक शारीरिक क्रिया है जो शरीर में दूसरी प्रक्रियाओं को प्रभावित करती है और हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सीधा असर डालती हैं। योग-विज्ञान में सांस लेना सिर्फ शारीरिक अभ्यास नहीं है। वह आध्यात्मिक विकास की राह भी है और तन-मन से स्वस्थ बने रहने का एक सरल नुस्खा भी है। योग के अंतर्गत प्राणायाम में सांस लेने के विभिन्न तरीकों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी है। योगियों की अनेक उपलब्धियां का आधार सांसों के नियंत्रण में ही छिपा हुआ है। प्राणायाम का अर्थ होता है प्राण का विस्तार और उसकी अभिव्यक्ति।

हमारा मन प्राण के साथ वैसे ही जुड़ा रहता है जैसे एक पतंग धागे से जुड़ी रहती है। धागा अच्छी तरह पकड़े रहते हैं या प्राण शक्ति निर्यंत्रित रहती है तो चंचल मन नियंत्रित और वांछित दिशा में सक्रिय होता है। सांस का विज्ञान प्राण को नियंत्रण में लाता है जिसके फलस्वरूप मन पर साधक का अधिकार स्थापित होता है। वस्तुतः प्राण की ऊर्जा सम्पूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है और वही शरीर में भी व्यक्त होती है। शरीर में प्राण-शक्ति के अनेक कार्य हैं जिनको ध्यान में रख कर पांच तरह के प्राणों की पहचान की गई है झ उदान, प्राण, समान, अपान और व्यान। उदान लेरीनेक्स के ऊपर के भाग में और विशिष्ट इंद्रियों से जुड़ा होता है। प्राण हृदय के आधार से लेकर लेरीनेक्स तक सक्रिय रहता है। यह वाक्शक्ति और श्वसन प्रणाली से जुड़ा है। समान हृदय और नाभि के बीच सक्रिय होता है और पाचन क्रिया से भी जुड़ा है। अपान नाभि के नीचे स्थित रहता है और किडनी तथा मूत्राशय आदि अन्य अंगों को प्रभावित करता है। व्यान पूरे शरीर में व्याप्त रहता है और सभी पेशियों और जोड़ों के संचालन से जुड़ा होता है। प्राण की ऊर्जा बहुत सूक्ष्म होती है जिसे श्वास के सभ्यास से नियंत्रित किया जाता है। श्वांसों पर नियंत्रण के लिए सांस अंदर लेने और बाहर निकालने, उसे रोकने आदि की गति, अवधि, तीव्रता तथा आवृत्ति आदि में बदलाव किया जाता है। वस्तुतः कोई भी रोग हमारी प्राण शक्ति के प्रवाह में असंतुलन का परिणाम होता है।

हमारी श्वास-प्रश्वास की प्रक्रिया प्राणिक ऊर्जा का मूल आधार होती है। हम सब एक दिन में लगभग 20,000 बार सांस लेते हैं। सांस को फेफड़े के अन्दर लेते समय हृदय गति बढ़ जाती है और सांस को बाहर निकालते हुए कम हो जाती है। हमारा तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) भी सांस की गति के प्रति संवेदनशील रहता है। हम अच्छी तरह सांस लेये हुए तनाव में कमी और अन्दर से ऊजार्वान महसूस करते हैं। अपने सांस पर ध्यान देकर स्वास्थ और दीघार्यु पा सकते हैं। रोचक बात यह है कि हम अपनी सांस लेने के क्रम को आवश्यकतानुसार बदल भी सकते हैं और अपनी पूरी शरीर-प्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं। सांस का सायास प्रयोग कब शुरू हुआ यह तो मालूम नहीं पर भारत में निश्चय ही इसकी बड़ी पुरानी परम्परा मौजूद रही है। श्रीमद्भगवद्गीता में सांस लेना (पूरक), सांस को छोड़ना (रेचक) और सांस को रोकना (कुंभक) इन तीन प्रक्रियाओं का वर्णन मिलता है। तिबती परम्परा में भी इस पर बल दिया गया है। अनुष्ठान करने में, चिकित्सा में, अध्यात्म और धार्मिक अभ्यास में, ध्यान और शारीरिक कला-कौशल विकसित करने आदि सबमें श्वास-प्रश्वास का महत्त्व पाया गया है। वस्तुतः सांस लेना सिर्फ वायु का भौतिक रूप से गतिशील होना नहीं हैं। इसे ऊर्जा, शक्ति, प्राण, ब्रह्मानंद और आत्मा तक से भी जोड़ा गया है।

योग की ज्ञान-परम्परा में प्राणिक ऊर्जा को नियमित करने और सकारात्माक रूप से संचारित करने के लिए प्राणायाम पर बल दिया गया है। चिकित्सा जगत की इसमें बहुत दिनों तक कोई खास रुचि न थी। बीसवीं सदी के मध्य तक आते-आते यह स्पष्ट हुआ कि श्वांस लेने और निकालने के दर (रेट) का स्वास्थ पर सीधा प्रभाव पड़ता है। दमा (अस्थमा) वस्तुतः श्वांस की कमी से जुडा है।

## सूडोकु नवताल- 7112

✱✡✡✡✡ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagruti...com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# पोस्टमार्टम हाउस में व्याप्त गंदगी व बदबू से आसपास के लोग परेशान

**पोस्टमार्टम हाउस में तैनात कर्मी मृतक के परिजनों से करते हैं अवैध वसूली**

**लावारिस लाश के दाह संस्कार के लिए पुलिस को जेब से खर्च करने पड़ते हैं, पैसे**



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनिराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस की इन दिनों स्थिति बद से बदतर हो गई है। यहां पर शव का पोस्टमार्टम करवाने पहुंचने वाले परिजनों को बैठने और पानी पीने तक की सुविधा नहीं है। बैठने और पानी पीने के लिए लोगों को इधर-उधर भटकते रहते है।लोग गंदगी में ही जहां तहां बैठने को मजबूर रहते हैं।जबकि पोस्टमार्टम करवाने में परिजनों को यहां घंटो इंतजार करना पड़ता है।

वही यहां पर चिर फाड़ करने वाले कर्मचारी मनमाने ढंग से मृतक के परिजनों से अवैध पैसे की वसूली करते है।बताते चलें कि गुरुवार को पांडू में एक महिला और एक बच्चे की हत्या कर दी गई थी शुक्रवार की सुबह मृतक के परिजन शव को लेकर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पोस्टमार्टम करवाने पहुंचे थे।वहाँ पर पोस्टमार्टम हाउस में कर्मचारियों के द्वारा मृतक के परिजनों से पोस्टमार्टम होने के बाद शव का सिलाई करने के लिए 25 सौ रुपये मनमानी रकम मांग रहे थे। नहीं देने पर पोस्टमार्टम हाउस के कर्मी मृतक के परिजनों से झगड़ा करने पर उतारू हो गए।इसके बाद लोगो के समझाने पर 1500 लेकर कर्मचारियों ने मृतक के शव का सिलाई किया। यदि समय पर पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारियों का पोस्टमार्टम होने के बाद शव के सिलाई करने का रेट तय नहीं किया गया तो कभी भी यहां पर विवाद हो सकता है।

इतना ही नहीं पोस्टमार्टम हाउस में अज्ञात शव को रखने के लिए डीप फ्रीजर भी नहीं है।जिसके वजह से अज्ञात शव कई दिनों तक पोस्टमार्टम हाउस में ही पड़ा रहता है,इससे आसपास के क्षेत्र में काफी दुर्गंध फैल रही है,जिसके वजह से आसपास के लोग काफी परेशान हैं।पोस्टमार्टम हाउस के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि कभी-कभी तो पोस्टमार्टम हाउस से इतनी बदबू आती है कि लोगों को खाना खाना भी मुहाल हो जाता है।स्थानीय लोगों ने अस्पताल अधीक्षक से पोस्टमार्टम हाउस का बेहतर साफ-सफाई करवाने का आग्रह किया है।

**लावारिस लाश के दाह-संस्कार में पुलिस को जेब से खर्च करने पड़ते है, पैसे**

लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार पुलिस महकमे के लिए टफ टास्क है। एक तो इसके लिए पैसे कम मिलते हैं, वह भी समय पर नहीं। राशि खर्च किए जाने के बाद उनका विपत्र बनता है और उसे पास होने में महीनों लग जाते हैं।पुलिस से बातचीत में जो तथ्य सामने आए हैं उसके अनुसार लंबी प्रक्रिया व अल्प राशि के कारण वे इसका भुगतान लेने में भी रुचि नहीं दिखाते। हालांकि लावारिस लाश आने पर उनका दाह-संस्कार करवाना पुलिस की मजबूरी होती है।लावारिस लाशों के दाह-संस्कार में पुलिस के लिए सिर्फ पैसे ही समस्या नहीं, बल्कि उन्हें इसके लिए कई समस्याओं से जूझना पड़ता है। सबसे पहले तो घटनास्थल से भीड़ के बीच से पुलिस जीप पर लादकर लाश को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया जाता है। दूसरी ओर गवाह के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है। मतलब लाश के जलाए जाने तक पुलिस की यह बड़ी जिम्मेदारी बनी रहती है।एक लाश को जलाने के लिए कम से कम तीन क्विंटल लकड़ी की जरुरत होती है। इसके अलावा कफन समेत अन्य खर्च भी उठाने पड़ते हैं। इन सबमें पुलिस को तीन से पांच हजार रुपये का खर्च करना पड़ता है। लेकिन कल्याण विभाग की तरफ से एक लावारिस लाश के दाह-संस्कार के लिए सिर्फ पांच सौ रुपये का ही प्रावधान है। कई लोगों ने बताया कि अब वह 500 रुपए भी पुलिस को नहीं दिया जाता है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लावारिस लाशों का दाह-संस्कार करके ही सिर्फ मामला खत्म नहीं होता। उसके बाद उसका फोटोग्राफ भी रखना पड़ता है ताकि कभी भी उसकी शिनाख्त कराई जा सके। अगर, नहीं होती है तो भी थाने की रिकॉर्ड में रखना है।

## झारखंडियों को अपना अधिकार एवं भाषा की जो पहचान नहीं मिली है उसे दिलाना हमारी प्रतिज्ञा : जयराम महतो



संवाददाता

**हुसैनाबाद/ पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड के अंतर्गत लंगर कोट गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में शुक्रवार को जेबीकेएसएस के मुखिया टाइगर जयराम महतो को युवाओं ने भाव स्वागत किया यह कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमंडलीय संगठन मंत्री सोनू कुमार पटेल ने की जबकि मंच संचालन संयुक्त रूप डॉ रामचन्द्र चौधरी ने किया टाइगर जयराम महतो का पलामू और गढ़वा दौरा का पहला कार्यक्रम था हुसैनाबाद में पहुंचकर शहर के दाता नगर सैकड़ो युवाओं के फूल माला से स्वागत किया और नारा लगाया देखो देखो कौन आया शेर आया शेर आया टाइगर जरा महतो जिंदाबाद के नारे उसके बाद शहर सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर मालपान पर वही ग्राम नगरकोट के सभा को संबोधित किया टाइगर जयराम महतो ने कहा की पलामू गढ़वा के धरती को नमन करता हूं, यहां के लोगों ने मुझे बहुत प्यार दिया, उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य सत्ता पाना नहीं बल्कि झारखंड राज्य अलग होने के 24 वर्ष बाद भी झारखंडियों को अपना अधिकार एवं भाषा की जो पहचान नहीं मिली है उसे दिलाना हमारा प्रतिज्ञा है। उन्होंने कहा की झारखंड की खनिज संपदा से लेकर सभी जगह पर बहरियों का कब्जा है।

झारखंड के राजनीतिक दिल्ली से तय की जाती है और यहां की जनता की जल जंगल जमीन पर बंगाल और अन्य राज्य की तिजोरी भरी जाती है, जयराम महतो दिखावा नहीं करना चाहता बल्कि मुझे सिर्फ झारखंड एवं झारखंडी जनमानस को जगाना है ताकि राज्य की एक अपनी पहचान मिले, यहां के युवाओं को राज्य में हिस्सेदारी, जयराम महतो जी का आना हुआ कि राजनीतिक पार्टियों में खलबली मौके पर प्रमंडलीय संगठन मंत्री सोनू कुमार पटेल डॉ रामचन्द्र चौधरी अंकित पासवान संगठन मंत्री प्रीति पासवान केंद्रीय महिला उपाध्यक्ष आदित्य महासचिव दिलीप मेहता जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी हैदर नगर प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण राम महासचिव लकी पटेल संतोष पटेल सुमित पटेल बबलू पटेल पवन पटेल दिवाकर पटेल नीतीश पटेल, डॉक्टर अमरजीत यादव प्रमोद मेहता मनोज सिंह राहुल कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अपने विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाएंगे विधायक आलोक चौरसिया

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास की दिशा में एक नया कदम बढ़ाते हुए, विधायक आलोक चौरसिया के अथक प्रयासों से डालटनगंज आरओबी से सेमरा माइंस तक 16.8 किमी लंबी सड़क का निर्माण जल्द ही शुरू होने जा रहा है। यह परियोजना क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो लंबे समय से इस सड़क की मांग कर रहे थे।यह सड़क निर्माण न केवल स्थानीय निवासियों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बेहतर कनेक्टिविटी से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्वास्थ्य सेवाओं तथा शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंच में सुधार होगा।उक्त बातें विधायक आलोक चौरसिया ने निविदा पास होने के बाद कही।विधायक आलोक चौरसिया की युवा और गतिशील नेतृत्व शैली ने इस डाल्टनगंज-सेमरा सड़क निर्माण परियोजना को साकार किया है। उनकी दूरदर्शिता और जनहित में की गई पहल ने क्षेत्र में विकास की नई राह खोली है। वे लगातार क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित रहे हैं, और यह परियोजना उनके संकल्प और समर्पण का प्रमाण है।डालटनगंज आरओबी से सेमरा माइंस तक की सड़क का निर्माण क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। विधायक आलोक चौरसिया, जो अपनी युवावस्था, दूरदर्शिता और मासूमियत भरे व्यवहार के लिए जाने जाते हैं, ने जनता का विश्वास अर्जित किया है। इस परियोजना की घोषणा के बाद लोगों ने अपनी खुशी व्यक्त की है, जिससे क्षेत्र में विकास की एक नई शुरूआत हुई है।

## कंस्ट्रक्शन कंपनी पर हमला करने वाले चार माओवादी गिरफ्तार



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधायक कमलेश कुमार सिंह के भाई विनय कुमार सिंह के कंस्ट्रक्शन कंपनी पर हमला करने वाले चार माओवादियों को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार माओवादी कई नक्सल घटनाओं में शामिल रहे हैं. इनके पास से पुलिस ने माओवादी पर्चा भी बरामद किया है।दरअसल 26 जून को पलामू के हैदरनगर थाना क्षेत्र में रोड निर्माण स्थल पर माओवादियों ने हमला किया था और तीन वाहनों को फूंक दिया था. इस हमले का नेतृत्व 15 लाख के इनामी माओवादी नितेश यादव ने किया था. घटना के बाद पलामू पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था. सर्च अभियान के क्रम में पलामू पुलिस ने हमले के आरोपी मृत्युंजय यादव, सुरेश रजवार, बृजदेव रजवार और कामेंद्र राम को गिरफ्तार किया है. मृत्युंजय यादव हरिहरगंज थाना क्षेत्र के लंगूराही, सुरेश रजवार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बिलासपुर, ब्रिजदेव रजवार हैदरनगर थाना क्षेत्र के सरिया और कामेंद्र राम कमगारपुर का रहने वाला है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि हमले के बाद एसआईटी का गठन किया गया था. एसआईटी ने सभी नक्सली को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार नक्सलियों में बृजदे रजवार और कामेंद्र राम माओवादियों के लिए पोस्टर भी लगाते थे।बताते चले की 26 जून को पलामू के हैदरनगर थाना क्षेत्र के सड़ेया में माओवादी नितेश यादव ने रोड निर्माण स्थल पर हमला किया था. रोड का निर्माण विधायक कमलेश कुमार सिंह के भाई विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह की कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही थी. माओवादियों ने लेवी के लिए हमले को अंजाम दिया था. सर्च अभियान में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार, हुसैनाबाद इंस्पेक्टर आशुतोष प्रताप नारायण, हुसैनाबाद थाना प्रभारी रामाशंकर पटेल, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजाल अंसारी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी, दंगवार पिकेट प्रभारी संजय यादव शामिल थे।

**पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तर कर भेजा जेल:** पलामू पुलिस में लूटकांड में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जल भेज दिया है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि दिनांक 18 जून को चैनपुर थाना अंतर्गत मंगरदाहा घाटी से दो (02) अपराधकर्मियों के द्वारा एक व्यक्ति से मोटर साईकिल रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 03वी5211, एक ओपो कम्पनी का मोबाईल एवं 1500 रूपया नकद लुट ली गई थी।

## भूमि व राजस्व से सम्बंधित स्पेशल लोक अदालत में 16 हजार 128 मामले का निस्तारण

**34 करोड़ 29 लाख 57 हजार 756 रुपये का मामला सेटल**

**मेदिनीनगर।** भूमि व राजस्व से सम्बंधित मामले के निपटारे के लिए शनिवार को ब्यवहार न्यायालय परिसर में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया।लोक अदालत में भूमि अधिग्रहण व रेवेन्यू से सम्बंधित 16 हजार 128 मामले का निस्तारण किया गया।34 करोड़ 29 लाख57 हजार 756 रुपये का मामला सेटल किया गया।इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि झालसा के दिशा निर्देश पर आज भूमि अधिग्रहण व रेवेन्यू मेटर को ले स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया था।साथ ही साथ मासिक लोक अदालत का भी आयोजन किया गया था।इसमे सुलह समझौता के आधार पर कुल 110 मामले का निस्तारण किया गया।व एक लाख 24 हजार 450 रुपये का मामला सेटल हुआ।वन विभाग के सात केस में 88 हजार 500 रुपये राजस्व प्राप्त हुआ।उत्पाद विभाग के छह केस में 33 हजार 750 रुपए राजस्व मिला।बिधुत विभाग के 16 मामले निपटाए गए।मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस के एक मामला का निपटारा किया गया।जी आर के नव केस निपटाए गए।रेलवे के आठ मामले का निस्तारण किया गया।व 2200 रुपये राजस्व वसूला गया।107 सीआरपीसी के 61 मामले का निस्तारण किया गया।वही प्री लिटिगेशन के दो मामले का निपटारा किया गया।इस मौके पर न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता ,लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, पी एल भी,वन विभाग,उत्पाद विभाग से जुड़े लोग के अलावे दर्जनों वादकारी उपस्थित थे।

## 45 वर्षीय व्यक्ति तीन दिन से लापता,तलाश में जुटी पुलिस



**मेदिनीनगर।** नावाबजार थाना क्षेत्र के सोहदाग खुर्द गांव निवासी स्वर्गीय शदीक अंसारी के पुत्र शमशेर अंसारी उम्र 45 वर्ष बीते तीन दिनों से अपने घर से लापता है। जानकारी के अनुसार शमशेर अंसारी के घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी।

इसके कारण तीन दिन पहले वह किसी से पैसे मांगने के लिए अपने घर से निकला था।उसके बाद से वह अपने घर नही लौटा उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है।वही उसके गुम हो जाने के बाद परिजनों के द्वारा नावाबाजार थाना में गुमसूदगी का मामला दर्ज कराया गया है। वही मामला दर्ज होने के बाद से नावाबाजार थाना की पुलिस भी शमशेर अंसारी की तलाश में जुट गई है।वही शमशेर के गुम हो जाने के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने आम जनों से आग्रह किया है कि यदि कहीं भी यह व्यक्ति दिखे तो पुलिस को इसकी सूचना दें।

## हौसलों का परवान है प्रतिभा सम्मानः अविनाश



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मैट्रिक इंटर पास विद्यार्थियों के लिए हिन्दुस्तान अखबार द्वारा स्थानीय टाउन हॉल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पलामू जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों को आज के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर प्रतिभा को सम्मान किये। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किए। हिंदुस्तान अखबार के पलामू हेड मोमेंटो पुष्पगुच्छ देकर बतौर विशिष्ट अतिथि स्वागत किए। बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किए। अपने संबोधन में हमने कहा हिंदुस्तान अखबार द्वारा यह सम्मान बच्चों के हौसलों को परवान दिया जा रहा है सपनो को पंख लगाया जा रहा है। यही बच्चे राष्ट्र के निमार्ता हैं परिवार के सहारा हैं समाज के रीढ़ हैं।

हम इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। मुझे पूरा यकीन है ये बच्चे भविष्य में बेहतर करेंगे। हम भरोसा देते हैं इन विद्यार्थियों को पठन पाठन में हर संभव मदद करेंगे।

**तीन नए आपराधिक कानून में जांच**

## मुकदमे और अदालती कार्यवाही में प्रद्योगिकी पर खास पहल होगा



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पहली जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानूनो में जांच ,मुकदमे और अदालती कार्यवाही में प्रधौगिकी पर जोर दिया गया है। एक बातें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहीं। वे शुक्रवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में बन्दियों के बीच तीन नए आपराधिक कानून के बारे में जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि नए कानून के तहत एक व्यक्ति सशरीर पुलिस स्टेशन में उपस्थित हुए बगैर भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटना के रिपोर्ट कर सकता है ।इससे पुलिस को भी त्वरित कार्रवाई में मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि नए कानून में जीरो एफआईआर की शुरूआत की गई है। पीड़ित किसी भी थाना में अपनी एफ आई आर दर्ज करा सकता है ।पीड़ित को एफ आई आर की निशुल्क कॉपी भी मिलेगी ।

उन्होंने कहा कि सशक्त जांच के लिए गंभीर आपराधिक मामलों में सबूत जुटाने के लिए क्राइम सीन पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों का जाना अनिवार्य है।उन्होंने कहा कि सबूत एकत्र करने की प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी अनिवार्य होगी। साथ ही महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध में जांच एजेंसी को दो महीने के अंदर जांच पूरी करनी होगी। 90 दिनों के अंदर पीड़ितों को केस में प्रगति की नियमित अपडेट देनी होगी। इस कानून के तहत अपराध के शिकार महिला और बच्चों को सभी अस्पतालों में फर्स्ट एड या इलाज निशुल्क मिलने की गारंटी की गई है। उन्होंने कहा कि गवाहों की सुरक्षा व सहयोग के लिए विट नेस प्रोटेक्शन प्रोग्राम लागू कीए जाने का प्रावधान हैं। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म पीड़िताओं को ऑडियो वीडियो माध्यम से पुलिस के समक्ष बयान दर्ज करने की छूट दी गई है।

उन्होंने कहा कि 15 साल से कम आयु व 60 साल से अधिक और दिव्यांग और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन में पेश होने से छूट दी गई है। उन्हें पुलिस की मदद अपने निवास स्थान पर ही मिलेगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता में कौन सा कृत्य अपराध है और उसके लिए क्या सजा होगी आईपीसी कानून में 511 धाराएं थी जबकि नए बीएनएस में 358 धाराएं है। नए कानून में 21 नए अपराधों को भी सम्मिलित किया गया है ।सीआरपीसी में 484 धाराएं थी जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं ।नए कानून में सीआरपीसी की 177 धाराओ को बदल गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई है ।नए कानून में 14 धाराओं समाप्त की गई है । उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी जांच और मुकदमा चलाने की प्रक्रिया सीआरपीसी में होती है ।उन्होंने कहा कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत 170 धाराएं हैं। जबकि पूर्व में इसमें 166 धाराएंहै। मुकदमे के सबूत कैसे साबित किया जाएगा बयान कैसे दर्द होंगे यह सब भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत 170 धाराओं के तहत होगा। नए कानून में 24 धाराओं में बदलाव किया गया है ।और दो नई धाराएं साक्ष्य अधिनियम में भी जोड़ी गई है ।नए कानून में पुरानी छह धाराएं को समाप्त भी कर दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि नए कानून में नाबालिक से दुष्कर्म करने के दोषियों को अब फांसी की सजा दी जा सकेगी ।गैंग रेप के मामले में 20 साल की कैद या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा नाबालिक के साथ गैंगरेप को नए अपराध की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि नए कानून में आतंकवादी कृत्य जो पहले गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम जैसे खास कानूनों का हिस्सा थे इसे अब भारतीय न्याय संहिता में शामिल किया गया है ।

## दो भाइयों के बीच हुए मारपीट में एक भाई गंभीर रूप से घायल



**मेदिनीनगर।** पांडू थाना क्षेत्र के कजरु गांव में शनिवार की सुबह दो भाइयों के बीच खेत को लेकर हुवे विवाद में एक भाई अमरनाथ माली उम्र 50 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया।इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल अमरनाथ माली को इलाज के लिए पांडू सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया।जहा इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुवे उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।इस घटना के बारे में घायल की पत्नी सुनैना देवी ने बताया कि शनिवार की सुबह अमरनाथ माली अपने खेत में घास सोह रहे थे। इसी बीच उनका सौतेली मां का बेटा विजय माली खेत में पहुंचकर उनसे बहस करने लगा। बहस होने के बीच विजय माली ने अमरनाथ माली को लाठी डंडे से सिर में मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही इस घटना के बाद परिजनों के द्वारा घटना से संबंधित मामले की जानकारी पांडू थाना की पुलिस को दे दी गई है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटना से संबंधित मामलों की छानबीन में जुट गई है।

## पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत करने चार दिनी विदेश यात्रा पर सपत्नी रवाना हुए पर्यावरणविद कौशल



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के टाउन हॉल में गुरुवार को और दिल्ली के पहाडगंज के राजकीय कन्या विद्यालय में शनिवार को विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 57 वां वर्ष और पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के 47 वां वर्ष पुरा होने के उपरांत इस वर्ष भी पांच देशों और देश के 10 राज्यों में अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।। इस दौरान लोगों को पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट की जानकारी उपलब्ध कराते हुए पौधरोपण कर हम प्रदूषण दूर कर पर्यावरण व प्रकृति की रक्षा करेंगे। इतना ही नहीं इस अभियान के तहत लोगों को जलवायु परिवर्तन, भीषण गर्मी और जल संकट पर काबू पाने के तरीकों को बताकर जागरूक किया जाएगा। ताकि ग्लोबल वार्मिंग की कहर से उन्हें बचाया जा सके।

पिछले वर्ष इस अभियान का शुभारंभ सिंगापुर और मलेशिया में पौधा रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया गया था। इस वर्ष रशियन कंट्री के अजहरबाजान देश के राजधानी बाकू से पौधा रोपण व रक्षाबंधन कर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

## एक नजर

### कोलकाता के कई हिस्सों में अधिकारियों की तलाशी



**कोलकाता।** कोलकाता में फिर एक्शन मूड में ईडी। शहर के कुल 8 स्थानों पर तलाशी की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, विदेशी वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े किसी मामले में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। ईडी के अधिकारी शनिवार सुबह साल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स से निकले। वहां से अधिकारियों का एक दल दक्षिण कोलकाता के अलीपुर पहुंचा। वहां एक कारोबारी के फ्लैट की तलाशी ली जा रही है। अलग-अलग छोटी-छोटी टीमों में बंटकर ईडी के अधिकारी साउथ सिटी, लेकटाउन, जादवपुर समेत कुल आठ जगहों पर तलाशी कर रहे हैं। उनके साथ केंद्रीय सेना के जवान हैं। गौरतलब है कि इसी हफ्ते सीबीआई ने विकास भवन के गोदाम में भी समय-समय पर तलाशी ली थी। बुधवार और गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी वहां तलाश जारी रही। दोपहर के आसपास, सीबीआई अधिकारियों को दस्तावेजों से भरे बैग के साथ बाहर आते देखा गया। बैग में मौजूद दस्तावेजों के बारे में सीबीआई ने अभी तक कुछ नहीं कहा है।

### विजय अरोड़ा बने मोतिहारी सेंट्रल जेल के अधीक्षक

**पूर्वी चंपारण ।** मोतिहारी सेंट्रल जेल के जेल अधीक्षक विधु कुमार का तबादला कर दिया गया है। वह अब बेउर जेल पटना के केंद्र अधीक्षक बनाए गए हैं। गया सेंट्रल जेल के अधीक्षक विजय कुमार अरोड़ा मोतिहारी सेंट्रल जेल के नए अधीक्षक होंगे। सूबे में बड़े पैमाने पर जेल अधीक्षकों का तबादला किया गया है, जिसमें मोतिहारी भी शामिल है। उल्लेखनीय है,कि विधु कुमार तकरीबन 4 साल से अधिक समय से मोतिहारी सेंट्रल जेल के जेल अधीक्षक रहे हैं। उनके कार्यकाल को कई मायनो में काफी सराहनीय बताया जा रहा है।

### संजय झा बने जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

**पटना।** जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बड़ा फैसला लिया है। नीतीश कुमार ने सर्वसम्मति से अपने करीबी संजय झा को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। संजय झा को नीतीश कुमार का खास माना जाता है और अब उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिली है। कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद संजय झा अब जदयू का कामकाज देखेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद अब भी नीतीश कुमार के पास ही है। ऐसे में किसी भी बड़े फैसले पर अंतिम मुहर नीतीश कुमार की ही होगी। संजय कुमार को जदयू का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव खुद नीतीश कुमार ने रखा, जिसके बाद सर्वसम्मति से संजय झा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में रविवार तक चलेगी। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मिशन-2025 की तैयारी पर चर्चा हुई। जदयू के नेताओं ने कहा कि इस बैठक में अलग-अलग राज्यों की पार्टी इकाई की ओर से संगठन को मजबूत बनाए जाने को लेकर कई सुझाव दिए गए।

### लॉरी और पिकअप वैन में टक्कर, 2 सब्जी विक्रेताओं की मौत

**कोलकाता।** लॉरी और पिकअप वैन के बीच टक्कर। एक दर्दनाक हादसे में 2 लोगों की जान चली गई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर के सहापारा में हुई इस घटना के कारण कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम हो गया। यातायात बाधित हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कई लोग सूर्यपुर से सब्जी लेकर जादवपुर जा रहे थे। रास्ते में पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पहले एक बिजली पोल से टकराई। बारुईपुर में गोचरान की ओर जा रही एक लॉरी से पिकअप वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से 2 की मौत हो गई। बाकी तीन को गंभीर हालत में इलाज के लिए बारुईपुर अस्पताल लाया गया। शुरूआती इलाज के बाद 3 लोगों की हालत बिगड़ गई। उन्हें कलकत्ता स्थानांतरित कर दिया गया। घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गयी है। हादसे के कारण यातायात बाधित हो गया। बारुईपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

### जदयू राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर सांसद संजय कुमार झा को दी बधाई

**मधुबनी।** जिला के अररिया गांव निवासी राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा को शनिवार को जदयू का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।इस उपलब्धि से जिला के लोगों में हर्ष है। पूर्व मंत्री, राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा की इस ऐतिहासिक सफलता और पद प्राप्ति पर शनिवार को स्थानीय बुद्धिजीवियों, गणमान्य लोगों सहित समाज सेवियों ने संजय झा को बधाई दी है। प्रबुद्ध लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया।जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार झा ने कहा कि मिथिलांचल गौरवान्वित है।ऐतिहासिक क्षण में आमजन की अप्रतिम मनोभाव से मुक्त कंठ एक मात्र स्लोगन सबतरि गुंज उठा।

## 'न्यायपालिका में राजनीतिक पक्षपात अनुचित है'

# सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस से ममता की अपील

**ममता की यह टिप्पणी निराधार है। उनकी टिप्पणियों का जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।**



संवाददाता

**कोलकाता।** हाल ही में कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक के बाद एक अहम फैसले दिए हैं। उन सभी दिशानिर्देशों के साथ राजनीतिक संबंध के भी आरोप लग रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नेशनल ऐकडेमिक अकादमी अनुष्ठान में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के साथ एक मंच पर दिखाई दिए। इस अवसर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवाग्नम भी उपस्थित थे। उस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया, "न्यायपालिका में कोई राजनीतिक पक्षयपातीता नहीं होना चाहिए।"

शनिवार को कार्यक्रम में ममता ने कहा, "मैं किसी इरादे से नहीं बोल रही हूं, न ही मैं किसी को ठेस पहुंचाना चाहती हूं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि अगर न्याय व्यवस्था में राजनीतिक पक्षयपातीता होगा तो लोग कहां जाएंगे? न्यायपालिका हमारे लिए मंदिर-मस्जिद-चर्च-गुरुद्वारे की तरह पवित्र है। सरकार न्यायपालिका के साथ है। मेरा अनुरोध है, न्यायपालिका में कोई राजनीतिक पक्षयपातीता नहीं होना चाहिए। न्यायपालिका ठीक एवं निष्पक्ष होनी चाहिए। गोपनीयता भी बनाए रखी जानी चाहिए। ममता की इस टिप्पणी को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो चुकी है। बीजेपी प्रवक्ता शमिक भट्टाचार्य ने दावा किया, "ममता की यह टिप्पणी निराधार है। उनकी टिप्पणियों का जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

ममता ने यह भी कहा, "मुझे भी अपने परिवार का सदस्य समझें। मैं भी कानून का लोग हूं। मैंने तीन-चार केस लड़े। मैं अब भी बार एसोसिएशन का सदस्य हूं। हमने न्यायपालिका में सुधार के लिए हजार हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं। मैंने 70 एकड़ जमीन दी है। मैंने राजारहाट में एक नया उच्च न्यायालय स्थल दिया है।

ममता के बाद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने बात की। कहा, "न्यायालय को न्याय और बिचार का मंदिर कहा जाता है। हम खुद को उस मंदिर का भगवान समझने की गलती करते हैं। यह बहुत ही खतरनाक है। याद रखें हमारे भी अपने विचार हैं। न्याय को उस सोच के साथ भ्रमित नहीं होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने सभी को याद दिलाया, विविधता को स्वीकार करें और संवैधानिक नैतिकता के रूप में सहिष्णु बनें। अगर कोई मेरे सामने कोर्ट को मंदिर कहता है तो मैं उसे रोकता हूं। क्योंकि मंदिर कहने से तो ऐसा लगता है कि न्यायाधीश देवता हैं। लेकिन ऐसा नहीं है, न्यायाधीश लोगों के सेवक हैं। मुख्य न्यायाधीश ने सलाह दी, न्यायाधीश न्याय करते हैं लेकिन दूसरों के बारे में पक्षयपातीता से ग्रसित नहीं होते। हमें याद रखना चाहिए कि जो हमारे सामने खड़े हैं वे भी इंसान हैं।

## बिहार में पुल गिरने का सिलसिला जारी अब मधुबनी में फुटबाल पुल का गर्डर गिरा



एजेंसी

**पटना।** बिहार में मधुबनी जिले के मधेपुर प्रखंड के लालवारही में फुटबाल पुल का गर्डर बीते शुक्रवार देर शाम गिरने से अफरा-तफरी मच गई है। दो दिन पहले ही गर्डर के ढ़लाई का काम हुआ था। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। गर्डर के लिए जो सेंट्रिंग बनाया गया था वह पानी के तेज बहाव में बह गया था। मामला गर्डर गिरने का है लेकिन कुछ लोगों ने यह अफवाह उड़ाई है कि पुल गिर गया है।

मधेपुर के भूतही बालन नदी में अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने से गर्डर के लिए जो केंद्र बनाया गया था वही पानी के तेज बहाव में बह गया है। बहार में आए दिन पुल के गिरने का मामला सामने आ रहा है। बिहार में बीते कुछ दिनों के अंतराल पर अररिया, सिवान, पूर्वी चंपारण,किशनगंज और अब मधुबनी में पुल गिरने की घटना सामने आई है। किशनगंज में 70 मीटर लंबे पुल का पिलर अचानक ढह गया, जिसके बाद लोग विस्थापित हो गए थे और नीतीश सरकार से सवाल कर रहे थे। लोगों का कहना था कि नीतीश कुमार के राज में और बुरे पुल गिरेंगे। '18 जून को अररिया के सिट्टी में बकरा नदी पर 12 करोड़ का एक पुल गिरने का मामला सामने आया था। जिसके 4 दिन बाद 22 जून को सिवान में दारौंदा और महाराजगंज ब्लॉक को जोड़ने वाली नहर पर पुल गिर गया था। पुल गिरने की तीसरी घटना पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में 23 जून को सामने आई। मोतिहारी के घोड़ोंसहन ब्लॉक में मानक पुल गिर गया था। अब पुल निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहा है। बिहार के किशनगंज में 70 मीटर लंबे पुल का पिलर अचानक ढह गया। दस दिनों के भीतर पुल गिरने की यह चौथी घटना थी जो किशनगंज में हुई है। जहां कनकई और महानंद नदी को जोड़ने वाली सहायक नदी पर बना पुल अचानक सूखने से इलाके में मॉक ड्रिल किया गया।

## मालदा के बीजेपी नेता की 'हथियार डील' का खुलासा, 5 और गिरफ्तार

संवाददाता



**कोलकाता।** भाजपा नेता आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार। मालदा के मानिकचक के नाजिरपुर ग्राम पंचायत के भाजपा प्रधान देबाशीष मंडल समेत छह लोगों को मानिकचक थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मानिकचक थाने की पुलिस ने गिरफ्तार को कोर्ट भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार लोगों में मालदह के मानिकचक थाने के नाजिरपुर ग्राम पंचायत के प्रधान नहीं। बल्कि सरबन मंडल भी शामिल हैं, जिन्हें हथियारों की डीलिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ऐसा पुलिस सूत्रों का कहना है। मानिकचक थाने की पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली और पुलिस ने मानिकचक के हरिपुर इलाके में छापेमारी की। वहां आम के बगीचे से बीजेपी अध्यक्ष समेत इन छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक सात एमएम की पिस्तौल, आठ राउंड कारतूस, दो मैगजीन और दो मोटरसाइकिल बरामद की गईं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी नेता देबाशीष मंडल हथियार सौदे से जुड़े हुए हैं। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या छह लोग असलहा बेचने के मकसद से आम के बाग में इकट्ठा हुए थे। जिला तृणमूल उपाध्यक्ष दुलाल सरकार ने कहा, हम पहले ही कह चुके हैं कि वह भाजपा प्रमुख हैं, मालदा जिले की सीमा एक तरफ बिहार झारखंड से लगती है। देखा जा सकता है कि बिहार झारखंड के वे सभी बदमाश उन जिलों में चोरी, डकैती और सोने की दुकानों में डकैती में शामिल हैं। चूँकि भारतीय जनता पार्टी उन सभी क्षेत्रों में सक्रिय है। ऐसे कई लोग हैं जो उनके संपर्क में रहते हैं। आज बिहार झारखंड नाजिरपुर के मुख्य किनारे पर है, भले ही गंगा उस पार है। वहां से उसने बंगाल को अशांत करने के लिए यह धंधा किया। मुखिया ने वैसा ही किया। सरकार आवश्यक कदम उठाएगी। ऐसे कई लोग हैं जो बिहार से दुस्कोटी के चुनाव प्रचार के दौरान यहां राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने बंगाल को अशांत करने के लिए ये सब बिहार से आये थे। पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, पुलिस कार्रवाई करेगी। यहां भाजपा कार्यकर्ता नेता वहां उपद्रवियों को शरण देते हैं। उससे ये सारी चीजें खरीदते हैं। वे बोले हैं। अगर तृणमूल से कोई शामिल होगा तो हमारी पार्टी साथ नहीं देगी। पार्टी की परवाह किए बिना कोई अन्य कार्य की व्यवस्था की जाएगी।

## अररिया में प्रेम-प्रसंग में नाबालिग की हत्या

**परिजन बोले-घर से बुलाकर इतना पीटा की हो गई मौत**



एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया के कुसार्कांटा प्रखंड के हरिरा पंचायत के वार्ड 13 में एक 17 वर्षीय नाबालिग की पानी में डुबोकर उसके ही रिश्तेदारों ने हत्या कर दी। मृतका कविता कुमारी है, जिसके परिजन ने उसकी हत्या का आरोप उसके मौसा पर लगाया है। मृतका के परिजन ने बताया कि उसकी मां का निधन 10 साल पहले ही हो गई थी, जिसके बाद से वह अपने दो भाई और दो बहन के साथ अपने नाना के घर परफोरा वार्ड 7 में रह रही थी। उसका पैतृक घर हरिरा में ही है। उन्होंने बताया कि ग्राम सौरगांव निवासी शिवानंद सिंह जो मृतका को रिश्ते में मौसा लगता है। बताया जा रहा है कि उसका एक ही आंगन में ससुराल था। गुरुवार की शाम जब वो अपने पिता के घर थी तो शिवानंद सिंह ने उसे फोन कर बुलाया, जिसके बाद उसे घर से कुछ दूरी पर स्थित पानी भरे गड्ढे में ले जाकर डूबा-डूबा बेरहमी से मारपीट करने लगा। जिसके बाद कविता किसी तरह गड्ढे से निकलकर घर पहुंच और अपनी सारी कहानी परिजनों को बताया। वही, जिसके बाद परिजन और स्थानीय ग्रामीण उसे डॉक्टर के पास ले गए, लेकिन उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए पीएचसी कुसार्कांटा भेज दिया। परिजन नाबालिग को लेकर पीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, परिजनों की सूचना पर कुसार्कांटा पुलिस सदल बल घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया। परिजन ने बताया की मृतका का उसके मौसा के साथ पूर्व में प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसकी बात सामने आने पर आरोपी मौसा के ससुर नारायण सिंह को कहा गया की आप अपने दामाद को समझाएं। लेकिन उसका ससुर उसे ही लगातार बदनाम कर रहा था। वहीं बात सामने आने के बाद आरोपी उसके घर पहुंचा और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। परिजन ने बताया कि उसके आरोपी के दो बच्चों का पिता है वही, कुसार्कांटा थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका की हत्या की गई है। उसके परिजनों ने जिस पर आरोप लगाया है वो रिश्ते में उसका मौसा लगता है। आरोपी शिवानंद सिंह को हिरासत में लिया गया है।

### सामूहिक पिटाई से मौत से पहले इरशाद ने फोन पर लगायी पश्चाताप की गुहार

**कोलकाता।** केवल चोर के संदेह में उसे बुरी तरह पीटा गया और अंततः उसकी मृत्यु हो गई। शुक्रवार को खास कोलकाता के एक हॉस्टल में एक शख्स की मौत के पीछे की वजह सामने आ रही है। वहीं घटना की जांच करते हुए जांचकताओं को कई जानकारियां मिलीं। मृतक मोहम्मद इरशाद जिस इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में काम करता था, उसके मालिक ने पुलिस पूछताछ के दौरान बताया कि मुचीपारा स्थित हॉस्टल में पिटाई के बाद उसने फोन कर पश्चाताप की गुहार लगाई थी। यह सुनकर मालिक दौड़ आये और सब कुछ खत्म हो गया था। शुक्रवार दोपहर कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में उनका निधन हो गया। संयोग से, दस साल पहले एनआरएस हॉस्टल में मोबाइल चोरी के संदेह में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

### 24 लाख रुपए के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस ने नवादा से साइबर ठग को किया गिरफ्तार



एजेंसी

**नवादा।** छत्तीसगढ़ की पुलिस ने शनिवार को नवादा के शाहपुर थाने के महारथ गांव में छापेमारी कर 24 लाख रुपए, पासबुक ,एटीएम कार्ड सहित साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है,जिसने लाखों रुपए की ठगी की थी। नवादा के एसपी ने बताया कि नवादा में साइबर अपराधियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई है। छत्तीसगढ़ की पुलिस नवादा पहुंची है, जहां छत्तीसगढ़ पुलिस स्थानीय पुलिस की सहयोग से जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के महरथ गांव में दबिश देकर एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। **साइबर अपराधियों का गढ़ बना नवादा** छत्तीसगढ़ पुलिस ने छापेमारी के क्रम में गिरफ्तार साइबर ठग के पास से 24 लाख रुपये नगद, 2 पासबुक और 2 एटीएम और 3 मोबाइल फोन को जब्त किया है। छत्तीसगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा साइबर ठग देश के विभिन्न प्रांत के लोगों से विभिन्न बैंकों से सस्ते दर पर लोन आदि दिलाने और अलग-अलग तरीका अपनाकर लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। छत्तीसगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा साइबर ठग जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के महरथ गांव के निवासी स्व. रवि भूषण कुमार का पुत्र सोनू कुमार बताया जाता है। फिलहाल छत्तीसगढ़ पुलिस साइबर ठग को गिरफ्तार कर अपने साथ छत्तीसगढ़ ले गई।

## एडमास यूनिवर्सिटी ने सुपर-अचीवर्स को किया सम्मानित

संवाददाता

**कोलकाता।** अरस्तू के शब्दों में, हम वही हैं जो हम बार-बार करते हैं। उत्कृष्टता, एक कार्य नहीं बल्कि एक आदत है।₹ इस दर्शन को अपनाते हुए, एडमास यूनिवर्सिटी अपने छात्रों के बीच निरंतर उपलब्धि और उत्कृष्टता की संस्कृति को प्रोत्साहित करता है। अपने सुपर-अचीवर्स की सफलता और उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए, एडमास यूनिवर्सिटी ने अपने कैंपस में एक भव्य उत्सव का आयोजन किया। स्कूल ऑफ लॉ एंड जस्टिस से स्नातक शास्वत कापात ने सभी बाधाओं को पार करते हुए दुबई की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में 1 करोड़ रुपये का प्लेसमेंट पैकेज हासिल की। इस कार्यक्रम में उनकी सफलता का जश्न मनाया गया। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने कहा कि यह पहली बार है जब पूर्वी भारत के किसी प्राइवेट यूनिवर्सिटी के किसी छात्र ने इतना उल्लेखनीय प्रस्ताव हासिल किया है। एडमास यूनिवर्सिटी ने अन्य छात्रों की उपलब्धियों का भी जश्न मनाया जिन्होंने आकर्षक वेतन पैकेज के साथ शीर्ष कंपनियों में प्लेसमेंट हासिल किया। सफल छात्रों को एडमास यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. (डॉ.) समित रे ने सम्मानित किया, जिन्होंने उनकी उपलब्धियों के सम्मान में इस कार्यक्रम की शुरूआत की। चांसलर के साथ, वाइस चांसलर प्रोफेसर सुरंजन दास और विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी छात्रों को प्रेरित करने के लिए उपस्थित थे।

● **यह पहली बार है जब पूर्वी भारत के किसी प्राइवेट यूनिवर्सिटी के किसी छात्र ने इतना उल्लेखनीय प्रस्ताव हासिल किया किया है।**




शास्वत कापात को उनकी पसंद की एक नई कार से सम्मानित किया गया, जिसे उन्होंने अपने माता-पिता को समर्पित किया, जिन्होंने अपने बेटे की सफलता के लिए समर्थन स्तंभ बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। छात्रों को सम्मानित करने के अलावा, कार्निवल में प्रदर्शन, आकर्षक गतिविधियाँ और विभिन्न प्रकार के खाद्य स्टॉल शामिल थे। जी बांग्ला सा रे गा मा पा के प्रशंसित गायक अभिजीत भट्टाचार्य ने कई हिट गानों से दर्शकों को आनंदित किया।

एडमास यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. (डॉ.) समित रे ने कहा कि इस समारोह ने छात्रों की दृढ़ता को स्वीकार किया, जिससे यह साबित हुआ कि जो लोग सपने देखने की हिम्मत करते हैं वे उन्हें पूरा करके ही दम लेते हैं।

## पूर्वी चंपारण जिले में हरित आवरण बढ़ाने के लिए लगेंगे 8.72 पौधे

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण।** जिले में हरित आवरण बढाने को लेकर मनरेगा को बड़ा लक्ष्य दिया गया है। इसके तहत प्रत्येक ग्रामीण सड़कों के किनारो को हरा भरा किया जायेगा। इसको लेकर वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा से जल जीवन हरियाली मिशन के तहत लगभग 8 लाख 72 हजार पौधा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के 34.75 फीसद पौधारोपण को पूर्ण कर लिया गया है। डीएम सौरभ जोरवाल व डीडीसी समीर सौरभ ने इसकी समीक्षा कर जिले के सभी अंचल अधिकारी व मनरेगा पदाधिकारी व प्रखंड के संदर्भित अधिकारियो को इस कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। डीएम ने पौधारोपण के साथ ही अहर,नहर पईन,कुंआ व पोखर को अतिक्रमण मुक्त बनाने का भी निर्देश दिया है। डीडीसी ने बताया कि जिले में इस वित्तीय वर्ष में 4316 यूनिट पौधा लगाना है, जिसके लिए के कुल 396 पंचायत में 8 लाख 71 हजार 200 पौधा रोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें प्रत्येक पंचायत में 11 यूनिट यानी 2200 पौधे लगाये जाएंगे। अभी 18 जून तक एमआईएस में 1500 यूनिट पौधरोपण पूर्ण हो चुका है। डीडीसी ने बताया कि निजी भूमि पर भी 60 प्रतिशत पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है। निजी भूमि पर पौधा लगाने के लिए 50% सरकार के तरफ से अनुदान मिलेगा। प्रखंड कार्यालय में एलपीसी के साथ आवेदन देना होगा। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक कार्यालय परिसर, सार्वजनिक जल स्त्रोत के किनारे व ग्रामीण सड़कों के किनारे प्राथमिकता के आधार पर पौधारोपण किया जायेगा।

# एनईईटी लीक मामले में पांच गिरफ्तार



संवाददाता

**हजारीबाग।** नीट पेपर लीक मामले में ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को कोर्ट ने 5 दिनों की उइकहिरासत में भेज दिया है। सीबीआई ने स्कूल के प्रिंसिपल डॉ एहसान-उल-हक और स्कूल के वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज को शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने प्रिंसिपल एहसान उल हक के साथ दो पत्रकारों का कनेक्शन को ट्रैक किया। पत्रकार और प्रिंसिपल के बीच पेपर लीक और नीट परीक्षा के दौरान लगातार बातचीत होती रही। एहसान उल हक के कॉल डिटेल्स के आधार पर पत्रकार को सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया था। हजारीबागः नीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और पत्रकार जमालउद्दीन शामिल हैं। 27 जून को एजेंसी ने पटना से दो लोगों को गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को दिनभर सीबीआई की टीम ने एहसान उल हक समेत तीनों से पूछताछ की। एजेंसी ने तीनों को झारखंड से बिहार ले जाने का निर्णय लिया है, जिससे संभावित है कि टीम उन्हें मौके पर ले जाकर सबूत इकट्ठा करेगी।

**सबसे पहले ओएसिस स्कूल लाया गया था प्रश्नपत्र**

सीबीआई और पुलिस सूत्रों के अनुसार, 3 मई को कूरियर एजेंसी ब्लू डार्ट के हजारीबाग नूतन नगर सेंटर से प्रश्नपत्र बैंक ले जाने के बजाय पहले ओएसिस स्कूल लाया गया था। इसके बाद यहां से बैंक भेजा गया। इस मामले ने शक का दायरा और बढ़ा दिया है कि प्रश्नपत्र के पैकेट को खोलने का खेल स्कूल में ही हुआ है।

**गिरफ्तारियों के बाद हजारीबाग में मचा हड़कंप**

गिरफ्तारियों के बाद हजारीबाग के शिक्षा जगत में हड़कंप मच गया है। ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल की गिरफ्तारी ने छात्रों और अभिभावकों को सकते में डाल दिया है। पत्रकार जमालउद्दीन की गिरफ्तारी से मीडिया में भी खलबली मच गई है। शहर में चर्चा है कि इन गिरफ्तारियों से पेपर लीक नेटवर्क के कई अहम खुलासे हो सकते हैं।

**6 राज्यों में चल रही सीबीआई जांच**

सीबीआई की टीम इस मामले में छह राज्यों में कार्रवाई कर रही है। जिसमें बिहार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। सीबीआई पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपियों के आपसी संबंधों की जांच कर रही है ताकि मास्टरमाइंड का पता लगाया जा सके। सीबीआई को शक है कि लीक मामले में विभिन्न राज्यों में गिरफ्तार आरोपी सिर्फ ठेकेदार हैं, जबकि असली अपराधी कोई और है। राज्यों में ठेकेदारों के जरिए पेपर छात्रों तक पहुंचा।

**पेपरलीक से जुड़े पुराने अपराधियों से होगी पूछताछ**

लीक से जुड़े पुराने अपराधियों से भी पूछताछ की जाएगी। सीबीआई पुराने आरोपियों का रिकॉर्ड निकाल रही है ताकि यह पता चल सके कि उनके संबंध मौजूदा मामले से कैसे हैं।

**प्रश्नपत्र लीक की साजिश का खुलासा**

इस मामले में गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्तियों से पूछताछ में कुछ महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं। ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल की संलिप्तता के साथ-साथ पत्रकार जमालउद्दीन की भूमिका भी शक के दायरे में है। यह संभावना है कि इस पूरे षड्यंत्र का मास्टरमाइंड अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

**नीट परीक्षार्थियों में हड़कंप**

इस मामले के खुलासे से नीट परीक्षार्थियों में हड़कंप मच गया है। कई छात्रों और उनके अभिभावकों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। छात्रों का कहना है कि इस प्रकार के पेपर लीक होने से उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है और इससे परीक्षा की निष्पक्षता पर भी सवाल उठते हैं।

## एक नजर

### झालसा विशेष लोक अदालत में 1315 मामलों का निपटारा किया गया



**रामगढ़ ।** रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वाधान में तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में विशेष लोक अदालत सह मासिक लोक अदालत का आयोजन किया इस लोक अदालत में कुल पांच बेंचो का गठन किया गया। साथ ही अनुमंडल कार्यालय, जिले के सभी प्रखंड के अंचल कार्यालय, भूमि अर्जन विभाग के कार्यालय द्वारा मेगा कैंप का आयोजन किया गया। आज के विशेष लोक अदालत शाह मासिक लोक अदालत में कुल 1315 मामलों का निष्पादन किया गया।

### 10 रुपए में ओपीडी...20 रुपए में पैथोलॉजी ईसीजी और एक्स-रे, बस चले आएं यहां

**कोडरमा।** चलती फिरती अस्पताल मोबाइल मेडिकल वैन के जरिए 30 जून को कोडरमा में लोगों को कई प्रकार की मेडिकल सुविधाएं मिलेगी । मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा के द्वारा रविवार को कोडरमा ब्लॉक रोड स्थित पतंजलि स्टोर के सामने सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा` कार्यक्रम की परियोजना निदेशक नेहा जैन और कृतिका मोदी की देखरेख में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम की परियोजना निदेशक कृतिका मोदी ने कहा कि लोगों को सस्ती और बेहतर मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बीडीजी रमेश गोयल सेवा संस्थान एवं आनंद लोक अस्पताल के द्वारा संचालित यह मोबाइल मेडिकल वैन लोगों को एक कप चाय की कीमत के बराबर में चिकित्सकीय परामर्श एवं मेडिकल जांच की सुविधा उपलब्ध कराएगी` उन्होंने बताया कि जांच के लिए लोगों को सुबह 10 से 12 के बीच ब्लॉक रोड स्थित पतंजलि स्टोर के समीप पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि भीड़ कम होने पर ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन के बाद भी जांच की सुविधा लोगों को मिलेगी` मोबाइल मेडिकल बस में आंखों की जांच और उपचार, दांतों की जांच और उपचार, ईएनटी टेस्टिंग और ट्रीटमेंट, जनरल ओपीडी की शुल्क 10 रुपये रखी गई है। जबकि पैथोलॉजिकल लैबोरेट्री, ईसीजी, एक्स-रे, और चश्मा का शुल्क 20 रुपये रखी गई है` जनरल ओपीडी में नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ एवं जनरल फिजिशियन अपनी सेवाएं देंगे ।

### एक घंटे की बारिश में सड़क पर भरा पानी

**कोडरमा ।** कोडरमा बाजार, सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने नगर पंचायत कोडरमा द्वारा नाली निर्माण में की गई अनियमितता पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि पहली एक घंटे की बारिश में पंजाब होटल से स्टेट बैंक तक तालाब का नजारा उत्पन्न हो गया है। पंजाब होटल के सामने नाली न बनाने के कारण पास के घर वाले सारा कूड़ा कचरा नाली में डालते हैं जिसके कारण पानी का निकास बंद हो जाता है और सड़क पर पानी भर जाता है जिससे राहगीरों के साथ ही टू व्हीलर एवं बड़ी गाड़ियों को परेशानी हो रही है। यही नहीं पानी का सही तरीके से निकास न होने से घरों में पानी प्रवेश कर जा रहा है। नगर पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा इन कमियों पर ध्यान न देकर सिर्फ होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए डराने धमकाने के साथ ही दूकान सील करने की कार्रवाई कर रहे हैं, वहीं जनप्रतिनिधि भी यहाँ की समस्याओं पर चुप्पी साधे हुए हैं. बसंत ने इन समस्याओं से स्थाई समाधान की मांग की है।

### डीसी की अध्यक्षता मे हुई जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक



**रामगढ़।** उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वन अधिकार पट्टा निर्गत किए जाने के तहत हो रहे कार्यों, पूर्व के बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों आदि की जानकारी दी गई। योग्य सभी लाभुकों को वन अधिकार पट्टा का लाभ देने को लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता फैलाने एवं नियमित रूप से ग्राम सभा में एफआरसी की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने योग्य समूहों की पहचान कर सामुदायिक वन पट्टा निर्गत करने को लेकर किए जाने वाले कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। योग्य लाभुकों को वन अधिकार पट्टा का लाभ देने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न स्तरों पर गठित वन अधिकार समिति के अध्यक्षों एवं अन्य संबंधितों के लिए कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया।

## मायुमं जमशेदपुर शाखा के शिविर में 111 यूनिट रक्त हुआ संग्रह



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा शनिवार उदितवाणी के संस्थापक स्व. राधेश्याम अग्रवाल एवं स्व. सुमन गोलछा की स्मृति में साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 111 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इसमें 164 लोगों ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। शिविर का उद्घाटन विधायक मंगल कालिंदी, सम्पादक उदित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष स्वरूप गोलछा, प्रांतीय सहायक मंत्री अंकिता लोधा, रेडक्रॉस के राधेश्याम, बजरंग चौधरी और शाखा अध्यक्ष अश्विनी कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान रक्तदाताओं समेत रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले लोगों को भी सम्मानित भी किया गया। शिविर को सफल बनाने में पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन, रामकृष्ण फॉर्जिंस लिमिटेड, रेड क्रॉस सोसाइटी एवं जमशेदपुर रक्त अधिकोष का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही शाखा की ओर से अश्विनी अग्रवाल, विकाश शर्मा, प्रकाश बजाज, नीरज शर्मा, गौरव अग्रवाल, अनूप शर्मा, हेमंत अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, कौशल नागेलिया, संजय अग्रवाल, रविशंकर सोनी, हेमंत अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, पंकज शर्मा, नितिन बरवालीया, आनंद सारस्वत, शानू ढोकनिया, मनोज पटवारी, ऋषभ शर्मा, अंकित भाउका आदि का योगदान रहा। शिविर में मुख्य रूप से संदीप मुरारका, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, लालचंद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, प्रकाश दुबे, अनिल बगड़िया, अरुण गुप्ता, सार्थक अग्रवाल, अंकिता लोधा, मोहित मुनका, मानव केडिया, अनिल मोदी, लिप्पु शर्मा, विनोद शर्मा, अंशुल रिंगसिया, नेहा भलोटिया, हनु जैन, मनोज शर्मा, अशोक सारस्वत, अमीश अग्रवाल, विजय सिंह, बजरंग चौधरी, अनंत मोहनका, बृजेश सोनकर, अंकित पांडे, परमेंद्र शर्मा, उत्तम शर्मा, शिरीष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## जनता दरबार में समस्या का समाधान हर हाल में होगा : सुनिता चौधरी



संवाददाता

**रामगढ़।** विधानसभा जनता की समस्या के समाधान के लिए जनता दरबार का अयोजन आजसू पार्टी जिला कार्यालय रामगढ़ में लगाई गई । जनता दरबार में विधायक सुनिता चौधरी ने आए हुए सभी देव तुल्य जनता से मिलकर रूबरू हुई ओर उनकी समस्या का समाधान भी मौके पर की गई ओर कई समस्या के समाधान हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया की जल्द से जल्द समस्या का समाधान करें । कई वार्ड की महिलाओं और पुरूष ने आवास हेतू आवेदन दिया, तो किसी ने सड़क ओर नाली निर्माण, तो कहीं स्ट्रीट लाइट लगवाने , पीने के पानी के लिए सार्वजनिक चापाकल निमार्ण । ट्रांसफॉर्मर लगाने, तो कहीं जर जर तार को बदलवाने की मांग किया ' मौके पर झण्डा चौक निवाशी चिंटू अग्रवाल ने कुम्हार टोली होते हुए माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले मार्ग में नाली जाम ओर खराब सड़क होने की शिकायत की । मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने छावनी परिषद के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द ही बरसात के आने से पहले छावनी परिषद अंतर्गत के सभी नालियों का पूर्ण रूप से सफाई करें ।जनता से शिकायत का मौका मुझे आगे ना मिले ' मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने छावनी परिषद के अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि रामगढ़ शहर में नाली, गली, मोहल्ले की साफ सफाई । विशेष कर सभी नालियों का सफाई नियमित रूप से करने और स्वच्छ पीने के पानी सप्लाई में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी । उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए अश्वासत किया कि रामगढ़ शहर में के साथ-साथ पूरे रामगढ़ विधानसभा में जनता की हर समस्या के समाधान के लिए जनता दरबार लगाई जाएगी जिनकी भी जो समस्या होगी वह हमसे आकर जनता दरबार में मिल सकते है। ओर निश्चित ही उनकी समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगी ।

## लोजपा कार्यालय की आड़ में चल रहा था काम, टाटा स्टील ने रुकवाया, निर्माण सामग्री हटवाया, दी हिदायत



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** साकची थाना अंतर्गत एमजीएम अस्पताल के पास स्थित लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यालय की आड़ में अतिक्रमणकारी बबलू प्रसाद डांगी टाटा स्टील की जमीन पर शनिवार की दोपहर अवैध रूप से निमार्ण कार्य करवा रहा था। जिसकी सूचना पाकर टाटा स्टील के अधिकारी सुरक्षाकर्मियों और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद चल रहे निर्माण कार्य को बंद करवा दिया। साथ ही निमार्ण सामग्री को भी हटवा दिया। इस दौरान बबलू प्रसाद डांगी ने इसका विरोध भी किया। मगर पुलिस बल के चलते उसकी एक ना चली। वहीं जाते जाते टाटा स्टील के अधिकारियों ने निमार्ण न करने की चेतावनी भी दी। बताते चलें कि बबलू प्रसाद डांगी ने इसी साल समता पार्टी के टिकट पर जमशेदपुर संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव भी लड़ा था। चुनाव परिणाम आने के बाद उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इधर बीते 20 जून को उन्होंने लोक जनशक्ति पार्टी का दामन थाम लिया था। जिसके बाद से पार्टी का कार्यालय बनाने की आड़ में अवैध रूप से निमार्ण कार्य शुरू कर दिया था। साथ ही खुद का बैनर भी उन्होंने विवादित स्थल पर लगा रखा है। इससे पूर्व भी टाटा स्टील ने उक्त स्थल से अवैध अतिक्रमण को हटाया था। इस जमीन पर जेपीएलई केस भी चल रहा है। बावजूद इसके बबलू प्रसाद डांगी द्वारा निमार्ण कार्य कराए जाने पर टाटा स्टील ने उक्त कारवाई की है।

### सरायकेला से टोचन कर मोक्ष वाहन को एमजीएम अस्पताल की पार्किंग में लाकर छिपाया

**जमशेदपुर ।** बीते दिनों एमजीएम अस्पताल से फुरिडा संस्था के अंतर्गत चलने वाले मोक्ष वाहन को चालक सूरज तंतुबाई शव छोड़ने के लिए सरायकेला लेकर गया था। जहां से वापस आने के क्रम में उसने राह चलते एक वृद्ध को टक्कर मार दी थी। इस दौरान भीड़ से बचने के लिए वह तेज रफ्तार से मोक्ष वाहन भगा रहा था। इसी बीच उसकी टक्कर ट्रेलर से हो गई। जिससे वाहन एक खेत में जा घुसा। जिसके बाद लोगों ने उसकी बुरी तरह पिटाई भी की थी। वहीं घायल चालक का इलाज सरायकेला सदर अस्पताल में हुआ। जबकि वृद्ध को इलाज के जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल लाया गया। इस दुघर्टना में मोक्ष वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त भी हो गया था। जिसे पुलिसकर्मियों द्वारा जब्त कर थाने में रखा गया था। जहां से दो दिनों पहले उसी अवस्था में मोक्ष वाहन को दूसरे वाहन से टोचन कर एमजीएम अस्पताल लाया गया।

## राज्य के वन विभाग में फॉरेस्टर फॉरेस्ट गार्ड आरएफओ ए सी एफ की कमी

संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड सरकार के वन विभाग में फॉरेस्टर, फॉरेस्ट गार्ड,आर एफ ओ, ए सी एफ का पद खाली रहने से झारखंड के जिला में वन अधिकारियों को काम करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में 9 दिसंबर 2022 कोपी आई एल के तहत हाईकोर्ट का जो जजमेंट आया था, उसे समय राज्य सरकार के वन विभाग के द्वारा दिए गए आंकड़े के अनुसार फॉरेस्ट गार्ड का 3883 पद रिक्त था, जिसमें 1681 पद को भरा गया। फॉरेस्टर का 1062 पद खाली था, जिसमें 79 पदों को भरा गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जून 24 तक राज्य के वन विभाग में खाली पदों की स्थिति के अनुसार फॉरेस्ट गार्ड का 3883 पदों मे से 1681 को भरा गया, 57% पद अभी भी रिक्त है। फॉरेस्टर का खाली पद 1062 है, जिसमें से 10 पदों को भर गया, 99% पद अभी भी खाली है। आरएफओ का 290 मे से 60 पदों को भरा गया, 80% पद अभी भी खाली है, जो झारखंड प्रशासनिक सेवा के द्वारा भरा जाना है, लेकिन 30 वर्षों से नहीं भरा गया। संघ लोक सेवा आयोग के द्वारा डीएफओ के पद को भर जाता है, लेकिन जिला में डीएफओ को कार्य करने के लिए फॉरेस्ट गार्ड, फॉरेस्टर, आरएफओ, ए सी एफ ओ की आवश्यकता पड़ती है क्योंकि एंक्रोचमेंट, प्रिवेंशन और प्रोटेक्शन के लिए 1 कर्मियों की आवश्यकता पड़ती है। फॉरेस्टर को वन विभाग में इन्वेस्टिगेटिंग ऑफीसर कहा जाता है, आरएफओ थाना प्रभारी के संकट होते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के जिला कार्यालय में वन विभाग के 95% कर्मी अनुकंपा पर है। राज्य के वन विभाग को इस पर ध्यान देना चाहिए। रिक्त पदों की कमी के कारण जिला के क्षेत्र में कार्य करना मुश्किल हो रहा है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एंटी मलेरिया पर वर्कशॉप आयोजित



संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के निदेर्शानुसार एंटी मलेरिया पर सफल वर्कशॉप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा द्वारा अंडरस्टैंडिंग मलेरिया एवं डेंगू पर पीपीटी के द्वारा विस्तारपूर्वक प्रस्तुतिकरण दिया गया। उन्होंने मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के उपाय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की बी. एड. सत्र 2023 - 25 के प्रशिक्षु रिंकी कुमारी एवं शिफा नूरी द्वारा मलेरिया एवं डेंगू जैसे खतरनाक रोग से होने वाली क्षति उसके लक्षण एवं कारण सहित समाधान एवं भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने अपने संबोधन में कहा कि मलेरिया एवं एवं डेंगू जैसे अंदेशनाक रोग से बचने हेतु हमें अपने आस पास के क्षेत्रों को सदैव साफ एवं स्वच्छ रखना है । साथ ही इसके प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है।

महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023 - 25 के प्रशिक्षुओं द्वारा महाविद्यालय गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में जगह - जगह पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया गया, साथ ग्रामीणों को मलेरिया एवं डेंगू जैसे रोग के प्रति जागरूक किया गया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023 - 25 के प्रशिक्षु राहुल कुमार मोदी, सागर

**मलेरिया एवं एवं डेंगू जैसे अंदेशनाक रोग से बचने हेतु हमें अपने आस पास के क्षेत्रों को सदैव साफ एवं स्वच्छ रखना है**

कुमार, सूरज कुमार, अंगूरी खातून, बैजनाथ महतो, अजीत यादव, मुरली यादव, निरंजन कुमार, निशा कुमारी, सीमा जोजो, इफ्तेकार अंसारी, राजकुमार गुप्ता, सदाकत अंसारी, श्वेता कुमारी रजक, अर्चना कुमारी, पूनम कुमारी, रेनू कुमारी, पुजा कुमारी, उमा कुमारी, शीतल मोदी एवं महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ. रविकांत तिवारी, डॉ मनीष कुमार पासवान, डॉ पवन कुमार, डॉ पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ पुजा कुमारी, स्वर्ण सिंह, मनीष कुमार सिन्हा एवं खुशबू कुमारी सहित सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, दीपक कुमार पांडेय, चुन्नु कुमार, रोहित कुमार, आलम मुख्तार, सुधीर साव एवं विवेक कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अनिल दास एवं धन्यवाद ज्ञापन सीताराम यादव ने किया।

## जिला स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता बालिका वर्ग जे0जे0 कॉलेज के मैदान में खेला गया



संवाददाता

**कोडरमा ।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत जिला स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 (व-17) बालिका वर्ग शनिवार को झुमरी तिलैया स्थित जे०जे० कॉलेज के मैदान में खेला गया। शनिवार का पहला मुकाबला डोमचांच एवं मरकच्चो के बीच खेला गया जिसमें मरकच्चो 2-0 से मैं जीता। दूसरा मुकाबला चंदवारा एवं सतगांवा के बीच खेला गया जिसमें चंदवारा ने 3-0 से मैच जीता /पहला सेमीफाइनल मरकचो ५२ कोडरमा के बीच खेला गया` जिसमें पेनल्टी शूटआउट में 6-5 से कोडरमा को हराया दूसरा सेमीफाइनल चंदवारा एवं जयनगर के बीच खेला गया जिसमें चंदवारा ने 4-0 से जयनगर को हराया/फाइनल मुकाबला चंदवारा एवं मरकच्चो के बीच खेला गया जिसमें 1-0 चंदवारा ने मरकच्चो को हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। मैच के निर्णायक मंडली के रूप में शुभम, हरीश, बबलू, सुजीत, युसूफ, सोनू रहे, मंच संचालन गगन कुमार दास के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु जिला से जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिवकुमार मलिक साथ ही सुनील कुमार दास, विक्रम परमार, राजकुमार, नित्यानंद पांडे, रूपलाल, तापेश्वर, प्रदीप आदि उपस्थित थे।

एक नजर

## कोपा अमेरिका 2024: ब्राजील ने जीत के साथ वापसी की, पैराग्वे को बाहर किया



**लास वेगास।** विनिसियस जूनियर ने पहले हाफ में दो गोल करके ब्राजील को शुक्रवार रात पैराग्वे पर 4-1 से जीत दिलाई और कोपा अमेरिका में ग्रुप डी से आगे बढ़ने की स्थिति में पहुंचा दिया। विनिसियस के अलावा साविन्हो ने ब्राजील के लिए पहले हाफ में गोल किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ में पेनल्टी किक पर गोल किया। पैराग्वे के लिए उमर एल्डेरेटे ने एकमात्र गोल किया। मैच में पांच पीले कार्ड और एक रेड कार्ड के साथ कई तनावपूर्ण क्षण आए। 81वें मिनट में एंड्रेस क्यूबास को रेड कार्ड देकर लिए बाहर भेज दिया गया, जिससे पैराग्वे को मैच का आखिरी हिस्सा 10 खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। ब्राजील के वेंडेल, जूनियर और पाक्वेटा तथा पैराग्वे के फैबियन बालबुएना और हर्नेस्टो कैबलेरो को येलो कार्ड दिए गए। चार अंकों के साथ, ब्राजील ग्रुप लीडर कोलंबिया से दो अंक पीछे है, जिसने शुक्रवार को कोस्टा रिका को 3-0 से हराया था। मंगलवार को कोलंबिया के खिलाफ ब्राजील की जीत या बराबरी से नॉकआउट चरण में ग्रुप के दो स्थानों में से एक सुनिश्चित हो जाएगा। पैराग्वे के खिलाफ मैच में ब्राजील ने अच्छी शुरुआत की।

## पंजाब एफसी ने पानागियोटिस डिलम्पेरिस को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया



**मोहाली।** पंजाब एफसी (पीएफसी) ने आगामी आईएसएल 2024-25 सीजन के लिए पानागियोटिस डिलम्पेरिस को मुख्य कोच नियुक्त किया है। कोंस्टांटीनोस कटारस उनके साथ सहायक कोच और पापाइआन्नू इयोनिस स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के रूप में शामिल होंगे। पीएफसी में शामिल होने से पहले, डिलम्पेरिस ने पिछले सीजन में ए. ई. एर्मियोनिडा एफसी के मुख्य कोच के रूप में काम किया था। उनके 15 साल के व्यापक कोचिंग करियर में इराकलिस लारिसास एफसी, रोचेस्टर एनवाई एफसी, पैनसेराइकोस एफसी, और अन्य उल्लेखनीय टीमों में काम करना शामिल है। अपने कोचिंग कार्यकाल से पहले, डिलम्पेरिस का 17 साल का खेल करियर गोलकीपर के रूप में था, जिसमें उन्होंने इराकलिस एफसी और एग्रोटिकोस एस्टेरस जैसे क्लबों के साथ-साथ कई अन्य क्लबों का प्रतिनिधित्व किया।

## यूएई के बल्लेबाज मोहम्मद उस्मान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** यूएई के बल्लेबाज मोहम्मद उस्मान ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। लाहौर में जन्मे मध्यक्रम के बल्लेबाज ने छह वर्षों में 85 अंतरराष्ट्रीय मैचों (38 वनडे और 47 टी20) में यूएई का प्रतिनिधित्व किया। उस्मान ने फरवरी 2016 में नीदरलैंड के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू किया और उसके कुछ महीने बाद स्कॉटलैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया। कुल मिलाकर, उन्होंने 38 वनडे में 31.50 की औसत से 1008 रन बनाए, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं, जबकि 47 टी20 में उन्होंने तीन अर्द्धशतकों के साथ 891 रन बनाए। वह 2016 में एशिया कप टीम का भी हिस्सा थे, जहां उन्होंने सात मैचों में 176 रन बनाए और यूएई के शीर्ष स्कोरर रहे। उस्मान का जन्म लाहौर में हुआ था और उन्होंने पांच प्रथम श्रेणी और 58 लिस्ट-ए मैच खेले हैं। उनके 1517 लिस्ट-ए रन 34.47 की औसत से आए और इसमें नौ अर्द्धशतक और एक शतक शामिल है। उन्होंने आखिरी बार फरवरी 2022 में ओमान और नेपाल के खिलाफ क्रमशः एकदिवसीय और टी20 मैच खेला था। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि रिटायरमेंट के बाद भी वह क्रिकेट का हिस्सा बने रहेंगे।

# हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय टीम घोषित की

- मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन को कड़ी चुनौती दी



**बेंगलुरु। एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने शनिवार को 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो 1 जुलाई से 31 अगस्त तक साई बेंगलुरु में राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर में प्रशिक्षण के लिए वापस आएगी। भारतीय महिला हॉकी टीम लंदन और एंटवर्प में अपने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 सीजन के समापन के बाद एक छोटे ब्रेक पर चली गई थी। कप्तान सलीमा टेटे और उप कप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने एफआईएच प्रो लीग में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन को कड़ी चुनौती दी।

मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रगति पर कहा हमने हाल ही में प्रो लीग के यूरोप चरण के लिए एंटवर्प और लंदन की यात्रा की, और हालांकि परिणाम हमारे पक्ष में नहीं थे, लेकिन हमने एक टीम के रूप में बहुत कुछ सीखा। कई मौकों पर, हम आगे चल रहे थे, और हमने बराबरी का प्रयास करते हुए लगातार गोल करने की कोशिश की। पुनर्निर्माण के शुरूआती चरणों में ये अच्छे संकेत हैं, और मुझे यकीन है कि भारतीय महिला हॉकी टीम भविष्य में एक ताकत होगी।

### 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम :-

**गोलकीपर :** सविता, बिचू देवी खारीबाम, बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो

**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति।

**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे, मरीना लालरामंगकी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, अजमीना कुजूर।

**फॉरवर्ड :** सुनिलिता टोप्पो, मुमताज खान, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रुतुजा दादासो पिसल।

## अब कोच की भूमिका में नजर आएगें पोंटिंग

**मुम्बई।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड अब अमेरिकी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र में खेलेंगे। अब सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। इसी का लाभ उठाते हुए हेड ने अमेरिकी लीग में खेलने का फैसला किया है। हेड का कहना है कि वह मेजर लीग में वाशिंगटन फ्रीडम की ओर से खेलेंगे। हेड के अलावा इसमें ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ फ्रीडम भी खेलेंगे। टीम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग रहेंगे। पोंटिंग को इस लीग के लिए ग्रेग शिपर्ड की जगह कोच बनाया गया है। फ्रीडम की ओर से न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी खेलेंगे। टीम ने 2023 सत्र के लिए माकर जेन्सन और अकील होसेन जैसे दो विदेशी खिलाड़ियों को भी रखा है। इस लीग में एडम जम्पा लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स, स्पेंसर जॉनसन नाइट राइडर्स और टिम डेविड एमआई न्यूयार्क भी खेलेंगे। शामिल हो गए हैं।

# ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से सात जुलाई को पेरिस रवाना होंगी चानू



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारोत्तोलक मीराबाई चानू की नजरें अब आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों पर लगी हुई हैं। चानू ने पिछली बार टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था और इस बार उनका लक्ष्य स्वर्ण जीतना रहेगा। इसी कारण हालत से तालमेल बिठाने के साथ ही अभ्यास के लिए सात जुलाई को पेरिस जा रही है। वह वहां एक महीने तक अभ्यास करेंगे। ओलंपिक में उनका मुकाबला सात अगस्त को होगा।

चानू ने कहा कि वह इन खेलों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। वह ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारत की अकेली भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए अपनी फिटनेस बनाये रखने पर ध्यान दे रही हैं।

इस खिलाड़ी ने कहा पेरिस को लेकर उत्साहित हूं हालांकि थोड़ी घबराहट और तनाव भी है। पिछले तीन साल टोतोक्यो ओलंपिक के बाद हालात बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है पर अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं।

चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का रहा है। वह चोटों के साथ ही पीठ की समस्या के बाद भी इन खेलों की तैयारी करती रही हैं। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिसके कारण वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है। मीराबाई ने कहा मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 फीसदी फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे। उन्होंने अपने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, ह्यइस बारे में कुछ कहना कठिन पर मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर प्रयास करना रहेगा।

## जसप्रीत ने की रोहित शर्मा की तारीफ

**नई दिल्ली।** भारतीय के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि वह उनके नेतृत्व में खेलकर खुश हैं। मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 में रोहित शर्मा इस समय टूर्नामेंट में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने सात मैचों में 155.97 की स्ट्राइक रेट से 248 रन बनाए। आईसीसी के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए गए एक वीडियो में बुमराह ने कहा कि भारतीय कप्तान ने अपने खिलाड़ियों को काफी आजादी दी। बुमराह ने कहा रोहित शर्मा बिल्कुल शानदार रहे हैं। यहां तक कि पिछले विश्व कप में भी, आप जानते हैं कि वह सक्रिय रहे हैं, वह अपने खिलाड़ियों को काफी आजादी देते हैं, वह खिलाड़ियों को खुद को अभिव्यक्त करने देते हैं। जब उन्हें सही समय लगता है, तो वह मैच के दौरान अपना अनुभव साझा करते हैं। तो हां, यह वास्तव में बहुत अच्छा लगता है और मैं उनके नेतृत्व में खेलकर बहुत खुश हूं और समूह का आत्मविश्वास भी बहुत ऊंचा है। इससे पहले, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि वह भारतीय कप्तान को उनकी बल्लेबाजी और नेतृत्व क्षमता के लिए बहुत लंबे समय से पसंद करते हैं। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि रोहित शर्मा मखमली दस्ताने में लोहे की मुट्ठी की तरह हैं।

## सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाली खिलाड़ी बनी शेफाली वर्मा



**चेन्नई। एजेंसी**

भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाली खिलाड़ी बन गई। शेफाली ने ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ते हुए यह रिकार्ड बनाया है। 20 साल की शैफाली ने सिर्फ 194 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा कर सदरलैंड को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 248 गेंदों पर दोहरा शतक बनाया था। मिताली ने अगस्त 2002 में टॉनटन में इंग्लैंड के खिलाफ ड्रा हुए दूसरे टेस्ट के दौरान 407 गेंदों पर 214 रन बनाए थे। शेफाली ने अपनी आक्रामक पारी में 23 चौके और आठ छक्के जड़े। उन्होंने डेलमी टकर के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाने के बाद एक रन चुराकर अपना दोहरा शतक पूरा किया।

वह 197 गेंद में 205 रन बनाकर रन आउट हुई। शेफाली को सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 161 गेंद में 27 चौके और एक छक्का लगाया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 312 गेंद में रिकॉर्ड 292 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई।

## विश्व कप फाइनल में मैदानी अंपायर होंगे क्रिस्टोफर गैफनी और रिचर्ड इलिंगवर्थ



**नई दिल्ली। एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप फाइनल के लिए शुक्रवार रात मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। क्रिस्टोफर गैफनी और रिचर्ड इलिंगवर्थ टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच होने वाले मुकाबले में मैदानी अंपायर होंगे। दक्षिण अफ्रीका त्रिनिदाद और टोबैगो में अफगानिस्तान पर नौ विकेट की जीत के साथ पहली बार फाइनल में पहुँचा और भारत ने गुयाना में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रिचर्ड केटलबोरो टीवी अंपायर होंगे और चौथे अंपायर रॉडनी टकर होंगे, जबकि रिची रिचर्डसन मैच रेफरी होंगे। यह मैच ब्रिजटाउन, बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा, जो 2010 के फाइनल के बाद दूसरी बार फाइनल की मेजबानी कर रहा है।

# गत चैम्पियन अल्कराज क्वालीफायर मार्क लाजल के खिलाफ करेंगे अभियान की शुरुआत



**लंदन। एजेंसी**

गत चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अल्कराज विंबलडन में एस्टोनिया के क्वालीफायर मार्क लाजल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम के लिए शुक्रवार को ड्रॉ की घोषणा की गई। 21 वर्षीय अल्कराज ने पिछले साल फाइनल में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को पांच सेटों के संघर्ष में हराकर खिताब जीता था। इस साल, वे पहली बार फ्रेंच ओपन में जीत हासिल कर एक और बड़ी ट्रॉफी के साथ ऑल इंग्लैंड क्लब पहुँचे। दूसरी तरफ लाजल को अभी तक ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ का कोई अनुभव नहीं है, उन्होंने तीसरे क्वालिफिकेशन राउंड में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ को हराकर टूनामेंट में प्रवेश किया है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच का सामना पहले दौर में चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा से होगा, जबकि इटली के विश्व नंबर 1 जननिक सिनर का सामना जर्मन दिग्गज यानिक हनफमैन से होगा।

32वें वरीयता प्राप्त चीन के झांग झिझेन का पहले दौर में फ्रांसीसी क्वालीफायर मैक्सिम जांवियर से मुकाबला होगा, जबकि उनके हमवतन शांग जुनचेंग का सामना चिली के पूर्व विश्व शीर्ष 20 खिलाड़ी क्रिस्टियन गारिन से होगा। महिला एकल में, पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और विश्व की नंबर 1 पोलैंड की इगा स्विएटेक को अपने पहले मैच में पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सोफिया केनिन से कड़ी चुनौती मिल सकती है। गत चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा की पहली प्रतिद्वंद्वी स्पेन की जेसिका मानेरो हैं, जबकि दो बार की उपविजेता ट्यूनीशिया की ओन्स जबूर को जापान की मोयुका उचिजिमा से खेलना है।

चीन की आठवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन का सामना न्यूजीलैंड की क्वालीफायर लुलु सन से होगा। विंबलडन में झेंग का सर्वश्रेष्ठ परिणाम 2022 में तीसरे दौर में समाप्त होना था। 2022 में पेशेवर बनने के बाद से चीनी खिलाड़ी ने तेजी से प्रगति की है।

## वाणिज्य



# भारतीय रुपया को सबसे अस्थिर मुद्राओं से सबसे स्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाने लगा



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय मुद्रा रुपया एक दशक पहले तक एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाता था। लेकिन, अब रुपया को सबसे स्थिर मुद्राओं में शुमार किया जाने लगा है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। ये भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, प्रभावी नीतिगत सुधार और विदेशी मुद्रा भंडार के रणनीतिक प्रबंधन को दशार्ता है।

आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि 2010 के दशक की शुरूआत में भारत में महंगाई आसमान छू रही थी, महंगाई दर बढ़कर करीब 10 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। वैश्विक वित्तीय संकट के बीच सरकार द्वारा भारी-भरकम खर्च से स्थिति ज्यादा बदतर हो गई थी। लेकिन वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की सत्ता संभालने के बाद अब तक भारत में आर्थिक विकास पहले से काफी बेहतर हुई है।

इसके साथ ही भारत ने कई अन्य देशों को पछाड़कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन गया है, जो अब तीसरी बड़ी अर्थव्यस्था बनने की ओर अग्रसर है। केंद्र में लगातार तीसरी बार सत्ता में आई नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार द्वारा सुनिश्चित की गई राजनीतिक स्थिरता ने भी विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया है। केंद्र सरकार द्वारा आरबीआई को महंगाई का लक्ष्य तय करने का काम सौंपने और बजट घाटे को कम करने सहित देश में आर्थिक सुधारों को निरंतर लागू करने से भारतीय अर्थव्यवस्था काफी मजबूत हो गई है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की अर्थव्यवस्था 8 फीसदी की दर से बढ़ी है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे बड़े विदेशी मुद्रा भंडारों में शामिल है। आरबीआई रणनीतिक तरीका अपनाते हुए रुपये के मजबूत होने पर डॉलर खरीदता रहा है और रुपये के कमजोर होने पर इसे बेचता रहा है। इस उपाय से रुपये के मूल्य में व्यापक उतार-चढ़ाव को सुचारु करने में मदद मिलती है, जिससे इसकी स्थिरता में काफी योगदान मिलता है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 जून को समाप्त हफ्ते में 81.6 करोड़ डॉलर से बढ़कर 653.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जबकि 7 जून, 2024 को समाप्त हफ्ते में यह 655.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर था।

### रुपये के अंतरराष्ट्रीय उपयोग को बढ़ावा दे रहा भारत

भारत अपनी मुद्रा रुपये को मजबूत बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय उपयोग, विशेषकर व्यापार बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। रुपये की वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने से इसके मूल्य में और स्थिरता आ सकती है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भविष्य के प्रवाह को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के उद्देश्य से विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के लिए अपने उपकरणों को उन्नत कर रहा है। हालांकि, अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले सात पैसे मजबूत होकर 83.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा निवेश के बीच रुपये में तेजी रही है। इस तरह भारतीय रुपया का एशिया की सबसे अस्थिर मुद्राओं की बजाय सबसे स्थिर मुद्राओं में शामिल हो जाना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

**जीतन राम मांझी ने केवीआईसी संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की**

# मांझी ने खादी कारीगरों को समर्थन देने वाली योजनाओं को व्यापक बनाने पर दिया बल



**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) को बढ़ावा देने और खादी कारीगरों को समर्थन देने के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन पर केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से प्रयासों को गहन और व्यापक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने यहां केवीआईसी द्वारा देश में खादी एवं ग्रामोद्योग (केवीआई) क्षेत्र के विकास के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रदर्शन की समीक्षा की। इस अवसर पर एमएसएमई राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे, केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार के अलावा एमएसएमई मंत्रालय और केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग देश में खादी और ग्रामोद्योग से संबंधित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाली एक शीर्ष संस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य ₹ग्रामीण इलाकों में खादी एवं ग्रामोद्योगों की स्थापना और विकास करने के लिए योजना बनाना, प्रचार करना, सुविधाएं और सहायता प्रदान करना है।

## एक नजर

### जनता के हित से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिये सदैव रहेंगे तत्पर: राकेश



**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शुक्रवार को पश्चिम विधानसभा के गुप्तेश्वर वार्ड के राम मंदिर परिसर और गिरीराज किशोर कपूर वार्ड के भोले कुटी में जाकर विकास कार्यों को लेकर चौपाल की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रेम नगर में जल प्लावन की समस्या को लेकर जल्द ही ठोस कार्यवाही की जायेगी। जिससे आगामी समय में क्षेत्र के लोगों को जल प्लावन की समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि जितने भी विकास कार्यों के भूमिपूजन हो चुके है उनके टेंडर हो चुके है, अब शीघ्र ही वे कार्य शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हमारी ताकत है, इसलिये हर वार्ड में आकर कार्यकर्ता व आम जन से मिलकर उनकी समस्याओं के निराकरण का रास्ता निकाला जा रहा है।

### भूटानी शरणार्थी प्रकरण के प्रमुख अभियुक्त को गिरफ्तार कर भारत ने नेपाल को सौंपा



**काठमांडू।** नेपाल के हाई-प्रोफाइल नकली भूटानी शरणार्थी मामले के प्रमुख अभियुक्त को भारत में गिरफ्तार कर नेपाल को सौंपा गया है। नकली भूटानी शरणार्थी मामले में एक हाई-प्रोफाइल आरोपित बेचन झा को बीती रात भारत की बिहार पुलिस ने नेपाल के केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) के हवाले किया है। सीआईबी के प्रवक्ता हवीन्द्र बोगटी ने बताया कि हमारे अनुरोध पर बिहार पुलिस ने रक्सौल-बीरगंज सीमा पर बेचन झा का हस्तांतरण किया है। बेचन झा पर नकली भूटानी शरणार्थी को अमेरिका भेजने के मामले में प्रमुख भूमिका निभाने का आरोप है। उसकी निकटता नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा परिवार से है। भूटानी शरणार्थी मामले में पिछले चौबीस घंटे में यह दूसरी बड़ी गिरफ्तारी है। कल ही इस मामले में सीआईबी ने पूर्व गृहमंत्री रामबहादुर थापा के बेटे प्रतीक थापा को गिरफ्तार किया था। दोनों ही आरोपित को रविवार को कोर्ट में पेश कर उनकी रिमांड ली जाएगी।

### राजकोट : हीरासर हवाईअड्डे पर यात्री पैसेज की कैनोपी टूटी, बड़ा हादसा टला

**राजकोट।** राजकोट के हीरासर स्थित ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शनिवार सुबह यात्रियों के लिए बनी कैनोपी टूट गई। राजकोट में दो दिनों से तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। बताया गया कि इसी वजह से कैनोपी टूट गई। कैनोपी के नीचे किसी यात्री के नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। राजकोट हीरासर हवाईअड्डा के निदेशक दिगंत बहोरा ने बताया कि बारिश के कारण कैनोपी पर पानी जमा था, जिसके कारण यह टूट गई। दुर्घटना अस्थाई टर्मिनल के बाहर हुई है।

### बाउंसर की गोली मारकर हत्या

**गुरुग्राम।** बाइक सवार दो हमलावरों ने शुक्रवार की देर रात गांव उल्लावास में 25 वर्षीय बाउंसर युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। सेक्टर-65 पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। शनिवार को पुलिस प्रवक्ता के अनुसार हत्यारोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव कादरपुर निवासी अनुज बाउंसर का काम करता था। शुक्रवार की रात को वह गांव उल्लावास में था। इसी दौरान बाइक पर जोमैटो और ब्लिंकिट टी-शर्ट पहने दो युवक आए और उस पर गोलियां चला दीं। इससे पहले कि अनुज कुछ समझ पाता, उसे पांच गोलियां मार दी गई। गोली मारकर आरोपी मौके से भाग गए।

### सिलेंडर ले जा रहा ट्रक जैगन नदी में गिरा

**अल्मोड़ा।** रसोई गैस सिलेंडर ले जा रहा एक ट्रक सेराघाट क्षेत्र में जैगन नदी में गिर गया। इस दुर्घटना में ड्राइवर सहित दो की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार देर शाम की है। एलपीजी सिलेंडर लेकर हल्द्वानी से बेरीनाग की ओर जा रहा ट्रक संख्या-यूके 04 सीबी-3110 अल्मोड़ा-सेराघाट मोटर मार्ग पर मंगलता से आगे टानी के पास अचानक अनियंत्रित होकर जैगन नदी में गिर गया। ट्रक में लदे सभी सिलेंडर खाई व नदी में गिर गए। सूचना के बाद धौलछीना थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायल ट्रक ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति को बाहर निकाल सीएचसी धौलछीना पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शिमला।** ठियोग उपमण्डल में पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने एक नशा तस्कर को अफीम और करीब अढ़ाई लाख की नगदी के साथ पकड़ा है। पुलिस के स्पेशल सेल की टीम ढली, कुफरी, फागू और ठियोग क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक तस्कर नशे के सामान के साथ घूम रहा है। सूचना के आधार पर ठियोग के राहीघाट में पुलिस कर्मियों ने छापेमारी की।

## प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था सीएमएस में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

# शिक्षण कला में नये अनुसंधान की जरूरत: योगी

- छोटी-छोटी लोकोक्तियों के माध्यम से हमें शिक्षा को मनोरंजक बनाना होगा



**लखनऊ। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शिक्षकों का सम्मान देश की वर्तमान और भावी पीढ़ी का सम्मान है। बच्चों में मानवीय संवेदनाओं को जागृत करना ही एक शिक्षक का परम दायित्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षण कला में नये-नये अनुसंधान करने होंगे। विद्यार्थियों को उबाऊ कक्षाओं से उबारकर कैसे मनोरंजक शिक्षा की ओर ले जाया जा सकता है, शिक्षकों को इसका ध्यान रखना होगा। मुख्यमंत्री शनिवार को गोमती नगर विस्तार में स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था सीएमएस में शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने सीएमएस के संस्थापक डॉ जगदीश गांधी की स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने सीएमएस की संस्थापिका और चेयरमैन डॉ भारती गांधी की भी इस बात के लिए प्रशंसा की कि उन्होंने डॉ जगदीश गांधी जी के साथ अलीगढ़ से आकर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इस विशाल वटवृक्ष को रोपने का कार्य किया। कहा कि आज यह वटवृक्ष हजारों विद्यार्थियों को अपनी छाया प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ भारती गांधी ने सीएमएस को प्रदेश का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ जगदीश गांधी विपरीत परिस्थितियों में भी हार न मानने वाले व्यक्ति थे। सीएम ने डॉ जगदीश गांधी और अपने संबंधों की चर्चा भी की।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान हमारे वर्तमान और भावी जीवन का सम्मान है। जो देश के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं उनका सम्मान करना अपने आप में सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि शिक्षण व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान कठिन परिश्रम है। परिश्रम से ही हमें अंतःकरण की खुशी मिलती है। सीएम योगी ने अपने विद्यार्थी जीवन की भी चर्चा करते हुए कहा कि छोटी-छोटी लोकोक्तियों के माध्यम से हमें शिक्षा को मनोरंजक बनाना होगा। बच्चों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा, साथ ही उनकी क्षमताओं का भी ध्यान रखना होगा। बच्चों के साथ जबरदस्ती न हो, इसके लिए हमें धीरे-धीरे उन्हें प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएमएस के पास एक अनुभवी लीडरशिप है। हजारों परिवार अपने बच्चों को बेझिझक सीएमएस में भेजते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि यहां जो शिक्षा दी जाएगी वो उनके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि ये अच्छी बात है कि हम अपने बच्चों को आईएएस और आईपीएस बनाएं, मगर उससे भी ज्यादा जरूरी है कि हमारे बच्चे एक अच्छे राष्ट्रभक्त नागरिक बनें। हमें बच्चों में मानवीय संवेदनाओं को जागृत करना है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के लिए सीएमएस प्रबंध समिति का आभार जताया। साथ ही ये उम्मीद भी जताई कि सीएमएस से निकले छात्र-छात्राएं देश दुनिया में अपनी प्रतिभा का प्रभाव पैदा करेंगे। इस अवसर पर सीएमएस के शिक्षक-शिक्षिकाएं और प्रबंध समिति से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण में संलिप्त भ्रष्टाचारी अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी चले बुलडोजर : शांता



**पालमपुर। एजेंसी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराध के विरूद्ध बुलडोजर का नया उपयोग सबको बताया है और प्रदेश भी उसी प्रकार से अपराधियों के विरूद्ध बुलडोजर का उपयोग कर रहे हैं उन्होंने उन सबको बधाई दी है। शांता कुमार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि मुझे एक बात की हैरानी और चिन्ता है कि बुलडोजर चलने से नश्ट होनी वाली लाखों करोड़ों रू. की सम्पत्ति एक दिन में नही बनी। जब यह बन रही थी तो भी सरकार वहीं थी। किसी ने रोका क्यों नही। अवैध निर्माण यदि बनने से पहले ही रोक लिया जाए तो यह नौवत नही आयेगी। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा निर्माण होता रहा। सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारी भ्रश्टाचार से अपनी जेंबे भरते रहे आंखे बन्द रखी और कई वर्शो बाद अब उसी निर्माण को तोड़ा जा रहा हैं।

आखिर करोड़ों की राश्ट्रीय सम्पत्ति के नश्ट होने की जिम्मेबारी किसकी है। शांता कुमार ने योगी से प्रार्थना की है कि बुलडोजर से तोड़े जाने वाले अवैध निमार्ण के समय जो अधिकारी/ कर्मचारी भ्रश्टाचार के कारण आंखें बन्द करके देखते रहे उन्हें भी दण्डित किया जाना चाहिए। यदि सेवानिवृत हो गये हो तो भी उन्हें सजा मिलनी चाहिए। यह बुलडोजर केवल अवैध निर्माण पर ही नहीं बल्कि अवैध निर्माण होने देने वाले भ्रश्टचारी अधिकारियों/कर्मचारियों पर भी चलना चाहिए।

### भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुःखद : राहुल



**नई दिल्ली।** रायबरेली से सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लद्दाख त्रासदी में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। आज शनिवार 29 जून को सोशल मीडिया एक्स पर संवेदना व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा लद्दाख में टैंक से नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा सभी शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। दुख की इस घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं, उनका समर्पण, सेवा और बलिदान देश सदा याद रखेगा।

## जबलपुर: मिट्टी की उर्वरा क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं केंचुए



**जबलपुर। एजेंसी**

मिट्टी के महत्वपूर्ण जीवों में केंचुआ एक है। केंचुए में मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखने की क्षमता होती है। इसलिए मिट्टी की उर्वरा क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन्हें किसान का मित्र, खेत का हल चलाने वाला, धरती की आंत, पारिस्थिति के इंजीनियर और जैविक संकेतक के रूप में भी जाना जाता है। कृषि उपसंचालक रवि आम्रवंशी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि केंचुए किसानों के सच्चे मित्र और सहायक है। आम्रवंशी के मुताबिक भारत में कई जातियों के केंचुए पाये जाते हैं। इनमें से केवल दो ऐसे हैं जो आसानी से प्राप्त होते हैं। एक है फेरिटाइमा और दूसरा है यूटाइफियस। फेरिटाइमा पॉसथ्यूमा सारे भारत वर्ष में मिलता है। फेरिटाइमा की वर्म कास्टिंग मिट्टी की पृथक गोलियों के छोटे ढेर जैसी होती है और यूटाइफियस की कास्टिंग मिट्टी की उठी हुई रेखाओं के समान होती है। इनका मिट्टी खाने का ढंग लाभदायक है। ये भूमि को एक प्रकार से जोतकर किसानों के लिये उपजाऊ बनाते हैं। वर्मकास्टिंग की ऊपरी मिट्टी सूख जाती है, फिर बारीक हो कर भूमि की सतह पर फैल जाती है। इस तरह जहाँ केंचुए रहते हैं वहाँ की मिट्टी पोली हो जाती है, जिससे पानी और हवा भूमि के भीतर सुगमता से प्रवेश कर सकती है। इस प्रकार केंचुए हल के समान कार्य करते हैं।

कृषि उपसंचालक ने बताया कि एक एकड़ में लगभग 10 हजार से ऊपर केंचुए रहते हैं। ये केंचुए एक वर्ष में 14 से 18 टन या 400 से 500 मन मिट्टी भूमि के नीचे से लाकर सतह पर एकत्रित कर देते हैं। इससे भूमि की सतह 1/5 इंच ऊंची हो जाती है। यह मिट्टी केंचुओं के पाचन अंग से होकर आती है, इसलिये इसमें नाइट्रोजन युक्त पदार्थ भी मिल जाते हैं और यह खाद का कार्य करती है। इस प्रकार ये मनुष्य के लिये भूमि को उपजाऊ बनाते रहते हैं। आम्रवंशी ने कहा कि यदि इनको पूर्ण रूप से भूमि से हटा दिया जाये तो हमारे लिये समस्या उत्पन्न हो जायेगी। यह महत्वपूर्ण है कि मिट्टी में इन छोटे जीवों को किसी भी कीमत पर संरक्षित किया जाये ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ये मानव जाति को अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान करना जारी रखें।

## टेक्नोलॉजी और आधुनिक शिक्षा से बना रहे बच्चों का बेहतर भविष्य : संदीप सिंह



**लखनऊ। एजेंसी**

सर्वसमाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए योगी सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में हर एक विद्यालय तक अपनी पहुंच बनाई है। वर्ष 2017 की तुलना में आज के परिदृश्य में परिषदीय विद्यालयों की स्थिति में जमीन-आसमान का अंतर दिखने लगा है। सरकार और विभागीय प्रयासों से अब तक प्रदेश के लगभग 95 प्रतिशत विद्यालयों में 19 बिंदुओं पर होने वाले कार्य पूर्ण हो चुके हैं। सौ प्रतिशत के लक्ष्य को जल्दी ही प्राप्त कर लिया जायेगा। यह बातें प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने शनिवार को कहीं। लोकभवन सभागार में आयोजित बेहतर शिक्षा, उन्नत भविष्य कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का युग टेक्नोलॉजी का युग है। अपने बच्चों को टेक्नोलॉजी और आधुनिक शिक्षा से दूर रखकर उनके बेहतर भविष्य की कल्पना नहीं कर सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रदेश के सभी 02 लाख 09 हजार 863 विद्यालयों को दो-दो टेबलेट उपलब्ध करावाकर बच्चों की बेहतर पढ़ाई को सुनिश्चित करने का कार्य किया है।

बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए 880 आईसीटी लैब्स भी स्थापित हुए हैं। 18 हजार 381 परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना करने का कार्य भी पूर्ण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि उत्तर प्रदेश की शिक्षा को देश में प्रथम स्थान हासिल हो। इस संकल्प को पूरा करने की ओर उत्तर प्रदेश का बेसिक शिक्षा विभाग लगातार अग्रसर है। बेसिक शिक्षा व्यवस्था को हम मजबूत और सुदृढ़ बनाने का प्रयास जारी रखे हुए हैं। इस दौरान ड्रेस,जूता-मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग की खरीद के लिए एक छात्र-छात्रा के अभिभावक के बैंक अकाउंट में 12 सौ की धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण प्रक्रिया का शुभारंभ हुआ।

### पार्टी की जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाऊंगा : जितेन्द्र

**जालौन।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के हाईकमान ने 31 साल के युवा जितेंद्र दयालु पर अपना भरोसा जताते हुए जिलाध्यक्ष बनाया है। शनिवार को परिषद रोड स्थित आयोजित पत्रकार वार्ता में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहाकि हमारा जिला बहुजन समाज पार्टी का गढ़ रहा है। पहले की तरह ही जिले में शहर से लेकर गांवों तक बहुजन समाज पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेंगे। पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसको पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। जितेन्द्र दयालु ने कहा कि जिले में बहुजन समाज पार्टी हमेशा मजबूत रही है। अधिक मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता से संपर्क स्थापित कर उसकी बात को सुनेंगे। पार्टी नेताओं ने उनको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है उसको पूरा करेंगे। खुद भी कड़ी मेहनत करेंगे और कार्यकर्ताओं को भी प्रेरित करने का कार्य किया जाएगा। जल्दी ही नए सिरे से कार्यकारिणी का गठन कर उसका विस्तार होगा। युवा कार्यकताओं को विशेष तरजीह दी जाएगी, ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से जिले में बसपा का परचम पहर सके।

## महाराष्ट्र में वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थ दर्शन योजना शुरू करेंगे : शिंदे



**मुंबई। एजेंसी**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को विधानसभा में कहा कि राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू की जाएगी। इस योजना के लिए नियमावली तैयार करने के बाद इसके लिए अलग से निधि आवंटित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थयात्रा की इच्छा रहती है। बहुत से लोग जो समर्थ रहते हैं, उनके लिए यह मुश्किल नहीं रहता है। सूबे में ऐसे भी बहुत से लोग हैं, जो आर्थिक अड़चन की वजह से तीर्थयात्रा नहीं कर पाते हैं। इसीलिए राज्य सरकार ने इस योजना की घोषणा की है। इस योजना के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ स्थलों के दर्शन कराये जायेंगे।

विधानसभा में शिंदे समूह के विधायक प्रताप सरनाईक ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से यह प्रस्ताव लाया था। इस प्रस्ताव के माध्यम से प्रताप सरनाईक ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू करने की मांग की थी। इसी प्रस्ताव का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में किसानों, मजदूरों, श्रमिकों, कामगारों, महिलाओं, युवाओं के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थ स्थलों की यात्रा को आसान बनाने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शुरू की जा रही है। इस योजना को क्रमिक आधार पर ऑनलाइन आवेदन मंगाकर लागू किया जाएगा।

# अपराध पर रोक लगाने के लिए कार्रवाई की जाएगी: दीपक

**हिसार। एजेंसी**

- नशीले पदार्थों व साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी



जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा है कि पुलिस द्वारा संगठित अपराध पर रोक लगाने के लिए प्रभावशाली कार्रवाई की जाएगी। संगठित अपराध में लिप्त अपराधियों पर कमरतोड़ कार्रवाई की जाएगी तथा उनके सहयोगियों व गिरोह सहित पूरे आपराधिक तंत्र को पूर्णतया ध्वस्त किया जाएगा। यही नहीं, अपराधियों को सूचना व पनाह देने वालों के खिलाफ भी उदाहरणात्मतक कार्रवाई की जाएगी।

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण शुक्रवार देर सायं कार्यभार संभालने उपरांत अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक देर रात तक चली। उन्होंने कहा कि संगठित अपराध के साथ जिले में नशा उन्मूलन, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने सहित साइबर अपराध नियंत्रण करने तथा महिला विरुद्ध अपराध सहित सभी तरह के अपराधों पर रोक लगाने पर उनकी प्राथमिकता रहेगी।

नशीले पदार्थों व साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण तथा हिसार में सुगम यातायात बनाने के लिये भरकस प्रयास किए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने पुलिस लाइन स्थित आधिकारिक मेस में सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों और थाना प्रबंधकों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में कहा कि हिसार में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। जनता की गाढ़ी कमाई के टैक्स से हमारी तनख्वाह आती है। हमारी जिम्मेवारी है कि उनके जानमाल की रक्षा करें। कानून के दायरे में रहते हुए बदमाशों का खात्मा करें और गलत काम करने वालों को उनके अंजाम तक पहुंचाए। थाना या चौकी में आने वाले किसी भी आगंतुक से सभ्य तरीके से पेश आएं, भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं होगा, ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन में पुलिस उपस्थिति बढ़ाएं।

सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना और चौकी प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में प्रभावी गश्त कर जिले में होने वाली अवैध गतिविधियों की की रोकथाम सुनिश्चित करें। इससे पहले जिला करनाल से स्थानांतरित होकर आए नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण का पुलिस लाइन स्थित आधिकारिक मेस पहुचने पर पुलिस अधिकारियों ने स्वागत किया। सहायक पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार मोहन ने गुलदस्ता भेंट कर पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया।

## बीस साल से अधिक समय हो गया लेकिन काम पूरा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण : पौडेल

**काठमांडू। एजेंसी**

चीन की कंपनी की तरफ से काठमांडू रिंगरोड का निर्माण कार्य पूरा नहीं करने के विरोध में शुक्रवार को सांसद ने रिंगरोड पर पैदल मार्च किया। चीन सरकार के तरफ से बनाए जा रहे काठमांडू के रिंगरोड का निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं होने के कारण काठमांडू के सांसद प्रदीप पौडेल ने अपने समर्थकों के साथ पैदल मार्च किया। रिंगरोड का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने या काम छोड़ देने की मांग करते हुए यह पैदल मार्च किया गया है। मार्च के दौरान सांसद प्रदीप पौडेल ने कहा कि चीन सरकार को चाहिए कि या तो वो इस काम को पूरा करे अन्यथा नेपाल सरकार को अपने हाथ में यह काम ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रिंगरोड निर्माण का ठेका लिए हुए 20 साल से अधिक समय हो गया लेकिन अब तक इसका पूरा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। सड़क नहीं बनने से लोगों को परेशानी नहीं हो रही है।

सांसद प्रदीप पौडेल सहित कुछ अन्य सांसदों ने संसद में इस विषय को लेकर संकल्प प्रस्ताव दिया गया है। जिसमें सरकार से मांग की गई है कि या तो चीन तय समय सीमा पर यह काम पूरा करे या फिर नेपाल सरकार इस ठेका को रद्द कर खुद काम शुरू करें। जिसके बाद चीनी राजदूत छेन सोंग ने सांसद प्रदीप पौडेल से मुलाकात कर अपनी आपत्ति जताई थी।

### ऋतु खण्डूरी भूषण ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से की भेंट

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी भूषण ने नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। इस दौरान उन्होंने ओम बिरला को पुनः लोकसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनना ऐतिहासिक क्षण है। 17वीं लोकसभा में उनकी अध्यक्षता में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए जिन्हें सदैव संसदीय इतिहास भी याद रखेगा। लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती मिलने के साथ संसदीय मयार्दाओं का एक नूतन अध्याय रचा जाएगा। ओम बिरला की अध्यक्षता के दौरान देश को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की ओर से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ऐतिहासिक कदमों को मजबूती मिलेगी।

# राज्य में बढ़ती अव्यवस्था व भ्रष्टाचार के खिलाफ होगा हल्ला बोल : आजसू

संवाददाता

**पतरातू।** आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी ने पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। पार्टी नेताओं ने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं विभिन्न जनहित के मांगों को लेकर आगामी 2 जुलाई को पार्टी के द्वारा पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा। राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है, जनहित की योजनाएं धरातल पर नहीं हैं, राज्य में जमीन दाखिल - खारिज हेतू लाखों आवेदन लंबित हैं, अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है, मनरेगा का



भुगतान नहीं हो रहा, छात्र - छात्राओं को जाती एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा, किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर नहीं हुई है, प्रखंड सहित पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई हुई है, सरकारी कार्यालयों में कर्मियों की उपस्थिति नगण्य रहती है अथवा समय से नही रहती है जिससे दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों का काम समय पर नहीं हो पाता, सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है, पेंशनधारियों का पेंशन निर्बाध रूप से भुगतान नहीं किया जा रहा, राशन कार्ड एक्स धारियों को समय पर राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, राशन की कटौती की जा रही है, सैंकड़ों चापानल खराब पड़े हैं। ऐसी सैंकड़ों जनहित के मुद्दे पर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। जिसके आलोक में पार्टी के द्वारा राज्य स्तरीय हल्ला बोल कार्यक्रम किया जा रहा है। इस क्रम में आगामी 2 जुलाई 2024 को पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भी पार्टी के द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान लिखित मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा जायेगा। उक्त कार्यक्रम में सैंकड़ों कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगें। राज्य में विधि व्यवस्था ध्वस्त है। युवा रोजगार हेतू पलायन को मजबूर हैं। राज्य में बढ़ रही अव्यवस्था के खिलाफ आजसू पार्टी निर्णायक आंदोलन को तैयार है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, केंद्रीय सदस्य चंदन कुमार, केंद्रीय सदस्य अशोक सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, राहुल रंजन, जिला संगठन सचिव कौलेश्वर महतो, राजेश पटेल, प्रखंड उपाध्यक्ष टिकेश्वर महतो, जिला सह सचिव गणेश करमाली, प्रखंड आमंत्रित सदस्य धीरज चौधरी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को रजरप्पा थाना क्षेत्र के माइल के पास खान निरीक्षक ने पकड़ा

संवाददाता

**रामगढ़ ।** राज्य सरकार के रूप के बावजूद रामगढ़ जिला के रजरप्पा थाना क्षेत्र के शहीद रघुनाथ महतो चौक माइल के पास से औचक निरीक्षण के क्रम में रामगढ़ जिला के खान निरीक्षक राहुल कुमार ने रजरप्पा मंदिर की ओर से आ रहे तो बालू लदा हुआ ट्रैक्टर को देख कर चालक को रुकने का इशारा दिया,लेकिन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।खान निरीक्षक राहुल कुमार ने बताया कि जांच के क्रम में एक ट्रैक्टर संख्या के एच ओ सी एम 9218 मैं लगभग 100 घन फिट बालू लदा हुआ पाया गया। लेकिन ट्रैक्टर के अंदर बालू से लदा संबंधित परिवहन चालान नहीं पाया गया। दूसरा ट्रैक्टर में नंबर अंकित नहीं था लेकिन उस पर



100 घन फिट बालू लदा हुआ पाया गया। दोनों ट्रैक्टर के मालिक, अज्ञात चालकों एवं अज्ञात संलिप्त लोगों के मिली भगत से बालू घाट से बालू का उठाव कर परिवहन कार्य किया जाता रहा है। थाना ट्रैक्टर को थाना लाकर 10:30 बजे थाना प्रभारी को सुपुर्द कर दिया गया। इसमें शामिल लोगों के विरुद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की क्षति, राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के मानकों का उल्लंघन, खान एवं खनिज अधिनियम 1957 के धारा 4,21, नियम 54,2017 के नियम 9 एवं 13 तथा सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिक की दर्ज की गई। यह घटना 9:30 बजे 28 जून के सुबह की है।

## भाजपा ने की 6 से 15 जुलाई तक विजय अभिनंदन का कार्यक्रम की तैयारी

संवाददाता

**रामगढ़।** प्रदेश के निदेर्शानुसार भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला द्वारा एक वर्चुअल बैठक जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में दिन के 11बजे बुलाई गई।बैठक में जिला के प्रभारी शशि भूषण भगत विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला के उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री राजेंद्र कुशवाहा के द्वारा किया गया ।
बैठक में आगामी 6 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम तथा मन की बात कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया कि प्रत्येक शक्ति केंद्र के दो बूथों का चयन करना है। वहां मन की बात कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने के साथ-साथ अपनी मां के नाम साथ पौधा लगाते हुए एक साझा तस्वीर सरलऐप में पोस्ट करना है। तथा मंडल के कार्यक्रम संयोजक को भी उपलब्ध करा देने का निर्देश दिए गए । वर्चुअल बैठक में जिला के प्रभारी शशि भूषण भगत ने सभी मंडल अध्यक्षों से बूथ पुनरीक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सभी से प्रदेश द्वारा निर्धारित एक पेड़ मां के नाम तथा मन की बात कार्यक्रम की तस्वीर सरलएप में डाउन करने के साथ-साथ जिला और प्रदेश को भी उपलब्ध कराने की बात कही।

उन्होंने मतदाता सूची का क्रमबद्ध अध्ययन करते हुए छूटे हुए मतदाताओं का नाम सूचू में जोड़ने पर बल दिया। आगामी 6 जुलाई से 15 जुलाई तक विजय अभिनंदन का कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई।

सभी मंडल अध्यक्षों से स्थानीय समस्याओं को लेकर एक कार्यक्रम बनाने का निर्देश दिया। वर्चुअल बैठक में जिला के महामंत्री रंजन फौजी ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई सुझाव दिए।

## डीसी ने की जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का



निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार को योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न रेलवे साइडिंग का निरीक्षण कर नियम अनुसार खनिजो का परिवहन सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रेशर की जांच करने एवं बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। अवैध खनन अथवा परिवहन के विरुद्ध चलाए गए जांच अभियान के दौरान जप्त किए गए वाहनों एवं खनिज के विरुद्ध राज्यसात की कार्रवाई एवं नियम अनुसार नीलामी आदि के कार्रवाई को लेकर भी बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी,जिला परिवहन पदाधिकारी,जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, थाना प्रभारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## आदर्श उच्च विद्यालय लईयो में शिक्षक बहाली के लिए साक्षात्कार का आयोजन



संवाददाता

**लईयो ।** आदर्श उच्च विद्यालय लईयो ( स्थापनानुमति) में पूर्व में प्रकाशित पत्रांक संख्या एएचएस/02/24 25-01-2024 के आलोक में विद्यालय में विभिन्न विषयों के शिक्षक बहाली के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसमें अंग्रेजी विषय में चार, जीवविज्ञान में एक, शारीरिक शिक्षक में चार, कम्प्यूटर शिक्षक में एक अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में शामिल हुए। साक्षात्कार बोर्ड में प्रवेक्षक के रूप में जनता+2 उच्च विद्यालय चैनपुर के प्रधानाध्यापक रामलाल रजक, शिक्षक सुभाष प्रजापति, प्रधानाध्यापक जगरनाथ महतो, वरिष्ठ शिक्षक नरेश शर्मा विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, मुखिया मदन महतो, पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो,मंजूर अंसारी शामिल थे। साक्षात्कार बोर्ड ने अंतिम रूप से अंग्रेजी विषय के लिए पूजा कुमारी, शारीरिक शिक्षक के रूप में सूरज दास का चयन किया गया ।जीवविज्ञान एवं कम्प्यूटर शिक्षक के लिए एक- एक अभ्यर्थी शामिल होने के कारण इन दोनों विषयों में बहाली के लिए अतिरिक्त दो दिनों का समय साक्षात्कार बोर्ड के द्वारा दिया गया है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999